धनबाद, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण प्रतिपदा, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 94 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




### बैठक में इन्होंने की शिरकत

पूर्वी परिषद की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के अलावा ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन मौजूद थे. वहीं, झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह आदि अधिकारी भी शरीक थे. झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय चौधरी, पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, ओडिशा के उप मुख्यमंत्री पी परीदा अपने-अपने राज्य के दर्जनों अधिकारियों के साथ बैठक भाग लेने पहुंचे थे. बैठक में चार राज्य झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा व बिहार के प्रतिनिधि के अलावा अधिकारी शामिल थे.

## 27वीं बैठक : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पूर्वी क्षेत्रीय परिषद में जोरदार संबोधन

# बकाया कोल रॉयल्टी व मेट्रो सहित रखीं 31 मांगें

- हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत सभी अतिथियों का अंग वस्त्र, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक के मंच से राज्य की 31 प्रमुख मांगें केंद्र के समक्ष रखीं. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की. शहर के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोल कंपनियों से 1.40 लाख करोड़ रुपए की लंबित रॉयल्टी राशि की तत्काल वसूली, 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को 2500 प्रतिमाह सहायता देनेवाली मंईयां सम्मान योजना, ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना और रांची मेट्रो जैसी अधोसंरचना परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने की मांग उठाई.

मुख्यमंत्री ने विकास, सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय संतुलन पर जोर देते हुए झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की साझा विरासत की ओर इशारा किया और सहकारी संघवाद की भावना से आगे बढ़ने का आह्वान किया. बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत सभी अतिथियों का अंग वस्त्र, बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया.

### ये हैं हमारे झारखंडी संस्कार

सीएम हेमंत सोरेन की सादगी और विनम्रता की एक बार फिर राज्यभर में चर्चा हो रही है. अवसर था गृह मंत्री अमित शाह के रांची आगमन का. जिस भाव और सम्मान के साथ सीएम हेमंत सोरेन ने अमित शाह का स्वागत किया, उसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा और दिलों को छू लिया. जैसे ही अमित शाह होटल के भीतर प्रवेश कर रहे थे, हेमंत सोरेन ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया, फिर मुस्कान के साथ हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया.



### सीएम ने रखीं ये मांगें

- **पर्यटन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोर** : आदिवासी सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने का सुझाव, एमएसएमई के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती की बात. मंईयां सम्मान योजना के तहत 18-50 वर्ष की महिलाओं को 2500 रुपए मासिक सहायता देने की योजना का जिक्र.
- **खनन और राजस्व संबंधी मांगें** : कोल कंपनियों से 1.40 लाख करोड़ रुपए की बकाया राशि की शीघ्र वसूली. डीएमएफटी नीति में संशोधन और पीएसयू में स्थानीयों को प्राथमिकता देने की मांग. बंद पड़ी खदानों के सुरक्षित बंदीकरण पर जोर.
- **शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान** : ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए केंद्र से सहयोग की अपील. रिम्स-2 और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना में केंद्र सरकार से भागीदारी की उम्मीद. एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं में विस्तार और केंद्र की सहायता की मांग. कनेक्टिविटी और अधोसंरचना विकास पर फोकस
- साहिबगंज-रांची एक्सप्रेसवे और रांची मेट्रो परियोजना का प्रस्ताव. रेलवे नेटवर्क विस्तार और लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने की अपील. रामरेखा धाम को रामायण सर्किट और बौद्ध स्थलों को बौद्ध सर्किट से जोड़ने की मांग.
- **गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सहायता योजनाएं** : पीएम आवास और मनरेगा की मजदूरी दरें महंगाई के अनुरूप बढ़ाने का अनुरोध. पेंशन योजनाओं में केंद्र का अंशदान 1000 रुपए मासिक करने की अपील. गरीब परिवारों के लिए 15 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर देने की योजना.
- **पर्यावरण और जल प्रबंधन** : दामोदर नदी को नमामि गंगे योजना में शामिल करने की मांग. सिंचाई परियोजनाओं के लिए केंद्र से साझेदारी की अपेक्षा.
- **संविधानिक अधिकार और संघीय ढांचे पर चिंता** : सीबीए एक्ट में संशोधन का विरोध और खनन के बाद भूमि का नियंत्रण राज्य को देने की अपील. सीओएमएफईडी, होटल अशोक और अन्य संपत्तियों के बंटवारे पर नीति निर्धारण की जरूरत बताई.

### पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

## झारखंड नक्सवाद से लगभग मुक्त : शाह

**रांची ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की. अपने संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेनाओं ने अपनी वीरता, सटीकता और जांबाजी का अनुभव पूरी दुनिया को कराया है और उनके साहस और पराक्रम के लिए परिषद सेनाओं की वीरता के लिए सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करती है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जी ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए भारत का आतंकवाद के अंत का मजबूत इरादा पूरी दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किया है. शाह ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड की भूमि का बड़ा योगदान रहा है और इस भूमि से भगवान बिरसा मुंडा सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों ने आज़ादी के आंदोलनों का नेतृत्व किया है. उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत भक्ति, ज्ञान, संगीत, वैज्ञानिक अनुसंधान और क्रांति की भूमि है. शिक्षा के मूल आदर्श स्थापित करने में पूर्वी भारत का बहुत बड़ा योगदान रहा है.

उन्होंने कहा कि बैठक में मसंजौर बांध, तैयबपुर बराज और इंद्रपुरी जलाशय से संबंधित काफी समय से लंबित जटिल मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई. साथ ही, बिहार के विभाजन समय से ही लंबित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की संपत्तियों और देनदारियों के बिहार और झारखंड के बीच विभाजन से संबंधित मुद्दों पर भी गहन चर्चा हुई और इनके समाधान की दिशा में आपसी सहमति से निर्णायक कदम उठाए गए. शाह ने कहा, नक्सलवाद के विरुद्ध सभी राज्यों की एकजुटता और सुरक्षा बलों की बहादुरी से हमें अभूतपूर्व सफलता मिली और हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त कर के रहेंगे. बिहार, झारखंड और ओडिशा काफी हद तक नक्सलवाद से मुक्त हो गए हैं. 27वीं बैठक में राष्ट्रीय महत्त्व के मुद्दों पर भी चर्चा हुई. इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की जांच और इनके निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष कोर्ट का कार्यान्वयन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारिता के सुदृढीकरण सहित विभिन्न मुद्दे शामिल हैं.

### शाह लौटे दिल्ली, भाजपा नेताओं को भी दिए टिप्स



**रांची।** राजधानी रांची में गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शाम को दिल्ली लौट गए. इस दौरान एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. दिल्ली लौटने से पूर्व पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लेने के अलावा अमित शाह ने प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं से भी मुलाकात की. इस दौरान शाह ने उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश और टास्क भी दिए. हालांकि ये दिशा-निर्देश क्या हैं. इनके अभी जानकारी नहीं हो पायी है. शाह ने प्रदेश भाजपा के चार नेताओं से भी मुलाकात की. इनमें बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, चंपाई सोरेन और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल थे. लगभग एक घंटे की इस मुलाकात में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और राज्य सरकार के काम पर चर्चा हुई. शाह ने टिप्स भी दिए.

### ब्रीफ न्यूज

#### शशि थरूर ने अब आपातकाल पर कांग्रेस को घेरा



**एजेंसियां।** नयी दिल्ली
कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर अपनी ही पार्टी के खिलाफ खड़े हुए हैं. इस बार उन्होंने कांग्रेस को आपातकाल को लेकर घेरा है. उन्होंने कहा कि आपातकाल में अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर क्रूरता की गई. आपातकाल को भारत के इतिहास का महज काला अध्याय नहीं मानना चाहिए, बल्कि इसके सबक को पूरी तरह से समझना जरूरी है. उन्होंने आपातकाल में इंदिरा गांधी और संजय गांधी के कामों को लेकर सवाल उठाए. थरूर ने 25 जून 1975 और 21 मार्च 1977 के बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के काले युग को याद किया. उन्होंने कहा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास क्रूरता में बदल दिए गए. जिन्हें उचित नहीं ठहराया जा सकता. कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य शशि थरूर ने कहा कि इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया. यह आपातकाल का गलत उदाहरण बना.

#### हरियाणा में दो छात्रों ने प्रिंसिपल को मार डाला

**हिसार ।** हरियाणा के हिसार में छात्रों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया. यहां स्कूल में प्रिंसिपल ने बच्चों को बाल कटवा कर आने को कहा तो बच्चों ने प्रिंसिपल की चाकू मारकर हत्या कर दी. हांसी के एसपी ने बताया, नारनौंद के करतार मेमोरियल स्कूल के दो नाबालिग छात्रों ने गुस्से में आकर प्रिंसिपल की चाकू से हत्या कर दी. प्रिंसिपल ने बच्चों को बाल काट कर आने और अनुशासन बनाए रखने को कहा था. प्रिंसिपल के शव को पोस्टमार्टम के लिए हिसार भेज दिया गया है.

#### भारतीय नर्स को बचाने की आखिरी कोशिश

**नयी दिल्ली।** यमन में मौत की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को बचाने की आखिरी कोशिश शुरू हो गई है. दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने निमिषा को बचाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने की मंजूरी दे दी है. निमिषा को यमन में यमनी नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जा सकती है. जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को 14 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है.

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर अंधाधुंध फायरिंग

- खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली जिम्मेदारी

**एजेंसियां। ब्रिटिश कोलंबिया**



मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा वाले कैप्स कैफे पर बुधवार रात ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोलीबारी की गई. ये कैफे कपिल ने हाल ही में खोला है. कैफे पर लगातार कई राउंड फायर की गई. हालांकि इसमें किसी के घायल होने की खबर सामने नहीं आई है. फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. सोशल मीडिया पर इस हमले का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें साफ दिख रहा है कि एक शख्स रात के अंधेरे में कैफे पर फायरिंग कर रहा है. ये शख्स कार में बैठकर अंधाधुंध फायरिंग करता दिखा है.

अब इस मामले में मोस्ट वॉन्टेड खालिस्तानी आतंकी का नाम सामने आया है. खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है. हरजीत सिंह लड्डी ने कपिल शर्मा के किसी पुराने बयान की वजह से ये हमला कराया है. हरजीत सिंह लड्डी एनआईए की मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों की लिस्ट में है. वो बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है.

इस मामले में फिलहाल कपिल शर्मा या उनकी टीम की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है. हालांकि, पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी हुई हैं. पुलिस के मुताबिक, कपिल के कैफ पर कई राउंड गोलीबारी हुई है. कैफे में गोलियों के निशान हैं. इलाके को सील कर दिया गया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

## सुप्रीम आदेश : बिहार में जारी रहेगा वोटर लिस्ट का रिवीजन, कहा-

# आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड को करें शामिल

### कोर्ट की अहम बातें

- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार में मतदाता सूची के लिए लोगों के आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करने को कहा.
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जो 'लोकतंत्र और वोट देने की शक्ति की जड़' तक जाता है.
- शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों मतदाता सूची को संशोधित करने का अधिकार, इसके लिए अपनाई गई प्रक्रिया और इस प्रक्रिया की टाइमिंग को लेकर जवाब देने को कहा गया है.
- न्यायालय ने राज्य में नागरिकता साबित करने के लिए आवश्यक 11 सूचीबद्ध दस्तावेजों में आधार को शामिल न किए जाने पर चिंता जताई.

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने एसआईआर पर रोक लगाने से इनकार कर दिया. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट के रिवीजन में आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को शामिल किया जाए. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संवैधानिक संस्था के काम पर रोक नहीं लगा सकते हैं. जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग को राहत दी. कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची की जांच लोकतांत्रिक कार्य है. इस पर रोक नहीं लगा सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में चुनाव आयोग को जवाब दाखिल करने को कहा है. शीर्ष अदालत अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी.

### असली दिक्कत समय को लेकर है



इससे पहले जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने पर चुनाव आयोग ने कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि आप मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में नागरिकता के मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? यह गृह मंत्रालय का अधिकार क्षेत्र है. अगर आपको पुनरीक्षण के जरिये नागरिकता की जांच करनी थी तो आपको यह पहले करना चाहिए था. इसमें अब बहुत देर हो चुकी है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परेशानी पुनरीक्षण प्रक्रिया से नहीं है. बल्कि दिक्कत इसके लिए चुने गए समय से है.

**तीन मुद्दों पर मांगा जवाब :** सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है. याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं. इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है.

**पुनरीक्षण को बिहार चुनाव से क्यों जोड़ रहे :** जस्टिस बागची ने आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरे देश के चुनाव से स्वतंत्र हो सकती है. इस पर वकील ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा. सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा.

**मतदाताओं के बिना चुनाव आयोग का अस्तित्व नहीं :** आयोग ने कोर्ट को बताया कि वह एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है. हम किसी को भी सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखते हैं और न ही कर सकते, जब तक कि हमें क़ानून द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए. हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते.

# देवघर में श्रावणी मेले का रंगारंग उद्घाटन

## मंत्री दीपिका, सुदिव्य सोनू, संजय यादव, सुरेश पासवान रहे मौजूद



**शुभम संदेश। रांची/देवघर**

देवघर में विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेले का दुम्मा में गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ. प्रवेश द्वार दुम्मा में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव के संयुक्त रूप से श्रावणी मेले का उद्घाटन किया. समारोह में मंत्री हफीजुल हसन, सांसद निशिकांत दुबे, नलिन सोरेन, विधायक सरेश पासवान, उदय शंकर, देवेंद्र कुंवर और जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी समेत अन्य मौजूद रहे. राजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई से 9 अगस्त तक एक माह चलेगा. उद्घाटन समारोह में पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा, कांवड़ियों की सेवा, शिव सेवा के समान है. उन्होंने घोषणा की कि अगले वर्ष के श्रावणी मेले तक दुम्मा से बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक एक कांवड़िया फ्लाईओवर बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सड़क पार करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी. मंत्री दीपिका ने कहा कि श्रावण मास की इस पावन बेला में गूंजते जयकारे, शिवभक्तों की अटूट आस्था और बाबा भोलेनाथ की कृपा से मन पूरी तरह भक्ति में रम गया. शेष पेज 11 पर

### एक महीने तक स्पर्श पूजा बंद

श्रावणी मेले में हर साल देश-विदेश से 60 से 70 लाख श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए पहुंचते हैं. इस बार भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है. झारखंड सरकार और जिला प्रशासन ने मेले को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं. खास बात यह है कि इस बार श्रावण मास के दौरान बाबा मंदिर में वीआईपी, वीवीआईपी दर्शन की सुविधा पर पूरी तरह से रोक लगा दी है. मेले के दौरान एक माह तक स्पर्श पूजा बंद रहेगी और श्रद्धालु अरघा के माध्यम से बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण करेंगे. साथ ही मेले की निगरानी के लिए पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा.

### बासुकीनाथ यात्रा के लिए सीधी बस सेवा

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार बड़ा बदलाव करते हुए बाबा मंदिर के पास से ही बासुकीनाथ जाने के लिए सीधी बस सेवा की शुरुआत की गई है. अब श्रद्धालुओं को स्टेशन या बस स्टैंड जाने की आवश्यकता नहीं होगी. इस सेवा के लिए प्रशासन द्वारा विशेष रूट और पास निर्धारित किए गए हैं.

# पूर्व मंत्री ददई दुबे का निधन

### धनबाद से चुने गए सांसद और बिश्रामपुर से चार बार बने थे विधायक

**शुभम संदेश। पलामू**

पूर्व मंत्री सह धनबाद के पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का निधन हो गया है. चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में चल रहा था. गुरुवार को उनका निधन हो गया. चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के पोते प्रभात कुमार दुबे उर्फ बड़ू दुबे ने बताया वे पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे, उनका निधन हो गया है. वहीं कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने बताया कि ददई दुबे का निधन राजनीति के क्षेत्र में बड़ी क्षति है. सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बेहद ही दुखी हैं. अभी कुछ दिनों पहले ही झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बीमार



चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे से दिल्ली अस्पताल में मुलाकात की थी. इस दौरान राजेश ठाकुर ने उनका हाल-चाल जाना था. दुबई दुबे झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री रह चुके हैं, जबकि धनबाद से सांसद भी चुने गए थे. पलामू के बिश्रामपुर विधानसभा सीट से चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे चार बार विधायक रह चुके थे. ददई दुबे गढ़वा के कंडी के इलाके के रहने वाले थे. उनका जन्म 2 जनवरी 1946 को हुआ था. ददई दुबे ने 1970 में राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा था और पहली बार मुखिया चुने गए थे. 1985 में चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे पहली बार पलामू के बिश्रामपुर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे. अविभाजित बिहार में 2000 में राबड़ी देवी के मंत्रिमंडल में दुबई दुबे श्रम एवं रोजगार मंत्री बने. 2014 में ददई दुबे झारखंड के धनबाद से संसद का चुनाव जीते थे. ददई दुबे 1977 में भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस से पहली बार जुड़े थे. भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के बड़े नेताओं में से ददई दुबे शामिल थे. ददई दुबे पलामू के बिश्रामपुर विधानसभा सीट से 1985, 1990, 2000 और 2009 में विधायक का चुनाव जीते थे. मिली जानकारी के अनुसार ददई दुबे का पार्थिव शरीर दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय ले जाया जाएगा. उसके बाद रांची कांग्रेस कार्यालय लाया जाएगा. गढ़वा में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा.

## राज्यभर के पुलिसकर्मियों में दिखा उत्साह, कई चरणों में संपन्न हुआ मतदान

# कर्ण सिंह बने झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष और रमेश उरांव प्रदेश महामंत्री

शुभम संदेश। रांची

झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का महाधिवेशन और केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. राज्यभर के पुलिसकर्मियों में इस चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा गया. पांच दिवसीय चुनाव प्रक्रिया के तहत 5 जुलाई से 9 जुलाई तक धनबाद पुलिस लाइन में मतदान कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया. चुनाव में कर्ण कुमार सिंह को प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया. उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करते हुए यह



प्रतिष्ठित पद हासिल किया. उनके साथ रमेश उरांव की टीम को भी जीत मिली है, जिन्हें व्यापक समर्थन मिला. चुनाव में अन्य प्रमुख पदों पर भी नए पदाधिकारियों का चयन किया गया. प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर सबीलुर्रहमान खां, संजय राम, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो और प्रदीप टोप्पो निर्वाचित हुए. प्रदेश महामंत्री के रूप में रमेश उरांव को चुना गया, जबकि संगठन महामंत्री का पद अमित तिवारी को मिला है. वहीं, प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी स्टीफन सोरेन को दी गई है. संयुक्त महामंत्री पद पर सच्चिदानंद राय, उपेंद्र नाथ मिश्रा, अविनाश कुमार राय, गाब्रियल सोरेन और अजय कुमार सिंह का चयन हुआ है. सहायक महामंत्री के रूप में नंद किशोर शर्मा, उपेंद्र कुमार पांडे, सरफराज खां, निर्भय राज और जुगल मुंडा को चुना गया है. चुनाव में विजयी सभी पदाधिकारियों को एसोसिएशन के सदस्यों और सहयोगियों ने शुभकामनाएं दी हैं और संगठन को मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा जताई है.

### निर्वाचित पदधारी

- प्रांतीय अध्यक्ष : कर्ण कुमार सिंह
- प्रांतीय उपाध्यक्ष : सईदुल रहमान खां, संजय राम, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो, प्रदीप टोप्पो।
- प्रदेश महामंत्री : रमेश उरांव
- प्रदेश संगठन महामंत्री : अमित तिवारी
- प्रदेश कोषाध्यक्ष : स्टीफन सोरेन
- प्रदेश संयुक्त महामंत्री : सच्चिदानंद राय, उपेन्द्रनाथ मिश्रा, अविनाश कृष्ण राय, गाब्रियल सोरेन, अजय कृष्ण सिंह, नन्द किशोर शर्मा, उपेन्द्र कृष्ण पाण्डेय
- सहायक महामंत्री : सरफराज खां, निर्मल राज, जुगल मुंडा

## संविधान देश की आत्मा, इसके साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : बंधु



शुभम संदेश। रांची

संविधान देश की आत्म है और इसके साथ छेड़छाड़ या कमजोर करने की कोशिश लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा होगा. ये बातें गुरुवार को रांची के लापुंग में दलित जागो-संविधान बचाओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कही. दलित जागो-संविधान बचाओ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लापुंग प्रखंड के दलित समाज के लोग शामिल हुए.

इस मौके पर दलित समाज के लोगों ने संविधान बचाने का संकल्प लिया. बंधु ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार और आरएसएस संविधान को कमजोर करने का षडयंत्र रच रहे हैं. ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को इस राजनीतिक षडयंत्र को समझने की जरूरत है. खास कर दलित समाज को आगे बढ़ कर बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के संविधान के तहत दी गई शक्तियों को बचाने के लिए संघर्ष के मैदान में उतरना होगा. अगर देश में संविधान नहीं बचेगा तो पड़हा व्यवस्था से लेकर ग्राम सभा का अधिकार भी छिन जाएगा. संविधान के तहत ही देश के हर एक नागरिक को बोलने, खाने, पहनने की तक आजादी है. लेकिन भाजपा और आरएसएस के लोग अपने औद्योगिक मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए संविधान को बदलने और कमजोर करने में लगी है. आज ऐसे लोगों को अपने गांव - अपने समाज में पहचानने और उनका विरोध करने की जरूरत है. कार्यक्रम में कृष्णा नायक, बंधु नायक, खीदू नायक, आशा देवी, शोभा कुमारी, महात्मा राम, प्रकाश राम सुमन देवी, लखु नायक सहित अन्य मौजूद थे.

## अब नवी मुंबई में भी बनेगा झारखंड भवन

- 136 करोड़ की लागत से 2 साल में बनकर होगा तैयार

**रांची।** झारखंड सरकार अब मुंबई में भी अपने राज्य का प्रतिनिधि भवन बनाने जा रही है. दिल्ली के बाद अब नवी मुंबई के वाशी इलाके में झारखंड भवन का निर्माण कराया जाएगा. इस परियोजना पर करीब 136 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा और इसमें राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा विशेष अतिथियों के ठहरने की पूरी व्यवस्था होगी. भवन निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं लगभग पूरी कर ली गई हैं. अब सिर्फ टेंडर फाइनल करना बाकी है. टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा और 2 साल के भीतर यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा. भवन के लिए वाशी के सेक्टर 30ए में प्लॉट नंबर 2सी पर 63.65 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराई गई है. इस भवन में बेसमेंट से लेकर सातवीं मंजिल तक कई आधुनिक सुविधाएं होंगी. बेसमेंट में 27 कार और 137 बाइक की पार्किंग होगी. ग्राउंड फ्लोर में डाइनिंग हॉल, किचन, जिम, लॉकर रूम, वीआईपी लाउंज होगा. पहली मंजिल में वीआईपी वेटिंग एरिया, सेमिनार हॉल, एग्जिबिशन हॉल, दूसरी मंजिल में रेसिडेंट सेक्रेटरी का चेंबर, मीटिंग रूम, लाउंज, तीसरी व चौथी मंजिल में 10-10 डॉरमेट्री (प्रत्येक में 57 बेड), पांचवीं मंजिल में 19 डिलक्स कमरे (विशेष अतिथियों के लिए), छठी मंजिल में 9 एक्जीक्युटिव रूम (अति विशिष्ट मेहमानों के लिए) और सातवीं मंजिल में मुख्यमंत्री व राज्यपाल के ठहरने की व्यवस्था होगी. 2 मास्टर बेडरूम, मीटिंग रूम, डाइनिंग एरिया, लिविंग रूम भी बनाए जाएंगे. मुंबई में रहने या इलाज, पढ़ाई, नौकरी या सरकारी काम से जाने वाले झारखंड के लोगों को इस भवन से बड़ा फायदा मिलेगा. इसके साथ ही राज्य के प्रतिनिधियों, मंत्रियों और अधिकारियों को भी सुविधाजनक आवास मिल सकेगा.

## श्रावणी मेले में पहली बार होगा ड्रोन शो, 5 किमी के दायरे तक दिखेगा रंग-बिरंगा नजारा

# बाबा बैद्यनाथ धाम में हर शाम आकाश में दिखेगा 'ॐ', त्रिशूल और शिवलिंग

- भक्तों को मिलेगा अनोखा आध्यात्मिक अनुभव

शुभम संदेश। रांची/देवघर



विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला इस बार पहले से कहीं अधिक भव्य और आकर्षक होने जा रहा है. बाबा बैद्यनाथ धाम में इस धार्मिक आयोजन में इस बार इतिहास में पहली बार ड्रोन शो का आयोजन किया जा रहा है. यह तकनीकी नवाचार श्रद्धालुओं के लिए एक अद्वितीय और यादगार अनुभव बनकर सामने आएगा. प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा मिलकर किए जा रहे इस प्रयास ने भक्तों में खासा उत्साह पैदा कर दिया है.

**ड्रोन शो हर रोज शाम 7:30 बजे के बाद :** ड्रोन शो हर रोज शाम 7:30 बजे के बाद आयोजित किया जाएगा और इसे बाबा मंदिर परिसर के आसपास करीब 5 किलोमीटर के दायरे तक आसानी से देखा जा सकेगा. शो के दौरान सैकड़ों ड्रोन आसमान में उड़ान भरते हुए धार्मिक और सांस्कृतिक आकृतियां बनाएंगे, जो कि प्रकाश और ध्वनि का अद्भुत संगम होगा.इस शो में 'ॐ', त्रिशूल, शिवलिंग, गंगा की धारा, बाबा बैद्यनाथ मंदिर की आकृति और भारत की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी झलकियां पेश की जाएंगी. इन आकृतियों को खास धार्मिक संगीत और साउंड इफेक्ट्स के साथ लाइट शो के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा. इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को एक संपूर्ण आध्यात्मिक और भावनात्मक जुड़ाव प्रदान करना है.

श्रावणी मेला, जिसमें लाखों श्रद्धालु कांवर यात्रा के बाद बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करने आते हैं, इस बार तकनीक और श्रद्धा का संगम बनकर उभर रहा है. ड्रोन शो और अन्य व्यवस्थाओं के माध्यम से यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता और आधुनिकता का भी प्रतीक साबित होगा.

**रात्रिकालीन नजारा अत्यंत मनोहारी होगा:** श्रावणी मेले के दौरान बाबाधाम को भी विशेष रूप से सजाया गया है. मंदिर परिसर और आस-पास के इलाके को रंग-बिरंगी लाइट्स से सजाया गया है, जिससे रात्रिकालीन नजारा अत्यंत मनोहारी होगा. रात्रि में बाबा धाम का यह रूप भक्तों के लिए किसी दिव्य अनुभव से कम नहीं है.

### सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम से निगरानी

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन ने इस बार कई ठोस कदम उठाए हैं. मेला क्षेत्र में चिकित्सा सेवा, पेयजल, ट्रैफिक प्रबंधन, साफ-सफाई और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है. इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है. प्रशासन का दावा है कि इस बार का मेला अब तक का सबसे व्यवस्थित और सुरक्षित होगा.

**आस्था :** इस बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भी जुड़ा रहेगा बाबा धाम

## श्रावणी मेले में पहली बार चैटबोट ऐप से होगी श्रद्धालुओं की मदद

शुभम संदेश। रांची

देवघर श्रावणी मेले में इस बार बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को तकनीक का सहारा मिलेगा. झारखंड सरकार और देवघर जिला प्रशासन ने पहली बार मेले में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित चैटबोट ऐप की शुरुआत करने का फैसला लिया है, जो न सिर्फ भक्तों को मेला संबंधी सूचनाएं देगा बल्कि बाबा मंदिर, परिवहन, अस्पताल, ठहराव और अन्य जरूरी सेवाओं की जानकारी भी एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा.

देवघर के जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय पराशर के मुताबिक, चैटबोट ऐप को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं. ऐप के टेस्टिंग की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी. यह व्यवस्था पहली बार लागू हो रही है, और इसका उद्देश्य है, श्रद्धालुओं की सुविधा को आधुनिक तकनीक से जोड़ना.




**51 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना :** श्रावणी मेले की शुरुआत इस बार 11 जुलाई से हो रही है और करीब 51 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है. इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने साफ-सफाई, ट्रैफिक कंट्रोल, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा और यातायात की व्यवस्थाओं के साथ-साथ डिजिटल मदद पर भी जोर दिया है. चैटबोट ऐप को डाउनलोड करने के लिए एक लिंक तैयार किया गया है, जिसे जिला प्रशासन की वेबसाइट, सोशल मीडिया या एसएमएस के ज़रिए साझा किया जाएगा. इसके माध्यम से श्रद्धालु देवघर का इतिहास, बाबा मंदिर की जानकारी, मेला मार्गदर्शन, स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट, अस्पताल, विश्राम स्थल आदि की लोकेशन जान सकेंगे। जरूरत पड़ने पर श्रद्धालु सीधे ऐप के जरिए प्रशासन से संपर्क भी कर सकेंगे.

### मेले में पहली बार डिजिटल संपर्क सुविधा

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के अनुसार, यह चैटबोट ऐप प्रशासन और श्रद्धालुओं के बीच सीधा डिजिटल संपर्क स्थापित करेगा. इससे किसी भी आपात स्थिति या सामान्य सहायता के लिए भक्त तुरंत सही सूचना प्राप्त कर सकेंगे. श्रावणी मेले को इस बार अधिक समावेशी और स्मार्ट बनाने के लिए प्रशासन ने एआई और तकनीक के इस्तेमाल को प्राथमिकता दी है. श्रद्धालुओं को जल्द ही इस ऐप का लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे बाबा धाम की यात्रा अब पहले से कहीं ज्यादा सहज, सुव्यवस्थित और डिजिटल अनुभव वाली होगी.

## एक नजर



### राज्यमंत्री संजय सेठ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मिलकर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं. सेठ ने कहा, आपका जीवन और आपके कार्य, हर कार्यकर्ता और देशवासी के लिए अनुकरणीय हैं. ईश्वर से आपके आरोग्यपूर्ण दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं.

### केंद्र और राज्य के बीच संवाद का मंच है पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक : विजय नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि रांची में हो रही पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है. नायक ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि यह न केवल केंद्र और राज्य के बीच संवाद का मंच है, बल्कि झारखंड को अपनी अनूठी संभावनाओं और चुनौतियों को राष्ट्रीय पटल पर रखने का मौका भी है. इस बार, झारखंड को पारंपरिक मांगों जैसे बकाया राशि या संपत्ति बंटवारे से आगे बढ़कर उन अनछुए पहलुओं को उठाना चाहिए जो न केवल राज्य की सरकार के दिमाग से परे हैं, बल्कि दीर्घकालिक और समावेशी विकास का खाका भी खींचते हैं. ये पहल आदिवासी गौरव, पर्यावरण संरक्षण और युवा सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर झारखंड को एक नई पहचान दे सकते हैं.

### आपदा कार्यों में कोताही नहीं करेंगे बर्दाश्तः मंत्री



**रांची।** बीते कई दिनों से लगातार हो रही बारिश को लेकर मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने गुरुवार को आपदा प्रबंधन विभाग की आपात बैठक बुलायी. मौके पर मंत्री ने सभी अधिकारी पदाधिकारियों से कहा कि कई जगह बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है. आपदा के राहत कार्य करने में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. राहत कार्यों में पदाधिकारी अपने विवेक का इस्तेमाल कर तत्काल लोगों को राहत पहुंचाएं. उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में विगत कई दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है. भारी बारिश के चलते अनेक क्षेत्रों में जलजमाव, आवागमन में बाधा, मकानों और फसलों को नुकसान जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं. यह स्थिति राज्य के नागरिकों के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभरी है. इसलिए कार्यों को गति देने की आवश्यकता है. मंत्री ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क, संवेदनशील और प्रतिबद्ध है. बारिश से हो रही क्षति को देखते हुए राज्यवासियों को हुए नुकसान की भरपाई पहुंचाई जाए. उन्होंने जनता से अफवाहों से बचने और सतर्क रहने की अपील की. साथ ही कई दिशा-निर्देश दिया.

## अब नहीं चलेगा पुराना खेलः ऑडिट खत्म, शराब दुकानें चालू!

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में खुदरा शराब दुकानों के ऑडिट का कार्य अंतिम चरण में है. राज्य की 1295 दुकानों का ऑडिट पूरा हो चुका है और इन दुकानों का हैंडओवर-टेकओवर भी झारखंड स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) द्वारा कर लिया गया है. इनमें से 285 दुकानों में शराब की बिक्री शुरू हो चुकी है. राज्य में कुल 1453 खुदरा शराब दुकानें हैं. एक जुलाई से शुरू हुआ ऑडिट कार्य पहले 5 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य था, जिसे अब बढ़ाकर 10 जुलाई तक कर दिया गया है. गुरुवार तक शेष सभी दुकानों का



ऑडिट पूरा कर लेने की योजना है.

**अगले हफ्ते तक सभी दुकानें होंगी चालूः** ऑडिट और टेकओवर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले सप्ताह तक राज्य की सभी शराब दुकानें संचालित होने लगेंगी. 30 जून तक इन दुकानों का संचालन प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से किया जा रहा था, लेकिन अब जेएसबीसीएल खुद निगरानी में संचालन कर रहा है.

**नई उत्पाद नीति अगले माह से लागू :** राज्य सरकार से नई उत्पाद नीति को मंजूरी मिल चुकी है. इसके तहतः

- लॉटरी प्रणाली के माध्यम से दुकानों का आवंटन किया जाएगा
- जब तक नई नीति लागू नहीं होती, तब तक जेएसबीसीएल के जरिए संचालन जारी रहेगा
- दुकान आवंटन के लिए सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया गया है
- जिला स्तर पर इसका टेस्टिंग और ट्रायल भी सफलतापूर्वक हो चुका है
- अगले महीने के अंत तक नई नीति लागू होने की संभावना है

**सेल्समैन और सुरक्षा व्यवस्था**

- इन दुकानों में पहले से कार्यरत सेल्समैन, जिन पर कोई आरोप नहीं है, उन्हें फिर से ड्यूटी पर रखा गया है.
- प्रत्येक दुकान पर 2–3 सेल्समैन को दैनिक मानदेय पर रखा जा रहा है
- विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए होमगार्ड के जवानों की तैनाती भी की जा रही है

झारखंड में शराब दुकानों के संचालन को लेकर तेजी से काम हो रहा है. राज्य सरकार की नई नीति से पारदर्शिता और नियंत्रण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं जेएसबीसीएल की निगरानी में बिक्री व्यवस्था को और अधिक संगठित किया जा रहा है.

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज कई अहम फैसलों पर लगेगी मुहर

शुभम संदेश। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार 11 जुलाई को मंत्रिपरिषद की अहम बैठक बुलाई गई है. यह बैठक दोपहर 2 बजे झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा इस बैठक की जानकारी दी गई है. बता दें कि बुधवार को ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली से लौट चुके है. गुरुवार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक में सीएम शामिल हुए. वहीं शुक्रवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में भी शामिल होंगे. सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की तिथि पर निर्णय लिया जा सकता है. साथ ही, पिछले वर्ष उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ परीक्षा के दौरान हुई अभ्यर्थियों की मौत और परीक्षा रद्द होने के बाद अब उसे दोबारा शुरू करने का निर्णय भी लिया जा सकता है. इसके अलावा मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना को लेकर भी अहम निर्णय की उम्मीद है, जिससे लाखों महिलाओं को इसका लाभ मिलने का रास्ता साफ हो सकता है. ध्यान रहे कि पिछली कैबिनेट बैठक में सरकार ने कुल 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी थी, इसे देखते हुए इस बार भी कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसले लिए जा सकते हैं.

**कार्यक्रम** पार्टी प्रभारी ने किया गिरडीह में कांग्रेस भवन का उद्घाटन

## देशवासियों का विश्वास कांग्रेस की और लौट रहा वापसः के राजू

शुभम संदेश। रांची/गिरिडीह

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नव निर्मित नये गिरिडीह जिला कांग्रेस भवन राजीव भवन का उद्घाटन गुरुवार को गुरुपूर्णिमा के पावन मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू ने किया. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश , मंत्री डा इरफान अंसारी, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश प्रमुख राजेश ठाकुर, पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री सुवोध कांत सहाय सहित अन्य मौजूद थे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का गिरिडीह इलाके में गौरम इतिहास रहा है. उन्होंने कहा कि पुनः देशवासियों का विश्वास कांग्रेस की



ओर वापस लौट रहा है. प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो ने कहा कि राहुल गांधी पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में काफी गंभीर हैं. इसका लाभ पार्टी संगठन को प्राप्त हो रहा है. स्वास्थ मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि गिरिडीह जिला कांग्रेस पार्टी का जुडाव आमजन से रहा है. यही कारण है कि नये भवन का नामकरण राजीव भवन रखा गया है. कार्यक्रम को पार्टी के वरिष्ठ नेता सुवोध कांत सहाय, पूर्व प्रदेश प्रमुख राजेश ठाकुर, विधायक स्वेता सिंह, पूर्व विधायक जेपी भाई पटेल सहित अन्य पार्टी नेताओं ने भी संबोधित किया. पार्टी नेताओं ने कहा कि एक समय इलाके में कांग्रेस के सांसद और विधायक हुआ करते थे, लेकिन कुछ कमियों के कारण राज्य में गठबंधन किया जाता रहा है. उन्होंने उम्मीद जतायी की पार्टी प्रमुख राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी अपने पुराने जनाधार की ओर वापस बढ़ रही है. जिसमें पार्टी के छोटे - बड़े सभी कार्यकर्ता ईमानदारी से मेहनत कर रहे हैं. कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष धनन्जय सिंह, सतीश केडिया, उपेन्द्र सिंह, अशोक विश्वकर्मा, अजय सिन्हा, मदन विश्वकर्मा, महमूद अली खान, बलराम यादव, अमित सिन्हा, रिषीकेश मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

**जेएसएससी ने जारी की अधिसूचना**

## झारखंड में 3181 एएनएम पदों पर होगी भर्ती

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के 3181 पदों पर भर्ती की जाएगी. इसमें 3020 नियमित पद और 161 बैकलॉग पद शामिल हैं. इसके लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है.

**जिलावार रिक्त पदों की जानकारी**

- रांचीः 245 पद
- पश्चिमी सिंहभूमः 200 पद
- दुमकाः 214 पद
- गुमलाः 203 पद
- पूर्वी सिंहभूमः 172 पद
- पलामूः 180 पद
- धनबादः 134 पद

बैकलॉग की 161 रिक्तियों में गिरिडीह, लातेहार, पलामू, गोड्डा, सरायकेला जैसे जिलों में नियुक्ति की जाएगी.

**आवेदन की योग्यता और प्रक्रिया**

- अभ्यर्थियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और उम्र सीमा पूरी करनी होगी.
- ऑनलाइन आवेदन की तारीख जल्द ही जेएसएससी की वेबसाइट पर जारी की जाएगी.

**परीक्षा शुल्क**

- सामान्य वर्गः 100 रुपए
- एससी/एसटी (झारखंड राज्य के): 50 रुपए
- दिव्यांग (40% या उससे अधिक): शुल्क में छूट

गलत श्रेणी से शुल्क भरने पर आवेदन रद्द हो सकता है.

परीक्षा सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) होगी. कुल 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे, हर सवाल 1 अंक का होगा. कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी. परीक्षा अवधि 1 घंटा (60 मिनट) की होगी.

**न्यूनतम अर्हतांक**

जनरलः 40%
एससी/एसटी/महिलाः 32%
ओबीसी (बीसी-1): 34%
ओबीसी (बीसी-2): 36.5%
संरक्षित जनजाति वर्गः 30%
संविदा कर्मियों को अर्हतांक में छूट दी जाएगी.

**मेधा सूची कैसे बनेगी**

लिखित परीक्षाः 50 अंक
तकनीकी प्रशिक्षणः 10 अंक
मैट्रिक व इंटरः 40 अंक
कार्य अनुभवः 50 अंक (हर वर्ष के लिए 5 अंक)
कुलः 150 अंक के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी.



शुभमन गिल के निशाने पर पांच रिकॉर्ड, लॉर्ड्स में मचेगा धमाल


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, शुक्रवार 11 जुलाई 2025, श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत 2082




पेज 07

### अपर सचिव ने धनबाद उपायुक्त को दिया जांच का निर्देश

# गोविंदपुर में मनरेगा और 15वीं वित्त योजनाओं में भारी अनियमितता

- जांच के नाम पर हो चुकी है लीपापोती
- अब बाजाब्ता शपथ पत्र के साथ हुई शिकायत
- मृत व्यक्ति के नाम पर भी हुआ मजदूरी भुगतान

अमित सिन्हा

**धनबाद ।** धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत बिराजपुर पंचायत में मनरेगा और 15वीं वित्त योजनाओं में भारी अनियमितता का गंभीर आरोप सामने आया है. मामले को जानकी प्रसाद साह ने इस संबंध में परिवाद दर्ज कराया है, जिसमें उन्होंने पुरानी योजनाओं के नाम पर राशि निकासी, मृत व्यक्तियों के नाम पर मजदूरी भुगतान और मशीनों के अनुचित उपयोग जैसे अनियमितताओं का उल्लेख किया है. इस मामले में सरकार के अपर सचिव अरुण कुमार सिंह ने उपायुक्त-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक और उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, धनबाद को पत्र लिखकर मामले की विधि-सम्मत जांच करने और दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विभाग को प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया है. शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त मामले में जांच के नाम पर लीपापोती की जा चुकी है. इसके बाद जानकी साव ने विभाग को एक शपथ पत्र दाखिल करते हुए दावा किया कि मामले में अनियमितता के जो आरोप लगाए गए हैं, सभी के साक्ष्य मौजूद हैं और शिकायत पूरी तरह से सही है.जिस पर संज्ञान लेते हुए अपर सचिव ने जांच के निर्देश दिए हैं. रोजगार सेवक विश्वजीत चौधरी, पंचायत के मुखिया और अन्य कर्मचारियों पर फर्जी निकासी, जेसीबी मशीनों का दुरुपयोग, मृत व्यक्तियों के नाम पर मजदूरी का भुगतान, और योजनाओं में धांधली के गंभीर आरोप हैं.

## प्रमुख अनियमितताएं और आरोप

**1. छालाटांढ़ गांव में बिरसा सिंचाई कूप घोटाला**

रोजगार सेवक विश्वजीत चौधरी पर आरोप है कि उन्होंने छालाटांढ़ गांव में एक पुराने 19 फुट के कूप को बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना (वर्क कोड : बीएसकेएसवाई- 3421003011/आईएफ/7080902680141) के तहत स्वीकृत कराकर 1,22,400 रुपये की फर्जी निकासी की। इस कूप के पास ही 37 फीट की दूरी पर 2015-16 में स्वीकृत और 2022 में पूर्ण एक अन्य कूप (वर्क कोड : 34021003011/आईएफ/70809001032336) मौजूद है. ग्रामीणों का दावा है कि पुराना कूप ईंट बनाने के लिए खोदा गया था, और इसमें फर्जी मजदूर दिखाकर राशि का गबन किया गया. इसकी शिकायत 30 नवंबर 2023 को उपायुक्त धनबाद, मनरेगा आयुक्त, और अन्य अधिकारियों से की गई.

**2. मृत व्यक्ति के नाम पर मजदूरी का भुगतान**

बिराजपुर गांव में वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत डोभा निर्माण योजना (वर्क कोड : 3421003011/आईएफ/7080902553743) में स्व. बिनोद कुमार साय (जॉब कार्ड नं : 011-012/50), जिनकी मृत्यु 7 अप्रैल 2023 को हो चुकी थी, को 6 जून 2023 से 27 जून 2023 तक कुल 18 दिनों तक कार्यरत दिखाकर मजदूरी की राशि का गबन किया गया. इस मामले में मृत्यु प्रमाण पत्र और भुगतान विवरण संलग्न किए गए हैं.



फाइल फोटो

**3. दामुमुण्डा में दोहरे डोभा निर्माण का घोटाला**

सुनिता देवी के नाम पर स्वीकृत डोभा (वर्क कोड : 3421003011/आईएफ/7080902642878) का निर्माण जेसीबी मशीन से कराया गया, जबकि उसी स्थान पर 2018-19 में पहले से एक डोभा (वर्क कोड : 3421003011/आईएफ/7080901208528) बनाया जा चुका था. एक ही स्थान पर दो डोभा दिखाकर राशि का गबन किया गया. इसकी शिकायत युगल महतो द्वारा 8 जून 2023 को विभिन्न अधिकारियों से की गई.

**4. जमीन समतलीकरण में फर्जी निकासी**

प्रदीप कुमार पाण्डेय के नाम पर स्वीकृत जमीन समतलीकरण योजना (वर्क कोड : 3421003011/आईएफ/7080902145136) में कोई कार्य नहीं हुआ, फिर भी मुखिया द्वारा 61,140 रुपये की फर्जी निकासी की गई. इसकी शिकायत 8 जून 2023 को उपायुक्त धनबाद, मनरेगा आयुक्त, और अन्य अधिकारियों से की गई.

**5. 15वीं वित्त योजना में अनियमितता**

मंझिलाडीह तालाब में 15वीं वित्त योजना के तहत सीढ़ी घाट निर्माण में बिना ग्राम सभा के भुगतान किया गया। कार्य में बॉक्स कटिंग और ढलाई के बिना केवल सीढ़ीनुमा जोड़ाई और प्लास्टर कर कार्य पूर्ण दिखाया गया. जूनियर इंजीनियर अनिमेश कुमार पर भी लापरवाही के आरोप हैं, जिन्होंने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की. इसकी शिकायत 9 मई 2023 और 4 अक्टूबर 2023 को विभिन्न अधिकारियों से की गई.

**6. बिरसा हरित बागवानी योजना में धांधली**

किरण देवी के नाम पर स्वीकृत बिरसा हरित बागवानी योजना (वर्क कोड : 3421003011/आईएफ/7080903390614) को बिराजपुर में दिखाया गया, जबकि कार्य मधुगोड़ा में हुआ. फर्जी मास्टर रोल के जरिए राशि निकासी की गई.

**8. केंद्रीय जांच दल की रिपोर्ट**

8 दिसंबर 2023 को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की मॉनिटरिंग डिवीजन की टीम (अमरेंद्र कुमार और अमरनाथ) ने बिराजपुर पंचायत की योजनाओं की जांच की, जिसमें गड़बड़ियां पाई गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई.

**पशु शेड निर्माण में घोटाला**

मनरेगा आयुक्त झारखंड के पत्र (पत्रांक 154, 3 फरवरी 2021) के अनुसार, प्रति पंचायत अधिकतम पांच पशु शेड निर्माण का निर्देश था, लेकिन बिराजपुर पंचायत में रोजगार सेवक नरेश रवी द्वारा बिना ग्राम सभा के 80 पशु शेड स्वीकृत किए गए. कई मामलों में एक व्यक्ति को दो-दो शेड दिए गए, और मोटी रकम की उगाही की गई. गोविंदपुर प्रखंड की अन्य पंचायतों में भी 40 से 100 तक पशु शेड स्वीकृत किए गए, जो नियमों का उल्लंघन है.

## ब्रीफ खबरें

### भारी बारिश से फिर उफनाई भैरवी रजरप्पा मंदिर में घुसा पानी

**रामगढ़।** भारी बारिश की वजह से रामगढ़ जिले में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. शहर से लेकर गांव तक हर नदी और नाले में पानी काफी अधिक भर गया है. सड़कों पर भी जल जमाव की वजह से आवागमन बाधित हो रहा है. झारखंड के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भी भैरवी नदी का पानी समा गया है. भैरवी इतनी उफान पर है कि अपने तट पर बने दुकानों को अपने साथ बहा ले गई. कई दुकानों में भारी नुकसान हुआ है. दुकानदार अपने सामान को पहले भी हटा रहे थे.

### सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र में झुमरा-मेढ़कुरी मुख्य मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में तीन ग्रामीणों की जान चली गई. गुरुवार को यह हादसा तब हुआ, जब तीनों ग्रामीण अपने मवेशियों के साथ सड़क किनारे चल रहे थे. पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी. मृतकों की पहचान मेढ़कुरी पंचायत के अमली गांव के बासुदेव यादव (60), घाघरा गांव के रामसेवक मेहता (50) और तुलसी मेहता के रूप में हुई है. सेवाने नदी के पास हुई इस दुर्घटना में रामसेवक और तुलसी मेहता की मौके पर ही मौत हो गई. बासुदेव यादव को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई.

### भू-धंसान की आशंका पर कापासारा में प्रशासनिक निरीक्षण

निरसा बाजार। क्षेत्र में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के मद्देनज़र कोलियरी क्षेत्रों में भूधंसान की आशंका को लेकर गुरुवार को निरसा सीओ रमेश रविदास, कापासारा कोलियरी के अधिकारी और सुरक्षा कर्मियों ने बंद पड़ी कापासारा कोलियरी के समीप माइक्रोफोन धौड़ा पहुंचकर निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय धौड़ा वासियों से भूधंसान से संबंधित जानकारी ली. ग्रामीणों ने सीओ को बताया कि फिलहाल इलाके में भूधंसान जैसी कोई समस्या नहीं है और स्थिति सामान्य बनी हुई है.

### साईं बाबा की भव्य पालकी शोभा यात्रा

**मैथन।** काली पहाड़ी स्थित शेखर कुमार के निवास में स्थापित साईं बाबा मंदिर में वार्षिक साई पूजन दिवस उत्सव का भव्य आयोजन किया गया. सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लगा रहा. भक्तों ने सद्गुरु साईं बाबा की पूजा-अर्चना कर गुरु की महिमा को नमन किया. मंदिर के संस्थापक शेखर कुमार ने बताया कि गुरु जीवन के अंधकार को दूर कर उजाले की राह दिखाते हैं. सुबह 8 बजे बाबा का स्नान कर विधिवत पूजा की गई. शाम 6 बजे विशेष आरती व प्रसाद वितरण हुआ. इसके बाद साईं बाबा की पालकी शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण पर निकली.

### सदर अस्पताल में आज

| | |
|---|---|
| मेडिसिन | - डॉ पीपी पांडेय, डॉ नीलम बाला |
| शिशु रोग | - डॉ मनोज हेंब्रम |
| हड्डी रोग | - डॉ मुकेश प्रसाद |
| सर्जरी | - डॉ संजीव गोलॉश |
| नेत्र रोग | - डॉ सरोजिनी मुर्मू |
| दंत रोग | - डॉ सुनीता सिंहा |
| मनोरोग | - डॉ मीनाक्षी दुबे |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - डॉ संध्या तिवारी |
| **गायनी इमर्जेंसी : -** | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - डॉ अपूर्वा दत्ता |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - डॉ अंजना कुमारी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - डॉ सुमन कुमारी |
| **जेनरल इमर्जेंसी : -** | |
| दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक | - डॉ राकेश रंजन |
| रात 9 बजे से शुक्रवार सुबह 9 बजे | - डॉ मंगेश कुमार |

# झरिया के बनियाहिर में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प

- लाठी-डंडे और पथराव में आधा दर्जन से ज्यादा घायल
- हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने किया बल प्रयोग
- पुलिस के मुताबिक रास्ते को लेकर हुआ था विवाद

शुभम संदेश। झरिया

झरिया थाना अंतर्गत बनियाहिर फायर ब्रिगेड मैदान में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई. दोनों ओर से जमकर पत्थबाजी हुई और खूब लाठी-डंडे चले. घटना में आधा दर्जन से ज्यादा लोग के घायल होने की बात सामने आ रही हैं और एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. सभी का इलाज झरिया के निजी अस्पताल में चल रहा है. .घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने झरिया थाना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही सिंदरी एसडीपीओ, झरिया अंचल के सीओ सहित सिंदरी अनुमंडल के सभी थाने की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंच और स्थिति को नियंत्रण किया. इस दौरान पुलिस को हल्का बल का प्रयोग करना पड़ा. फिलहाल क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है. पुलिस और शांति समिति के सदस्य दोनों पक्षों से बातचीत कर हालात को सामान्य करने में जुटे हैं. घटना को लेकर एक पक्ष के लोगों का कहना है कि एक युवक बाल कटवाने गया था इसी दौरान दूसरे पक्ष के कुछ युवकों ने अचानक उस पर हमला कर दिया. दावा किया कि मारपीट करने वाले लोग हाल ही में दिल्ली से यहां अपने रिश्तेदारों के पास आए हैं और उनकी गतिविधि संदिग्ध है. पुलिस पूरे मामले की अच्छी तरह से जांच करें. वहीं दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि कुछ बच्चे बनियाहिर ग्राउंड में खेल रहे थे. जहां कुछ बात को लेकर विवाद हुआ जिससे मामला बिगड़ गया. जिसके बाद समझाने गए तो वो लोग नहीं समझे और साथ मारपीट करने लगे. इसके बाद दोनों ओर से पथराव और लाठी डंटे चलने लगे .इस घटना में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं. घर और ऑटो भी क्षतिग्रस्त हुआ है.



**क्षेत्र में कई तरह की उड़ रही अफवाएं :** झड़प के बाद पूरे क्षेत्र में कई तरह की अफवाहों का बाजार गर्म हो गया. लोगों के बीच तरह-तरह की बातें फैल गई. जबकि पुलिस ने पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है. चौक-चौराहे आदि संवेदनशील स्थानों पर जवानों को लगा दिया गया है., कहीं पर भी लोगों को खड़ा होकर गप हांकने और भीड़ लगाने से रोका जा रहा है. क्षेत्र में संदिग्धों की गतिविधियों पर पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है. इस घटना को लेकर सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि रास्ते को लेकर दो पक्ष के बच्चों के बीच विवाद हुआ था, जो हिंसक रूप ले लिया. फिलहाल स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# सीआईएल चेयरमैन से मिले विधायक अरुप



- कंपनियों में कार्यरत रिस्ट्रिक्टेड प्रमाण पत्र धारकों के प्रोन्नति संबंधी मामले को रखा

शुभम संदेश। निरसा

विधायक अरुप चटर्जी ने 09 जुलाई की हड़ताल की सफलता को लेकर इसीएल मुगमा क्षेत्र के सभी कामगार साथियों के साथ उन सभी को धन्यवाद दिया. जिनका भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष साथ या सहयोग इस बंदी की सफलता में था.

गुरुवार को विधायक चटर्जी ने कोल इंडिया लिमिटेड और उसके अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत रिस्ट्रिक्टेड प्रमाण पत्र धारकों के प्रोन्नत्ति संबंधी मामले को लेकर सीआईएल मुख्यालय में चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात की. विधायक ने अपनी मुलाकात में कहा कि यह विषय कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य से सम्बद्ध एक जरुरी और प्रासंगिक मुद्दा है, जिसपर प्रबंधन को विवेकपूर्ण ढंग से विचार करना चाहिए ताकि सभी को विकास के समान अवसर उपलब्ध हो सकें. चेयरमैन कोल इंडिया ने भरोसा दिया कि इस संदर्भ में सभी प्रकार की मांगों पर संबंधित अधिकारियों के साथ वार्ता कर 2 या 3 महीना में ही कोई रास्ता निकाला जाएगा, जिससे सभी को बेहतर भविष्य के निर्माण का सामान अवसर प्राप्त हो सके. इस मुलाकात में रिस्ट्रिक्टेड प्रमाण पत्र धारकों का एक शिष्ट मंडल भी मौजूद था, जिसमें सभी अनुषंगी कंपनियों के सदस्य शामिल थे.

# टेनिस प्लेयर राधिका यादव की गोली मारकर हत्या, पिता ने ही उतारा मौत के घाट

शुभम संदेश। नई दिल्ली

टेनिस प्लेयर राधिका यादव की गोली मारकर हत्या हुई है. राधिका के गुरुग्राम के सुशांत लोक-2 स्थित ई-157 आवास पर उनकी हत्या कर दी गई. राधिका को गोली उनके पिता ने ही मारी है. राधिका के पिता ने लाइसेंसी रिवाल्वर से तीन गोलियां मारी. इस मामले की जांच में गुरुग्राम पुलिस जुट गई है और राधिका के पिता को हिरासत में ले लिया गया है.

### रील बनाने पर खफा थे पिता

गुरुग्राम पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि राधिका के पिता उनकी रील बनाने की आदत से काफी नाराज थे. राधिका रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करती थीं. राधिका के पिता ने इसी बात को लेकर अपनी बेटी को तीन गोलियां मारी. पुलिस ने राधिका के पिता को अरेस्ट कर लिया है. इसके साथ ही जिस रिवाल्वर से राधिका के पिता ने हत्या की, पुलिस ने उस हथियार को भी बरामद कर लिया है.

# सड़क हादसों में कमी लाना है : एसएसपी

### धनबाद पुलिस की मासिक अपराध समीक्षा बैठक

शुभम संदेश। धनबाद

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में 10 जुलाई 2025 को धनबाद में जून 2025 की मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जून माह में धनबाद पुलिस के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई. जून में पुलिस ने 1167 लंबित मामलों का निष्पादन कर रिकॉर्ड बनाया, जिससे लंबित कांडों की संख्या 4102 से घटकर 3613 हो गई. एसएसपी ने अगस्त 2025 तक लंबित मामलों को 3000 से नीचे लाने का लक्ष्य निर्धारित किया. साथ ही, 2600 वारंटों का तामिला कर कुर्की और वारंट निष्पादन में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई. यातायात नियमों के पालन के लिए चलाए गए अभियान में 63 लाख रुपये का रिकॉर्ड जुर्माना वसूला गया, जो अब तक का सर्वाधिक है. एसएसपी ने स्पष्ट किया कि जुर्माने का उद्देश्य यातायात व्यवस्था में सुधार और हादसों में कमी लाना है, न कि केवल राजस्व. ट्रैफिक डीएसपी को यह अभियान जारी रखने का निर्देश दिया गया. जून माह में पुलिस की सक्रियता के कारण कोई बड़ी वारदात नहीं हुई.

# सुल्तानगंज से जल भरने कोयलांचल से रवाना हुए शिवभक्त

### पहला सावन आज

शुभम संदेश। धनबाद



श्रावण मास का पावन आरंभ होते ही लोग समाज शिवभक्ति के रंग में रंग गए है. यह मास, जो देवों के देव महादेव को समर्पित होता है, श्रद्धा, आस्था और आत्मिक ऊर्जा का प्रतीक है. शुक्रवार को सावन के पहले दिन भोलेनाथ को जल अर्पित करने उनके भक्त बोल बम का जयघोष करते हुए बाबा धाम, देवघर और सुल्तानगंज की ओर निकल पड़े हैं.

कोयलांचल क्षेत्र से लेकर संपूर्ण झारखंड और बिहार तक, सड़कों पर भक्तों की टोलियाँ दिखाई देने लगी हैं. धनबाद रेलवे स्टेशन गुरुवार को शिवमय हो उठा, जब हजारों की संख्या में केसरिया वस्त्र धारण किए श्रद्धालु वहां पहुंचे. सभी की मंज़िल एक – सुल्तानगंज की उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरकर देवघर के बाबा बैद्यनाथ को अर्पण करना.

कोयलांचल के कई क्षेत्र "हर हर महादेव" और "बोल बम" के नारों से गूंज उठी. कांवड़िया भक्तों की भीड़ बता रही थी कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और पीढ़ियों से चली आ रही धार्मिक भावना का जीता-जागता प्रमाण है.

पहली बार कांवर उठाने वाले युवा निखिल वर्मा और निहाल वर्मा ने बताया कि हमारे दादा जी कांवर चढ़ाते थे, पापा और चाचा भी वर्षों से जा रहे हैं. अब हमारी बारी है. मोहल्ले में सभी कांवर उठाते हैं, उसी से प्रेरणा लेकर हम भी बाबा को जल चढ़ाने निकल पड़े हैं. बाबा भोले सबका कल्याण करेंगे.

**श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है :** कोई पैदल जा रहा है, कोई साइकिल पर, तो कोई ट्रेनों, कारों और पब्लिक बसों के माध्यम से सुल्तानगंज पहुँचने को तत्पर है. कोयलांचल और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक उल्लास की लहर दौड़ गई है. कोयलांचल के सेवा समितियों द्वारा सेवा शिविर लगाए जा रहे हैं, जहाँ थके कांवरियों को विश्राम, भोजन और दवा की सुविधाएँ दी जाती है.

### श्रावण मास की महिमा

हिंदू धर्म के अनुसार, श्रावण मास शिव आराधना का सबसे उत्तम समय माना जाता है. समुद्र मंथन के दौरान जब विष निकला, तो भगवान शिव ने उसे पीकर संपूर्ण सृष्टि की रक्षा की. तब से श्रावण मास में उनकी विशेष पूजा-अर्चना की जाती है. भक्त इस महीने सोमवार को व्रत रखते हैं, जल अर्पण करते हैं और ॐ नमः शिवाय का जाप कर आत्मा को शुद्ध करते हैं.

### बाबा धाम की यात्रा

देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग को देशभर से लाखों श्रद्धालु कांवर यात्रा के माध्यम से जल अर्पित करते हैं. सुल्तानगंज से देवघर तक की लगभग 105 किमी की यह पैदल यात्रा न केवल धार्मिक साधना है, बल्कि एक मानसिक और शारीरिक तप भी है. इस यात्रा में कांवरियों का जोश, उनका सामूहिक उत्सव, और बोल बम की एकजुटता हर किसी के दिल को छू जाती है.

# राष्ट्र और धर्म के लिए सक्रिय होना ही सच्ची गुरु दक्षिणा है : भारद्वाज

## हिन्दू जनजागृति समिति का राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव

शुभम संदेश। धनबाद



विश्व पर तृतीय विश्वयुद्ध की तलवार लटक रही है. देश के भीतर भी पहलगाम जैसे हालात, दंगे, फेक नैरेटिव्स, लव जिहाद, लैंड जिहाद आदि के माध्यम से हिन्दुओं को लक्ष्य बनाया जा रहा है. ऐसी परिस्थिति में हिन्दू समाज में भ्रम की स्थिति है. महाभारत के समय अर्जुन भी इसी भ्रम में था, तब श्रीकृष्ण ने कहा था. अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करना ही धर्म है. आज भी गुरु तत्त्व की यही अपेक्षा है कि हिन्दू साधना करके आत्मिक बल बढ़ाएं और अधर्म के विरुद्ध सक्रिय हों. यही हमारी गुरु-शिष्य परंपरा का आदर्श है और उसी मार्ग पर चलना ही सच्ची गुरुदक्षिणा है, ऐसा प्रतिपादन हिंदू जनजागृति समिति की ओर से कु. कनक भारद्वाज ने किया. वे धनसार (धनबाद) में आयोजित गुरुपूर्णिमा महोत्सव में बोल रही थीं. हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा धनबाद सहित संपूर्ण देश में कुल 45 स्थानों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव उत्साह व आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ. धनबाद में हुए महोत्सव में मार्गदर्शन करते हुए सुनील कुमार, जिला मंत्री, विश्व हिंदू परिषद एवं सेना से सेवानिवृत्त, ने कहा कि कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा हमारे जीने के लिए आवश्यक है. जिस प्रकार मानव शरीर का हृदय बन्द होने पर अन्य अंग काम नहीं करते उसी प्रकार देश और धर्म जो समाजरूपी पुरुष का हृदय है, निष्क्रिय हो जाए तो समाज का विनाश निश्चित है और समाज नहीं तो मनुष्य अकेला जी नहीं सकता. इसलिए यदि मनुष्य को अपनी सुरक्षा चाहिए तो राष्ट्र और धर्म की रक्षा करनी होगी. सुनील कुमार ने आगे स्पष्ट किया कि राष्ट्र और धर्म सुरक्षित होगा, तो समाज सुरक्षित रहेगा. समाज सुरक्षित रहेगा, तो व्यक्ति भी सुरक्षित रहेगा लेकिन वर्तमान में तथाकथित धर्म निरपेक्षता और पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से समाज अपने धर्म और संस्कृति से विमुख होकर अधर्म और अनैतिकता की ओर अग्रसर हुआ है. परिणाम स्वरुप देश और समाज दोनों ही अंदर से खोखला हो रहा है. ऐसे में यह ध्यान में रखते हुए कि 'संगठन में शक्ति है', हमें तत्काल संगठित होकर प्रण के साथ अपने राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा के लिए समर्पित होना होगा. कार्यक्रम का शुभारंभ व्यास पूजा, परमपूज्य भक्तराज महाराज की प्रतिमापूजन तथा रामराज्य की स्थापना को सामूहिक नामजप से हुआ. संतों के संदेश का वाचन, कार्यकर्ताओं के अनुभव कथन और लघु चलचित्रों द्वारा जनजागृति की गई. स्वरक्षा प्रदर्शन भी दिखाए गए. इस अवसर पर विविध आध्यात्मिक, राष्ट्र एवं धर्म विषयक ग्रंथ प्रदर्शनी तथा राष्ट्र-धर्म से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिससे अनेक धर्मप्रेमी लाभान्वित हुए. 'इसके साथ ही ऑनलाइन गुरुपूर्णिमा महोत्सव का भी आयोजन किया गया. देश-विदेश के श्रद्धालुओं को गुरुपूर्णिमा का लाभ मिल सके, इसके लिए समिति द्वारा अंग्रेज़ी, कन्नड़, तेलुगु व बंगाली भाषाओं में 'ऑनलाइन गुरुपूर्णिमा महोत्सव भी संपन्न हुआ, जिसमें अनेक देशों के दर्शकों ने भाग लिया.

### सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव की धूम



**झरिया ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झरिया नगर की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर झरिया में गुरुपूर्णीमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर परम पवित्र भगवा ध्वज के समक्ष उपस्थित हो कर सभी स्वयंसेवकों ने पूजन कर गुरुदक्षिणा अर्पित की. सर्वप्रथम झरिया नगर संघचालक डॉक्टर देवकीनंदन पांडे ने पूजन किया, तत्पश्चात नगर बौद्धिक प्रमुख हरीश कुमार जोशी एवं धनबाद जिला सह कार्यवाह रविन्द्रजी ने पूजन कर गुरुदक्षिणा समर्पित की. हरीश कुमार जोशी अधिवक्ता ने अपने बौद्धिक में स्वयंसेवकों को बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई थी, आगामी विजया दशमी को 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा. शताब्दी वर्ष में प्रत्येक हिन्दू के घरों में संपर्क कर उन्हें संघ से जोड़ने का कार्य किया जाएगा. साथ ही पांच प्रतिज्ञा स्वदेशी का प्रयोग पर्यावरण सुरक्षा सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरुक करने का कार्य किया जाएगा. इसके लिए स्वयंसेवक अभियान चला कर प्रत्येक घर में जाएंगे साथ ही वृहत हिंदू सम्मेलन जगह जगह आयोजित किए जाएंगे. गुरुपूजन कर गुरुदक्षिणा करने वालो में नगर सह कार्यवाह अखिल देव धर्माचार्य संपर्क प्रमुख बलदेव पांडे, संस्कार भारती के राजेंद्र केशरी, मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राज कुमार अग्रवाल, प्रचार प्रमुख, डॉक्टर नीरज पांडे, अजय वर्मा, नारायण साव, वैद्य सुखलाल पंसारी, अजीत गुप्ता, ललित अग्रवाल, संजय गुप्ता, राजेंद्र साव, चंदन साव, नरेश केशरी, सत्यदेव सिंह इत्यादि उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### महुदा में बारिश से लोग परेशान

**महुदा।** महुदा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है. गुरुवार सुबह भारी बारिश से कई लोगों की दुकान एवं घरों में वर्षा का पानी घुस गया. वहीं महुदा बाजार में तालाब का पानी सड़क पर बहने लगा. तालाब के पानी में मछलियां भी बह रही थी, जिसे पकड़ने के लिए लोग बारिश के बीच सड़क पर निकल पड़े. महुदा मोड़ चौक पर स्थित शाहबाज खान के आजाद क्लॉथ स्टोर, राकेश पांडेय की राशन दुकान एवं उसके बगल में स्थित ट्रेलर दुकान में भी पानी घुस गया. पानी घुसने से काफी सामान बर्बाद हो गया. पानी घुसने के बाद लोग टुल्लु पंप लगाकर पानी को निकाल रहे थे. वहीं कुछ घरों में भी बारिश का पानी घुस गया. जिसे लोग बाल्टी एवं बर्तन के सहारे फेंक रहे थे. प्रातः झमाझम हुई बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया. लोग काम के लिए घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं.

### यमुना प्रसाद सिंह को श्रद्धांजलि

**निरसा बाजार।** गुरुवार को व्यापार मंडल परिसर में व्यापार मंडल समिति एवं व्यापार सहयोग समिति की ओर से निदेशक यमुना प्रसाद सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि भूषण सिंह ने की, संचालन अफरोज अहमद एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय महतो ने दिया. दिवंगत यमुना प्रसाद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई. मधुरेन्द्र गोस्वामी ने बताया कि यमुना प्रसाद सिंह सहकारिता क्षेत्र में लंबे समय तक सक्रिय रहे और व्यापार मंडल के संस्थापक सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया.
इस अवसर पर विजय सिंह, नागेंद्र सिंह, बाबूलाल कुंभाकर, अशीम मालिक, मनोज साव, नमिता मिश्रा, राजेश साव, सुमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और समिति सदस्य मौजूद रहे.

# हुजूर, सुनिए मैं हूं मधुबन थाना

## गर्मी में तपता हूं, बारिश में रोता हूं,, न बिजली है न पानी, कौन सुनेगा मेरी कहानी

शेख नजीम। मधुबन






मैं मधुबन थाना हूं आज मेरा अस्तित्व खतरे में है कोई तो मुझे बचाओ. यह फरियाद है धनबाद जिला के खरखरी स्थित मधुबन थाने की, जहां हर दिन लोग अपनी फरियाद लेकर आते हैं. थाना भी जिले में काफी चर्चित है लेकिन बदहाली पर आंसू बहा रहा है. खुद थाने की फरियाद कौन सुनेगा, इसके दुखड़े पर कब प्रतिक्रिया आएगी. इस बात का मधुबन थाने को सालों नहीं बल्कि दशकों से इंतजार है. सन 1981 में स्थापित यह थाना खुद से अपनी अस्तित्व के लिए फरियाद कर रहा है. मधुबन थाना एक और जहां पानी बिजली जैसे मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है, वहीं दूसरी और थाना की बिल्डिंग काफी जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है. उपर ये मौसम की मार अलग, कुछ क्षणों की बारिश भी घंटों की तकलीफ दे जाती है. हल्की सी बारिश होने पर महिला और पुरुष दोनों हाजतों में आधा फीट पानी जमा हो जाता है. यही हाल पुलिस बैरक का भी है जिसमें पुलिस सुरक्षा बल के जवान रहते हैं, छत से पानी टपकता रहता है. यह पानी कभी-कभी रूम में एक से डेढ़ फीट जम जाता है. जिसको पुलिस जवान बाल्टी और जग के द्वारा बाहर निकाला जाता है. मधुबन थाना के बिल्डिंग इतनी जर्जर हो गई है की छत पर चलने से या तेज हवा आने से बिल्डिंग का ऊपरी हिस्सा कांपने लगता है. गर्मी के दिनों में पूरी गर्मी पानी के किल्लत पुलिस बल के जवानों को झेलनी पड़ती है. पुलिस के जवान दूसरी जगह से पानी बाल्टी में भर कर लाते हैं और अपने दैनिक क्रिया कलापों से निपटते है.

**उपेक्षा का शिकार है मधुबन थाना :** 1981 में स्थापित थाने की उम्र अब कुछ सालों में अर्द्ध शतक तक पहुंच जाएगी. सन 2010 में ही थाने की नई इमारत के लिए जगह सिनिडीह पंचमंदिर के पास चिन्हित कर लिया गया था. थाना की इमारत को बनने में आने वाले फंड की भी व्यवस्था कर ली गई थी परंतु बाघमारा प्रखंड कार्यालय से जमीन मुहैया नहीं करवाने के कारण आवंटित फंड वापस लौट गया. उस समय के तात्कालिक पुलिस कप्तान या बाघमारा एसडीपीओ ने तत्परता दिखाई होती तो अब तक बिल्डिंग बन कर तैयार रहती.

**जवानों के रहने की नहीं है व्यवस्था :** प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा के दृष्टि से भी मधुबन थाना का क्षेत्र बड़ा है और जितना यह थाना पिछले कुछ सालों से चर्चा में रहा है. उस नजरिए से देखे तो पुलिस जवानों के रहने के लिए पर्याप्त मूलभूत सुविधा से भी वंचित है. जिस कमरे में पुलिस के जवान रहते हैं गर्मी के दिनों में वह रूम काफी तपने लगता है और बरसात के दिनों में छत से निरंतर पानी टपकता रहता है. कुल मिलाकर हर मौसम में जवानों को लड़ाई लड़नी पड़ती है.

### सविमं दुग्दा में कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन

शुभम संदेश। महुदा/दुगदा

पंडित बागेश्वरी पांडेय सरस्वती विद्या मंदिर दुग्दा में गुरुवार को जिप सदस्य संतोष कुमार पांडेय ने कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन फीता काट और शिलापट्ट का अनावरण कर किया. जिला परिषद सदस्य संतोष कुमार पांडेय के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार के लोगों ने तिलक चंदन लगाकर उनका भव्य स्वागत किया. जिप सदस्य सन्तोष ने विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन के साथ-साथ सरस्वती माता, भारत माता और ओम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की.
उन्होंने बच्चों से कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर की शिक्षा हर बच्चों को मिले इसको लेकर विद्यालय परिवार गंभीर है. विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा आधुनिक रूप सज्जा के साथ कम्प्यूटर कक्ष में करीब 18 कम्प्यूटर लगाए गए है. कक्षा दो से 12 तक के बच्चे कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे. इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विनोद कुमार पांडेय, सचिव ऋषिकांत तिवारी, कपिल देव प्रसाद, सुनील विश्वकर्मा, जिप प्रतिनिधि कमलेश दशोधी, ज्योति भारती, गौरव त्रिवेदी, प्रदीप गांगुली, आचार्य नारायण पांडे, रीना सिंह, निशि कांति देवी, कृष्णा कुमारी, समेत कई अभिभावक भी उपस्थित थे.

## गुनघुसा : रिटायर्ड रेलकर्मी के घर से 5 लाख की चोरी

शुभम संदेश। गोमो

हरिहरपुर थाना क्षेत्र के गुनघुसा गांव स्थित नीचे टोला में बीती रात चोरों ने एक सुनसान घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरी की यह वारदात रेलवे से अवकाश प्राप्त रेलकर्मी नित्यानंद प्रसाद के आवास में हुई, जहां से चोरों ने लगभग पांच लाख रुपये मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया. पीड़ित नित्यानंद प्रसाद ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ किसी जरूरी काम से बाहर गए हुए थे. घर पूरी तरह बंद था और मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था. गुरुवार सुबह जब वे वापस लौटे, तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है.
घर के अंदर का नजारा देख वे स्तब्ध रह गए. अल्मारी खुली पड़ी थी, सामान बिखरा हुआ था और उसमें रखे कीमती जेवरात एवं नकदी गायब थे. चोरी की सूचना पीड़ित ने देर शाम हरिहरपुर थाना को दी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रात करीब 9 बजे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ की. पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और केस की जांच में जुट गई है.
स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में इन दिनों चोरियों की घटनाएं बढ़ी हैं और पुलिस को रात्रि गश्ती बढ़ाने की आवश्यकता है. चोरी की इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. वहीं, पीड़ित परिवार सदमे में है और जल्द कार्रवाई की मांग कर रहा है.

# बारिश से तिसरा जोरिया में बढ़ा पानी, गोल्डेन पहाड़ी का रास्ता बंद

### दर्जनों घरों में घुसा पानी, रास्ता भी जलमग्न



शुभम संदेश। झरिया

लगातार हो रही बारिश से झरिया के तिसरा जोरिया का पानी गोल्डेन पहाड़ी के नीचे बसे दर्जन भर घरों में घुस गया है. पानी भर जाने से न सिर्फ लोगों के घर प्रभावित हुए हैं, बल्कि गोल्डेन पहाड़ी को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी जलमग्न हो गया है, जिससे आवाजाही ठप हो गई है. गुरुवार सुबह जोरिया के किनारे स्थित पुराने खदान में गोफ (धंसान) बन गया, जिससे सारा पानी उसी में समा रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि एंटी एसटी जीनागोरा प्रबंधन द्वारा सुरुंगा जोरिया के ऊपर ओबी डंप कर रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे पानी की निकासी बाधित हो गई है. इसका परिणाम यह हुआ कि पानी सीधे घरों में घुसने लगा और पूरा इलाका जलमग्न हो गया. स्थानीय लोगों ने इसे गंभीर खतरे की स्थिति बताया है और तत्काल समाधान की मांग की है. इस संबंध में एनटी एसटी जीनागोरा के पीओ संजीव कश्यप ने कहा कि उन्हें सूचना मिल चुकी है और जल्द ही मशीन मंगवाकर स्थल की भराई कराई जाएगी. पूर्व में भी इसी स्थान पर मिट्टी और बालू से भराई की गई थी. स्थानीय लोग प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं, ताकि हर बारिश में यही संकट न झेलना पड़े.

### मधुबन में कच्चे मकान गिरे, रास्ते जलमग्न

**मधुबन।** बाघमारा प्रखंड के फुलारीटांड, बाँसजोड़ा, खरखरी और सिनिडीह पंचायत में लगातार कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है. रोज़ कमाने-खाने वाले मजदूरों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है, वहीं कई जगहों पर कच्चे और खपड़ैल मकान गिर गए हैं. खरखरी कॉलोनी में नालियों के अभाव में घरों के अंदर घुटने तक पानी भर गया है. फुलारीटांड पंचायत के खटाल इलाके में बुधवार देर रात पानी घुसने से अफरा-तफरी मच गई. राधे यादव, सुजीत विश्वकर्मा और गुड्डू रजक के मकान गिर गए, जिसमें मवेशी और बाइक दब गई. कई घरों में पानी घुसने से खाने-पीने का सामान और जरूरी वस्तुएं भी नष्ट हो गईं.
प्रभावित परिवारों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली. सिनिडीह पंचायत में एनएच-32 से चिटाही धाम जाने वाला पुल पानी में डूब गया, जिससे आवाजाही में भारी परेशानी हुई. जलजमाव के कारण कई लोगों को वैकल्पिक मार्ग से घूमकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ा. ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत और स्थायी समाधान की मांग की है.

### खरखरी के श्रमिक आवास में घुसा पानी

**मधुबन।** खरखरी कॉलोनी स्थित श्रमिक आवास में गुरुवार को खरखरी बड़ा तालाब का पानी घुसने से कॉलोनीवासियों में आक्रोश फैल गया. पानी भरने से घरों में जलजमाव हो गया, आंगन और कमरों में पानी भरने से छोटे-मोटे सामान तैरने लगे. कॉलोनी में दुर्गंध फैल गई और महामारी की आशंका गहराने लगी. गुस्साए स्थानीय निवासी, महिलाएं और पुरुष, बड़ी संख्या में खरखरी तालाब पहुंचे और जलनिकासी की समस्या को लेकर हंगामा किया. प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि तालाब के दो जल निकासी स्थानों में से एक को असामाजिक तत्वों ने बंद कर दिया है, जबकि दूसरे में मछली पालकों द्वारा जाली लगाकर जल निकासी अवरुद्ध कर दी गई है. हालांकि बाद में मछली पालकों द्वारा जल्द जलनिकासी सुनिश्चित करने के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए.
कॉलोनीवासियों ने मधुबन पुलिस और उपायुक्त धनबाद को लिखित शिकायत देकर जल निकासी द्वार को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है. लोगों ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी ठोस समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे. पिछले वर्ष भी इसी तरह की स्थिति बनी थी, जब मधुबन पुलिस के हस्तक्षेप के बाद समाधान हुआ था.

## न्यूज अपडेट

### लगातार बारिश से गिरी घर की दीवार, परिवार बेघर



**बरोरा।** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत दरिदा पंचायत पोचरी बस्ती बरघुटू गांव में भारी बारिश के कारण दौनिक मजदूर अनिता देवी का घर अचानक ढह गया. लगातार हो रही बारिश से घर की दीवार टूटने और पानी के अंदर घुसने से पूरा परिवार एक झटके में बेघर हो गया. इस दुखद घटना की सूचना सोनोत संथाल के बाघमारा प्रखंड सचिव रामजीत टुडू ने मुखिया और बीडीओ से आपदा प्रबंधन के माध्यम से प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है. स्थानीय लोगों के अनुसार, भारी बारिश के कारण मिट्टी की नींव कमजोर पड़ गई, जिससे घर की छत एवं दीवाल का हिस्सा सुबह-सुबह भरभराकर गिर पड़ा. परिवार के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, लेकिन उनके पास अब रहने की कोई व्यवस्था नहीं बची है. प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है. मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में और बारिश की चेतावनी जारी की है, जिसके मद्देनजर क्षेत्र में सतर्कता बरती जा रही है.

### शिकायत मिलने पर बीईईओ पहुंचे डिनोबिली स्कूल



**गोमो।** डिनोबिली स्कूल गोमो की एक छात्रा से प्रताड़ना के आरोप को लेकर अभिभावक द्वारा उपायुक्त को शिकायत पत्र दिया गया था. गुरुवार को मामले की जांच के लिए तोपचांची प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद मोदी विद्यालय पहुंचे. उन्होंने स्कूल कार्यालय में घंटों बैठकर जांच की और प्रिंसिपल फादर जेम्स एवं क्लास टीचर जितेश कुमार से पूछताछ की. शिक्षकों ने आरोपों को निराधार बताया. फादर जेम्स ने कहा कि छात्रा में कुछ खामियां थीं, जिसकी जानकारी पूर्व में अभिभावकों को दी गई थी और उन्हें सुझाव दिया गया था कि वह घर पर पढ़ाई कराकर परीक्षा में छात्रा को शामिल करें. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बातचीत के बाद मामला सुलझ गया है और छात्रा अब नियमित रूप से स्कूल आएगी. यदि भविष्य में कोई और शिकायत होती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी.

### गुरु पूर्णिमा पर निकाली साईं बाबा की पालकी यात्रा



**चासनाला।** गुरु पूर्णिमा पर गुरुवार को साईं मंदिर परिसर में गुरु-पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया. इस विशेष दिन पर सुबह से ही भक्तों का मंदिर में आगमन शुरू हो गया था. भक्तों द्वारा साईं बाबा की पूजा-अर्चना और दर्शन का क्रम लगातार चलता रहा. कार्यक्रम के दौरान साईं संस्थान के संरक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई. यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर में ॐ साईं राम के जयघोष गूंजते रहे. पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति-भाव का माहौल बना रहा. साईं भक्तों के लिए विशेष भोग का आयोजन किया गया, जिसे सभी श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया. इस अवसर पर दूर-दराज़ से आए भक्तों ने साईं बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. पालकी यात्रा में विभाष ठाकुर, जयप्रकाश शर्मा, पवन शर्मा, रेणु सिंह, नेहा सिंह, हेमा शर्मा सहित अनेक भक्त शामिल हुए.

### खरखरी में बच्चों के लिए पुस्तकालय का शुभारंभ, शिक्षा की दिशा में सराहनीय पहल



**मधुबन।** खरखरी बाज़ार स्थित सेंट मैरी एकेडमी विद्यालय के समीप गुरुवार शाम बच्चों के लिए एक आधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन बीसीसीएल के पूर्व महा प्रबंधक राजू मिश्रा ने किया. उन्होंने कहा कि खरखरी जैसे छोटे और पिछड़े क्षेत्र में पुस्तकालय की स्थापना अंधेरे में सुई ढूंढने के समान है. यह सराहनीय प्रयास है, पुस्तकालय के संचालक शेख जियाउल और संयोजक चितरंजन नापित को विशेष धन्यवाद दिया कि उन्होंने गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए बेहतर शैक्षिक माहौल देने की पहल की. संयोजक चितरंजन नापित ने बताया कि यह पुस्तकालय पूरी तरह वातानुकूलित है, जिसमें एक साथ 50 बच्चे अध्ययन कर सकते हैं. साथ ही, परिसर में सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई है. बच्चों के लिए आवश्यक सभी विषयों की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी. उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ऐसे क्षेत्रों में शिक्षा को प्रोत्साहित करना है, जहां सुविधाओं की कमी के कारण बच्चे पीछे रह जाते हैं. मौके पर उपस्थित गणमान्य लोगों में खरखरी मुखिया कुंदन रजक, दीपक रवानी, रमेश रवानी, टिंकू मिश्रा, शेख इसराइल, शेख कलाम सहित दर्जनों स्थानीय लोग शामिल थे.

### मुखिया सुनिता ने बांटे दलहन और मकई के बीज



**महुदा।** लोहापट्टी पंचायत के मुखिया सुनिता देवी ने झारखण्ड कृषी विभाग द्वारा आपुर्ति मकई, अरहर, उरद का बीज किसानों के बीच वितरण किया. इस अवसर पर मुखिया सुनिता देवी ने बताया की किसानों को उनके आवश्यकता अनुसार उन्नयन उपजाव के लिए हाईब्रिड बीज का पैकेट दिया गया. मौके पर प्रखण्ड तकनिशियन पदाधिकारी सोनी केशरी, जिला उद्यायन मित्र संजय कुमार महतो, वार्ड सदस्य आशा देवी, उप मुखिया मधुसुदन महतो, लालजी महतो, बानेश्वर महतो, मनोज कुमार महतो, मनोज रविदास, पैन्ड्रा रविदास, ललिता माँझी, सोमरी देवी, शान्ति देवी, गीता देवी, नन्दलाल रविदास, सहित अन्य मौजुद थे.

### भाजपाइयों ने पुजारियों को किया सम्मानित

**महुदा/दुगदा।** भाजपाइयों ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दुर्गा पहाड़ी मंदिर पर जाकर दुर्गा माता जगदंबा माता और अष्टभुजी माता हनुमान मंदिर एवं संतोषी माता भगवान भोलेनाथ मंदिर, दुगदा एफ टाइप मंदिर, कॉलोनी के शिव मंदिर के पुजारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. कार्यकर्ताओं ने मंदिर के पुजारियों का आशीर्वाद लिया. कार्यक्रम में भाजपा के चंद्रपुरा प्रखंड के महामंत्री कमलेश यादव, भाजपा किसान मोर्चा के बोकारो जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर महथा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंडल महामंत्री पप्पू मंडल, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक कुमार वर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी अनिल मुर्मू आदि कार्यकर्ता शामिल हुए.

# गुरु पूर्णिमा पर गंगा स्नान को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



शुभम संदेश। साहिबगंज

झारखंड के एकमात्र जिले साहिबगंज में बहने वाली माँ गंगा के तट पर गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई. भारी बारिश के बावजूद साहिबगंज और राजमहल के गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचे. आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा उत्सव शहर सहित प्रखंड क्षेत्रों के विभिन्न आश्रमों में पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया. शहर के महाजन टोली स्थित बाल जोगेश्वर आश्रम, नील कोठी स्थित संतमत सत्संग आश्रम, संगत घाट स्थित आश्रम, राम घाट साईं बाबा मंदिर आदि विभिन्न जगहों पर गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया. इस दौरान सभी भक्तों ने अपने-अपने गुरुओं की विशेष आरती, पूजन, सत्संग, भोग निवेदन आदि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. पूर्णिमा को लेकर सुबह से ही बाजार में चहल-पहल देखने को मिली. शहर के सूर्य देव घाट, फेरी घाट, बजरंग घाट, रामघाट, नील कोठी घाट, संगत घाट आदि घाटों पर उत्तरवाहिनी गंगा में शहर, प्रखंड एवं बरहरवा, बरहेट, राधा नगर आदि अन्य जगहों से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना कर दान-पुण्य करते दिखे. इसके साथ ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे. उन्होंने स्वयंसेवकों को गुरु और शिष्य के इस पावन उत्सव के संबंध में विस्तार से बताया.

### गुरु पूर्णिमा सह सम्मान समारोह संपन्न

**बोकारो।** सरस्वती विद्या मंदिर, उसी, बोकारो में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा सह सम्मान समारोह अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और सांस्कृतिक भावनाओं के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुआ. इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के सचिव राजकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष स्वाति श्री, समिति सदस्य रजनी और प्राचार्य संजीव कुमार की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही. कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें कक्षा चतुर्थ की छात्रा दर्पण द्वारा कविता पाठ, कक्षा दशम के छात्र आनंद द्वारा दोहा वाचन, शिशु वर्ग की छात्राओं द्वारा सामूहिक गान और कक्षा दशम की छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य जैसी भावनात्मक प्रस्तुतियां शामिल थीं. इन प्रस्तुतियों ने गुरु के प्रति सम्मान और श्रद्धा को भावपूर्ण रूप से प्रस्तुत किया. अंत में, कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ अत्यंत शांत और सात्विक वातावरण में किया गया. यह समारोह न केवल गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और गुरु परंपरा के प्रति आस्था भी जागृत हुई.

### गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास को किया याद

**ललमटिया।** सरस्वती विद्या मंदिर, ललमटिया में गुरुवार को महर्षि वेदव्यास जयंती धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्राओं और आचार्यों ने महर्षि वेदव्यास के जीवन पर विस्तृत चर्चा की. विद्यालय प्रधान सुधीर कुमार सिंह, समिति के सचिव निशु टिबड़ेवाल, कोषाध्यक्ष संतलाल लोहार और विद्यालय के विद्यार्थियों ने महर्षि वेदव्यास के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया. विद्यालय प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह ने उपस्थित आचार्यों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास का जन्मोत्सव गुरु दिवस एवं गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है. महर्षि वेदव्यास चारों वेदों, 18 पुराणों जैसे धर्म ग्रंथों के रचयिता थे. वे गुरुओं के गुरु थे, इसलिए उनके जन्मदिन को गुरु दिवस के रूप में मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि आज का दिन गुरु–शिष्य परंपरा का महान दिन है. भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है. विद्या भारती विद्यालयों में लौकिक ज्ञान के साथ–साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी दिया जाता है. यह उत्सव गुरु व शिष्यों के रिश्तों को प्रगाढ़ बनाता है.

## ब्रीफ खबरें

### अवैध बालू लदे दो हाइवा जब्त, दो गिरफ्तार

**बोकारो।** अनुमंडल पदाधिकारी चास, प्रांजल ढांडा के नेतृत्व में सेक्टर-6 थाना अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर एक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान के दौरान आशालता दिव्यांग विद्यालय के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर परिवहन करते हुए दो हाइवा वाहनों को पकड़ा गया. दोनों वाहनों को विधिवत जब्त कर सेक्टर-6 थाना को सुपुर्द कर दिया गया है और थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. मौके से वाहनों के साथ एक चालक और एक खलासी को भी गिरफ्तार किया गया है. इस विशेष अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो, खान निरीक्षक सीताराम टुडू और पुलिस बल की सक्रिय सहभागिता रही. प्रशासन द्वारा खनिज संपदा के अवैध दोहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे.

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन पर नकेल कसते हुए बुधवार शाम थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बेंगाबाद-चतरो मुख्य पथ पर खुरचुट्टा के पास से अवैध बालू से लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया. कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा. जब्त किए गए ट्रैक्टर को बेंगाबाद थाना लाया गया. इस संबंध में थाना प्रभारी ने आगे की जांच के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दे दी है.

### विधायक ने की झोपड़ीवासियों की मदद

**बोकारो।** सेक्टर वन तिरंगा पार्क के निकट झोपड़ी में रह रहे निवासियों की मदद के लिए विधायक श्वेता सिंह आगे आईं. बीते कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण तिरंगा पार्क के निकट रह रहे 50 झोपड़ी निवासियों की झोपड़ियों में पानी भर गया था. इसकी जानकारी मिलने पर विधायक श्वेता सिंह तुरंत मौके पर पहुँचीं. लोगों ने उन्हें बताया कि तिरंगा पार्क के तालाब में जलस्तर बढ़ने के कारण उससे सटे आसपास के क्षेत्र का भी जलस्तर बढ़ गया, जिससे उनकी झोपड़ियां डूब गईं. विधायक ने तुरंत तिरंगा पार्क के तालाब के पानी निकासी का वाल्व खुलवाया और प्रभावित 50 परिवारों को निकट के एचएससीएल क्लब में सुरक्षित शिफ्ट करवाया.

### डुमरी में बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

**डुमरी (गिरिडीह)।** 33-डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के डुमरी प्रखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के लिए बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और बीएलओ पर्यवेक्षकों हेतु एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. यह प्रशिक्षण 9 जुलाई से 12 जुलाई 2025 तक निर्धारित है. प्रशिक्षण कार्यक्रम को मतदान केंद्र संख्या 1 से 50, 51-100, 101-150 और 151 से 199 तक के बीएलओ और उनके पर्यवेक्षकों के लिए बैच-वार शेड्यूल किया गया है. यह प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलेगा. 10 जुलाई 2025 को दूसरे दिन का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मतदान केंद्र संख्या 51 से 100 तक के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित हुए.

उन्हें विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई. उक्त प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर इंद्रजीत महतो, सुजीत कुमार पाठक और अमित कुमार सिन्हा द्वारा दिया जा रहा है.

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो को भेजा जेल

## चोरी की तीन बाइक और एक टोटो बरामद





शुभम संदेश। गोड्डा

नगर थाना पुलिस ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर एक अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है. डीएसपी मुख्यालय जेपी एन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पुलिस गोढ़ी दुर्गा मंदिर के समीप मुख्य सड़क पर नियमित वाहन चेकिंग कर रही थी. इसी क्रम में सड़क पर आ रही एक नीले रंग की टोटो गाड़ी पुलिस को देखकर तेजी से भागने लगी. पुलिस ने पीछा कर टोटो समेत युवक को पकड़ लिया. युवक की पहचान अभय कुमार (उम्र 23 वर्ष, पिता मेहरू मलिक, ग्राम मायागंज हॉस्पिटल के पीछे कालीघाट, थाना बरारी, भागलपुर, बिहार) के रूप में हुई. पूछताछ करने पर अभय ने बताया कि उसने इस टोटो को बीती रात गोड्डा के हटिया मैदान से चोरी किया था और अब इसे भागलपुर ले जा रहा था. पुलिस द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर अभय ने राज खोलते हुए बताया कि उसका एक सहयोगी मो. अफरोज (उम्र 45 वर्ष, पिता सलाउद्दीन उर्फ शहाबुद्दीन, निवासी पानी टंकी लेन, गुमटी नंबर चार, भीखनपुर जगदीशपुर थाना, इशाकचक, भागलपुर) है. वे दोनों मिलकर भागलपुर से गोड्डा आकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे. उन्होंने अब तक कई गाड़ियाँ चोरी की हैं. आरोपी अफरोज के पकड़े जाने के बाद उसकी निशानदेही पर पूर्व में चोरी की गई तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गईं. बरामद मोटरसाइकिलों में हीरो डीलक्स नंबर जेएच17टी 4324, बजाज कावासाकी नंबर जेएच17ए 4021 और प्लेटिना नंबर जेएच17आर 8061 शामिल है. इसके अलावा, एक मास्टर चाबी भी बरामद की गई है. छापेमारी टीम में थाना प्रभारी दिनेश महली, पुलिस उप-निरीक्षक रोहित कुमार यादव, भोलानाथ दास, रामदेव वर्मा, विपिन यादव, संजय कुमार सिंह, गौरव कुमार सहित अन्य कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

### राजकुमार दत्ता ने किया आत्मदाह का निर्णय स्थगित

**कसमार (बोकारो)।** कसमार चट्टी निवासी राजकुमार दत्ता ने अपनी पत्नी निशा दत्ता की मौत के मामले में न्याय न मिलने पर सपरिवार आत्मदाह के निर्णय को फिलहाल स्थगित कर दिया है. दत्ता ने बताया कि उन्हें धनबाद एसएनएमएमसीएच द्वारा गठित विशेष जांच समिति ने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था. राजकुमार दत्ता अपने दोस्त नीतीश पाल और सुभाष पाल के साथ धनबाद गए और अपना बयान दर्ज करवाया. जांच समिति में मौजूद औषधि विभाग के डॉ. एलबी टुडू, शल्य चिकित्सा विभाग के डॉ. सुनील कुमार और निश्चेतना विभाग के डॉ. यूएन वर्मा के समक्ष उन्होंने निशा दत्ता को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराने से लेकर इलाज, सर्जरी और फिर रिम्स में इलाज, सर्जरी व तमाम जांच प्रक्रियाओं की तिथिवार घटनाक्रम और गतिविधियों की लिखित जानकारी सौंपी. उन्होंने समिति से अनुरोध किया कि उनकी पत्नी निशा दत्ता की मौत एसएनएमएमसीएच और रिम्स में जिन डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही से हुई है, उसकी पूरी पारदर्शिता के साथ जांच करें ताकि उन्हें न्याय मिल सके. राजकुमार दत्ता ने बताया कि चूंकि जांच समिति ने निशा दत्ता की मौत के मामले में जांच शुरू कर दी है, इसलिए उन्होंने 12 जून को सपरिवार बोकारो उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जो आत्मदाह का निर्णय लिया था, वह फिलहाल अगले आदेश तक स्थगित करते हुए जांच समिति की रिपोर्ट का इंतजार करेंगे.

# चेन्नई में करंट लगने से प्रवासी मजदूर की मौत



शुभम संदेश। डुमरी (गिरिडीह)

गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के भरखर निवासी भोला महतो के 32 वर्षीय पुत्र सुरेश महतो की बुधवार को चेन्नई में मौत हो गई. यह खबर मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है. सुरेश महतो घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था. वह अपने पीछे पत्नी मालो देवी, पुत्री खुशबू कुमारी (10), नीतू कुमारी (06) और पुत्र सुभाष कुमार (01) के साथ अपने बुजुर्ग माता-पिता को छोड़ गए हैं. सुरेश महतो चेन्नई में श्रीनिवास इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में काम करता था. जानकारी के अनुसार, 5 जुलाई 2025 को सुरेश महतो कंपनी की लापरवाही के कारण हाईटेंशन टावर में करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था. उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले सिकंदर अली मृतक के घर पहुंचे और संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों का मौत के मुंह में समा जाना यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है. रोजी-रोटी की तलाश में प्रदेश गए प्रवासी झारखंडी मजदूरों की आए दिन मौत की खबर सामने आती रहती है. हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही हैं. ऐसे में पलायन को लेकर सरकार को ठोस नीति बनाने की जरूरत है.

# उपायुक्त ने मंडल कारा में अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश



शुभम संदेश। बोकारो

उपायुक्त अजय नाथ झा ने चास मंडल कारा में सुरक्षा समिति की बैठक की, जिसमें एसपी हरविंदर सिंह भी मौजूद थे. उपायुक्त ने जेल के पास अवैध अतिक्रमण हटाकर चहारदीवारी बनाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए. चास अंचलाधिकारी को अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. उपायुक्त ने जेल अधीक्षक को परिसर और वार्डों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि कैदियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा बनी रहे. सुरक्षा मजबूत करने के लिए दो हाई मास्क लाइट लगाने, मोबाइल नेटवर्क जैमर लगाने और सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का एक महीने का बैकअप रखने का निर्देश दिया गया. उन्होंने वन विभाग के समन्वय से आसपास के पेड़ों की छंटाई करने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए नियमित निगरानी बढ़ाने को भी कहा. बैठक के बाद डीसी और एसपी ने जेल परिसर का निरीक्षण किया और कैदियों के भोजन की गुणवत्ता का जायजा लेने रसोई घर पहुंचे. उन्होंने भोजन की स्वच्छता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया. उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को मंडल कारा में किसी भी सुरक्षा चूक से बचने के लिए सतर्क रहने और नियमित रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया. इस अवसर पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सिविल सर्जन डॉ. ए.बी. प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

# गिरिडीह में कांग्रेस के नए भवन का उद्‌घाटन



शुभम संदेश। गिरिडीह

भारी बारिश के बावजूद गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय के नए भवन का उद्‌घाटन किया गया. उद्‌घाटन समारोह में प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, विधायक सुरेश बैठा, श्वेता सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदीप बालमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, जेपी पटेल, अशोक चौधरी और जिले के प्रखंड अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने शिरकत की. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, संचालन जिला उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा और स्वागत भाषण भवन निर्माण समिति के संयोजक उपेंद्र सिंह ने दिया. इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि नया भवन जिले के लिए गौरव की बात है. उन्होंने बताया कि पांच दशक पुराना भवन काफी जर्जर हो चुका था. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह नया भवन सिर्फ कांग्रेस कार्यालय नहीं, बल्कि आम जनता की समस्याओं के समाधान का केंद्र बनेगा. उन्होंने पूरी जिला कमेटी और भवन निर्माण कमेटी को धन्यवाद दिया. प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि यह भवन सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि पार्टी की मजबूती का प्रतीक है. उन्होंने याद दिलाया कि एक समय था जब गिरिडीह जिले से पार्टी के कई विधायक और सांसद हुआ करते थे और अब संगठन फिर से मजबूत हो रहा है. उन्होंने विश्वास जताया कि समय के साथ परिस्थिति बदलेगी. मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पार्टी का कार्यालय कार्यकर्ता और जनता से जुड़ा होता है और इसका अपना एक विशेष महत्व है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय सिन्हा, लड्डू खान, मदनलाल विश्वकर्मा, चंद्रशेखर सिंह, बिमल सिंह, रघुनंदन सिंह, नूरी, पुरुषोत्तम चौधरी, प्रो. मंजूर अंसारी, कपिल देव, निजामुद्दीन, ताजुद्दीन, ऋषिकेश मिश्रा, निरंजन तिवारी, इकबाल अंसारी, अशोक निराला, मनोज राय, निरंजन राय, नागेश्वर मंडल, धनंजय गोस्वामी, दीपक पाठक, यश सिन्हा, संतोष राय, सचिदानंद सिंह, आयुष, समीर चौधरी, अमित सिन्हा, वरुण सिंह, ताराचंद दास, रणधीर चौधरी, योगेश्वर महथा, दिनेश्वर बिष्करमा, सुदामा राम, श्याम सुंदर सहा, रामाशीष तिवारी, त्रिलोकी पांडेय, पोरेशनाथ मित्रा आदि मौजूद थे.

### गोड्डा में चिल्ड्रेन अस्पताल का शुभारंभ

**गोड्डा।** स्टेशन रोड गोड्डा में बच्चों के लिए एक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त चिल्ड्रेन अस्पताल का शुभारंभ किया गया. सिविल सर्जन गोड्डा डॉ. एस.डी. शर्मा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. वनदेवी झा, और झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य इकरारूल हसन आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्‌घाटन किया. इस अवसर पर चिल्ड्रेन अस्पताल के डॉ. धनंजय त्रिवेदी ने बताया कि अस्पताल में 30 बेड लगाए गए हैं और यह नवजात शिशुओं के लिए एनआईसीयू से सुसज्जित है. उन्होंने बताया कि यहां शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनंत कुमार झा, डॉ. सुमन देवरी, डॉ. रामकृष्ण झा और डॉ. अशोक कुमार मेहता सहित चार डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम काम करेगी. डॉ. अशोक कुमार ने आश्वस्त किया कि नवजात शिशुओं और बच्चों की चिकित्सा सुविधाओं में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी. मौके पर डॉ. श्यामजी भगत, डॉ. पासवान, डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. रामजी भगत सहित कई अन्य चिकित्सक उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**पौड़ैयाहाट।** देवदांड थाना अंतर्गत पिंडाहाट सरका टोला में बुधवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, एक ही बाइक पर सवार होकर दो युवक हटिया से अपने गांव कारी कादर स्थित घर की ओर लौट रहे थे. इसी दौरान हाट से आगे एक तीखे मोड़ पर सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और बाइक को कुचलते हुए निकल गई. इस दुर्घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर देवदांड थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों के शवों को उठाया और सदर अस्पताल गोड्डा भेजवाया. रात्रि होने की वजह से शवों का पोस्टमार्टम नहीं हो सका. गुरुवार को दोनों युवकों की पहचान लखी राम मुर्मू (उम्र 20 वर्ष) और बगोंटा (उम्र 19 वर्ष) के रूप में की गई. पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए. परिजनों के चीत्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया था. मृतक अपने पीछे पत्नी, छोटे-छोटे बच्चों और माता-पिता को छोड़ गए हैं.

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक की मौत, एक घायल

**साहिबगंज।** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलहाट के पास निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का अस्पताल में इलाज चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार, खोचपाड़ा निवासी 24 वर्षीय तजरुद्दीन शेख एक अन्य युवक के साथ बाइक से मंगलहाट की ओर जा रहे थे. इसी दौरान, निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल मुतालिम राजा को तुरंत राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया. प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के मालदा जिले रेफर कर दिया. हालांकि, मालदा ले जाते समय घायल युवक ने दम तोड़ दिया. इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. राजमहल थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है.

### पथरगामा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पथरगामा।** प्रखंड अंतर्गत सोनारचक पंचायत के दर्जी पट्टी मुहल्ला निवासी उत्तम कुमार उर्फ गोलू ठाकुर (28), पिता दिनेश ठाकुर ने बुधवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पत्नी अंजली कुमारी ने बताया कि देवर पुरुषोत्तम ठाकुर की शादी के लिए महगामा में लड़की का छेका करके वे रात एक बजे लौटे थे. इसके बाद, उत्तम कुमार नशे की हालत में अपनी पत्नी से यह कहकर घर से बाहर चले गए कि वे बाहर खड़ी बोलेरो गाड़ी में सोने जा रहे हैं. कुछ देर बाद, अंजली कुमारी अपने पति को गाड़ी में देखने गईं, लेकिन उन्हें वहां नहीं पाया. इसकी जानकारी उन्होंने घर के अन्य सदस्यों को दी. परिवार के सदस्यों ने खोजबीन के दौरान देखा कि उत्तम कुमार गैराज में बोलेरो गाड़ी के पीछे फांसी के फंदे से लटके हुए थे. आनन-फानन में पिता ने उन्हें फंदे से उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरगामा ले गए, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. मोहन पासवान ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक की एक छोटी पुत्री है. घटना की जानकारी मिलने पर पथरगामा थाना की एएसआई ज्योति लक्ष्मी तिवारी घटनास्थल पर पहुंचीं और जांच की. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया. इस संबंध में थाना प्रभारी पथरगामा मनोहर कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही तथ्य का पता चलेगा. पुलिस फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी हुई है.

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मां-बेटा घायल

**बेंगाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के फुरसोडीह गांव में गुरुवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई. इस घटना में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मुनकी देवी और उनके पुत्र बिक्की मंडल पर विरोधी पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया. हमले में मुनकी देवी के दोनों पैरों की हड्डी टूट गई, जबकि बिक्की मंडल के सिर के पास कुल्हाड़ी का वार लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया. ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. घटना की जानकारी मिलते ही बेंगाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विरोधी पक्ष के छोटी मंडल, बासुदेव मंडल, सहदेव मंडल एवं कलावती देवी को हिरासत में ले लिया है. घायल बिक्की मंडल ने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब उनकी बकरी बंधु मंडल के घर के सामने घास चरने चली गई थी. इसी बात को लेकर विरोधी पक्ष के छह-सात लोगों ने एकजुट होकर पहले उनकी मां के साथ मारपीट की और जब उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उन्हें भी पीटकर जख्मी कर दिया. पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है.

### विधायक ने किया लिंक रोड निर्माण का शिलान्यास

**बोकारो।** विधायक श्वेता सिंह ने बुधवार को चीरा चास को बोकारो से जोड़ने वाली एक जर्जर लिंक रोड के पुनर्निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया. यह लिंक रोड लंबे समय से बदहाल स्थिति में थी, जिससे आमलोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था. लगभग 288 फीट लंबी और 15 फीट चौड़ी इस सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी थी कि विशेष रूप से बाइक सवारों को गहरे गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता था. स्थानीय निवासियों की समस्याओं को देखते हुए विधायक श्वेता सिंह ने इसे आपातकालीन कार्य (इमरजेंसी वर्क) के रूप में चिह्नित किया और अपने विधायक फंड से इसका निर्माण कार्य आरंभ कराने का निर्णय लिया. शिलान्यास के मौके पर विधायक ने कहा कि यह रोड आमजन की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है. इसकी जर्जर स्थिति के कारण लोगों की जान जोखिम में पड़ रही थी, इसलिए इसे प्राथमिकता देते हुए निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है. स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर रहीस कौशर, ब्रज भूषण, अंबुज महतो, पूनम यादव, नेहा यादव और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### बाल संरक्षण पर शिक्षकों और छात्रों के लिए कार्यशाला

**दुमका।** जिला बाल संरक्षण इकाई, दुमका और प्रवाह संस्था ने संयुक्त रूप से राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, शिकारीपाड़ा में बाल संरक्षण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया. इसका उद्देश्य शिक्षकों को बाल संरक्षण मुद्दों पर प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में सशक्त करना और छात्रों को बाल यौन शोषण, मानव तस्करी, बाल विवाह और अशिक्षा के प्रति जागरूक करना था. कार्यशाला में प्रवाह के परियोजना समन्वयक प्रेम कुमार ने किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के बारे में जानकारी दी. महिला प्रसार पदाधिकारी टेरेसा मुर्मू ने बाल दुर्व्यवहार से बचाव और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया. शिकारीपाड़ा थाना के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी ने बच्चों को मानव तस्करी, उसके बचाव और एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की सहायता के बारे में बताया. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सुशीला हेमब्रम ने मिशन वात्सल्य की स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी दी. इस मौके पर प्राचार्य प्रवीण कुमार, शिक्षक प्रियंका कुमारी, प्रेमलता हेमब्रम, आशा किरण मरांडी, प्रभा कुमारी, अवधेश कुमार मण्डल, शिवाकांत त्रिपाठी, जुलकार अंसारी, जोएन हांसदा, अनिमा मुर्मू, विष्णु कुमार मंडल सहित प्रवाह संस्था से करण मुर्मू, बिमोली हेमब्रम, मारथा हांसदा और जागरुकता कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद थे.

### बारिश से ढहा मुर्गी शेड, 2 लाख का नुकसान

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड अंतर्गत खैराचातर पंचायत के बसरिया गांव में गुरुवार सुबह मूसलाधार बारिश के कारण गोविंद महतो का मुर्गी शेड पूरी तरह से ढहकर गिर गया. गनीमत रही कि घटना के समय मुर्गी शेड में कोई मुर्गी मौजूद नहीं थी, लेकिन शेड के ढह जाने से लगभग दो लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है. गोविंद महतो ने बताया कि यह शेड उनके और उनके परिवार के जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन था. उन्होंने इस काम के लिए बैंक से लोन भी लिया हुआ है और अब उन्हें परिवार के जीवन-यापन के साथ-साथ बैंक का लोन चुकाने की भी चिंता सता रही है. उन्होंने बताया कि उन्होंने 2016 में अपने खर्चे से 2500 वर्ग फीट में यह मुर्गी शेड बनाकर यह व्यवसाय शुरू किया था. उन्होंने प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है.

### मनोज कपरदार को मिला पत्रकारिता रत्न सम्मान

**कसमार (बोकारो)।** भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ, नई दिल्ली ने अपनी रजत जयंती के अवसर पर दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कसमार प्रखंड के बगदा निवासी जाने-माने लेखक, कला समीक्षक और पत्रकार मनोज कुमार कपरदार को 'पत्रकारिता रत्न' से सम्मानित किया. मनोज कपरदार दो दशक से अधिक समय से पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं.

उनकी तीन पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें से एक पुस्तक झारखंड की आदिवासी कला परंपरा, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल है. उनकी दूसरी पुस्तक झारखंड के भूले बिसरे क्रांतिवीर को हरियाणा सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत शामिल किया है. इससे पहले भी मनोज कपरदार को कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें झारखंड प्रहरी सम्मान, जयशंकर प्रसाद स्मृति सम्मान, स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान, पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन राष्ट्रीय सम्मान, झारखंड सेवा रत्न सम्मान, साहित्य शिखर सम्मान, काव्य शिरोमणि सम्मान और जनप्रिय लेखक 2022 सम्मान शामिल हैं.

## ब्रीफ खबरें

### 175 बोतल नकली शराब जब्त, एक धराया

**झरिया।** तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की रात जयरामपुर मोड़ के समीप वाल्मीकि होटल के बगल स्थित एक कमरा से 175 शराब की बोतलें जब्त की गई हैं. इनका मूल्य 50 हजार से अधिक है. इस मामले में होटल संचालक के भाई जितेंद्र प्रसाद एवं अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. जप्त की गई शराब नकली बताई जा रही है. प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि होटल के बगल में एक छोटे से घर में शराब की बोतलें छिपा कर रखी गई थी, वहीं से बिक्री की जाती थी. सरगना को भी गिरफ्तार कर जेल भेजेंगे. उन्होंने कहा कि जहां भी क्षेत्र में अवैध काम हो रहा है, जनता उन्हें सूचना दे, उन पर कार्रवाई की जाएगी. किसी भी कीमत पर थाना क्षेत्र में अवैध काम नहीं होने देंगे.

### धनबाद रेल मंडल में टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद।** धनबाद मंडल में गुरुवार को मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. मंडल के विभिन्न खंडों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना और सिंगरौली स्टेशनों पर गहन टिकट जांच की गई. जांच अभियान के परिणामस्वरूप 957 यात्रियों को पकड़ा गया, जिनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले, और बिना बुक किए गए सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे. इस दौरान उनसे 5,85,385 रुपये जुर्माने के रूप में वसूल किए गए. साथ ही, पकड़े गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई. चेकिंग टीमों ने स्टेशनों और विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी जांच की. धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है और भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा.

### अनधिकृत पार्किंग पर लगाया गया जुर्माना

**धनबाद।** धनबाद स्टेशन के उत्तरी क्षेत्र में नो पार्किंग जोन में कार और बाइक खड़ी करने के कारण 9 व्यक्तियों को उनकी गलती बताते हुए और मानवाधिकार नियमों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया. सभी मामलों को आगे की कार्रवाई के लिए रेल न्यायालय, धनबाद को सौंप दिया गया.

# बूथ लेवल एजेंटों की शीघ्र नियुक्ति करें राजनीतिक दल : एसडीओ

## अनुमंडल पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**शुभम संदेश। धनबाद**

40 - धनबाद विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कार्यालय में बैठक आयोजित की गई. बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों से सभी मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल एजेंटों (बी.एल.ए.) की शीघ्र नियुक्ति करने का अनुरोध किया. बताया गया कि बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (विशेष गहन पुनरिक्षण) शुरू हो गया है. जिसमें बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को उनके कार्य एवं कर्त्तव्य, बूथ अवेयरनेस ग्रुप, दावा आपत्ति से जुड़े विभिन्न प्रपत्र, 11 अधिकृत दस्तावेज सहित अन्य बिंदुओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. मौके पर धनबाद विस के एईआरओ शशिकांत सिंकर, रविन्द्र नाथ ठाकुर, विकास आनंद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सोनु दुबे, भारतीय जनता पार्टी के नरेन्द्र त्रिवेदी, आजसू के रतिलाल महतो, आम आदमी पार्टी के अरविंद कुमार, बहुजन समाज पार्टी के अभय कुमार तथा अन्य लोग मौजूद थे.

# ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के शिविर में 57 यूनिट रक्त संग्रह

## रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**शुभम संदेश। धनबाद**



ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स और लिब्रा हुंडई सर्विस के तत्वावधान में हीरक रोड बाईपास, भेलाटांड़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में एशियन जालान ब्लड बैंक और अशर्फी ब्लड बैंक ने मिलकर कुल 57 यूनिट रक्त संग्रह किया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार विश्वकर्मा ने किया. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में किन्नर समाज की प्रदेश सचिव श्वेता किन्नर, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद सिंह, लिब्रा हुंडई के निदेशक राहुल कुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ के डॉ. अमित तिवारी, लिब्रा हुंडई के जीएम अवतार सिंह, ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल, ब्रिज भूषण सिंह, और सुब्रतो तिवारी उपस्थित थे. इन लोगों ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और रक्तदान सभी को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मुस्कान एक प्रयास की संस्थापक ललिता चौहान, संजय चौहान, ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के केंद्रीय सचिव रोहित मंडल, केंद्रीय सदस्य अमित कुमार रवानी, विश्वजीत मंडल, सदस्य अनिकेत मंडल, राहुल मंडल, सचिन मंडल, चिरंजित मंडल, अनीश मंडल, एशियन ब्लड बैंक के मेडिकल ऑफिसर डॉ. एन.के. सिंह, अशर्फी ब्लड बैंक के मनीष कुमार, प्रदीप सिंह, सोनू, दुर्गा झा, रश्मि सिंह, पिंटू सिंह, कौशिक आर्य, रजनी, और अन्य लोग उपस्थित थे. ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल ने कहा कि जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए धनबाद के सभी ब्लड बैंकों को हर साल एक-एक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा. इससे धनबाद के सभी ब्लड बैंकों में रक्त की कमी नहीं होगी और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की हमारी मुहिम निरंतर जारी रहेगी.

# पथ निर्माण विभाग पर भाजपा नेता ने उठाए सवाल

## सरकारी धन के दुरुपयोग के खिलाफ करेंगे आंदोलन : पंकज

**शुभम संदेश। धनबाद**



भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के जिला मंत्री व मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ने पथ निर्माण विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं. सूचना के अधिकार के तहत भूली आरा मोड़ से झारखंड मोड़ तक की मुख्य सड़क के निर्माण कार्य को लेकर पूछे गए तीन सवालों के जवाब में विभाग ने अस्पष्ट और अपूर्ण जानकारी दी, जिससे पारदर्शिता की कमी उजागर हुई है. उक्त सड़क की स्थिति वर्तमान में ठीक होने के बावजूद हाल ही में इसके पुनर्निर्माण को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी है. लोगों ने इसे जनता की मेहनत की कमाई की बर्बादी करार दिया है. पंकज सिन्हा ने विभाग से निम्नलिखित सवाल पूछे थे. इस सड़क का अंतिम निर्माण कब हुआ और उसकी लागत क्या थी? वर्तमान पुनर्निर्माण की कुल अनुमानित लागत क्या है? पांडरपाला बाईपास से पटेल चौक, काली मंदिर होते हुए राजकीय पॉलिटेक्निक तक की सड़क पिछले 15 वर्षों से जर्जर है और वहां रोजाना दुर्घटनाएं हो रही हैं. इसकी अनदेखी क्यों? विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा दिए गए जवाब को अपूर्ण और असंतोषजनक बताते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि यह विभाग की गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली और जनहित की उपेक्षा को दर्शाता है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो भाजपा धनबाद महानगर सड़कों की बदहाली और सरकारी धन के दुरुपयोग के खिलाफ जन आंदोलन शुरू करेगी.

# बाबूडीह में बने निगम के आवास का अगले सप्ताह होगा गृह प्रवेश

**खास बातें**

- भाजपा सांसद, विधायक, मेयर ने गरीबों के लिए नहीं किया काम : नीलम
- जनता किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे

**शुभम संदेश। धनबाद**



झामुमो की केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य डॉ. नीलम मिश्रा ने गुरुवार को जानकारी दी कि धनबाद नगर निगम द्वारा बाबूडीह में झारखंड सरकार की पहल के तहत जरूरतमंद और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए किफायती आवासों का निर्माण किया गया है. यह योजना उन लोगों के लिए आशा की किरण है, जिनके पास अब तक अपना घर नहीं था. इस परियोजना का उद्घाटन 11 जुलाई को राज्य के शहरी विकास मंत्री सुद्दिव्य कुमार सोनू द्वारा होने वाला था, लेकिन मंत्रिपरिषद की बैठक के कारण इसे स्थगित कर दिया गया है.

आगामी सप्ताह में उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, और जरूरतमंद परिवारों को विधिवत गृह प्रवेश कराया जाएगा. डॉ. मिश्रा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को जनकल्याण से कोई सरोकार नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों तक धनबाद में भाजपा के सांसद, विधायक और मेयर रहे, लेकिन गरीबों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. अब जब झारखंड सरकार गरीबों को सम्मानजनक आवास प्रदान कर रही है, तब भी भाजपा सस्ती राजनीति और भ्रम फैलाने में लगी है. डॉ. मिश्रा ने जनता से अपील की कि वे भाजपा के भ्रामक प्रचार से सावधान रहें. झारखंड मुक्ति मोर्चा वादा करता है कि बाबूडीह में बने आवासों का शीघ्र उद्घाटन होगा और लाभार्थियों को सम्मानपूर्वक गृह प्रवेश कराया जाएगा. जनता किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे.

# प्रोन्नति के लिए निम्न वर्गीय लिपिकों ने लिया प्रशिक्षण



**शुभम संदेश। धनबाद**

उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में निम्न वर्गीय लिपिकों को लेखा परीक्षा के विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया. इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि निम्न वर्गीय लिपिकों को विभागीय लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होने के उपरांत ही उच्च वर्गीय लिपिक में प्रोन्नति देने का प्रावधान है. इसलिए उनको लेखा परीक्षा से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण देना आवश्यक है. पेंशन, बजट, बिल, वित्तीय नियमावली, बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली / रूल्स ऑफ एग्जीक्यूटिव बिजनेस, सेवा नियमावली, सामान्य भविष्य निधि/यात्रा भत्ता का प्रशिक्षण दिया गया. जिसमें पंकज कुमार वर्मा, राज्य-कर पदाधिकारी, अन्वेषण ब्यूरो, धनबाद प्रमण्डल ने पेंशन, बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली / रूल्स ऑफ एग्जीक्यूटिव बिजनेस, डी.एन. रॉय, सहायक आयुक्त, नागरीय अंचल ने बजट व सेवा नियमावली, पंकज कुमार, कोषागार पदाधिकारी ने बिल तथा सामान्य भविष्य निधि/यात्रा भत्ता तथा नारायण राम, कार्यपालक दण्डाधिकारी ने वित्तीय नियमावली का प्रशिक्षण दिया.

## आसनसोल

### मैथन स्टील एंड पावर लिमिटेड में बड़ा हादसा

# एक मजदूर की मौत, दो घायल

- मजदूरों ने जताया आक्रोश
- बारिश में 30 फीट ऊंचा शेड गिरने से हुआ हादसा

**शुभम संदेश। सालानपुर**



देंदुआ पंचायत अंतर्गत मैथन स्टील एंड पावर लिमिटेड एमएसपीएल फैक्ट्री में बुधवार को हुए एक बड़े हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई और मजदूरों ने गेट के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया. सूत्रों के अनुसार, हादसा फैक्ट्री के शेड नंबर दो की छत गिरने से हुआ. बताया गया कि तेज बारिश के दौरान अचानक 30 फीट ऊँचा शेड गिर पड़ा, जिससे बिहार के गया निवासी संजय मंडल की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक का पैर कट गया. घायलों को आसनसोल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त मजदूरों ने जान बचाने के लिए इधर-उधर दौड़ लगाई. मजदूरों का आरोप है कि फैक्ट्री में सुरक्षा के कोई समुचित उपाय नहीं हैं और बार-बार चेतावनी देने के बावजूद फैक्ट्री प्रबंधन ने कोई ध्यान नहीं दिया. घटना की जानकारी मिलते ही सालानपुर थाना, रूपनारायणपुर चौकी की पुलिस तथा एसीपी जावेद हुसैन व आईसी अमित हाटी मौके पर पहुंचे. हालांकि फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. इधर, हादसे के बाद राजनीतिक माहौल भी गर्म हो गया. फैक्ट्री के अंदर बीजेपी नेताओं और पुलिस प्रशासन के बीच तीखी झड़प हो गई, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई. तृणमूल श्रमिक संघ के नेता मनोज तिवारी ने कहा कि मृतक श्रमिक के परिवार से बात कर उचित मुआवजा दिलाने की पहल की जाएगी. मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर फैक्ट्री में सुरक्षा व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो वे काम बंद कर आंदोलन को और तेज करेंगे.

# अल्ट्रासोनोग्राफी के लिए पहुंची गर्भवती महिला से बदसलूकी

**शुभम संदेश। आसनसोल**



धनबाद से अल्ट्रासोनोग्राफी कराने आई 30 वर्षीय गर्भवती महिला ब्यूटी कुमारी के साथ आसनसोल के हेल्थवर्ल्ड हॉस्पिटल में कर्मचारियों द्वारा की गई बदसलूकी, धक्का-मुक्की और मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़िता और उसके पति सूरज कुमार ने आसनसोल उत्तर थाना में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर को भी लिखित शिकायत दी है. सूरज कुमार ने बताया कि वह गुड़गांव में कार्यरत हैं और पत्नी की गर्भावस्था के कारण उसे धनबाद लाए थे. उनकी पत्नी का ससुराल सृष्टिनगर में है, जहां से मंगलवार को हेल्थवर्ल्ड हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड के लिए अपॉइंटमेंट मिला. बुधवार को वे तय समय पर अस्पताल पहुंचे, 3100 रुपये की रसीद कटवाई, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उनकी पत्नी की जांच नहीं हुई. भूख और कमजोरी के कारण जब पत्नी की तबीयत बिगड़ने लगी, तो सूरज ने पैसे वापस मांगने की कोशिश की, लेकिन बिलिंग डिपार्टमेंट ने इनकार कर दिया. सूरज ने मोबाइल से रिकॉर्डिंग शुरू की तो अस्पताल कर्मचारी मोनोजीत कोयले के नेतृत्व में कुछ लोगों ने उनका मोबाइल छीन लिया और उनके साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की. अंततः बिना पैसे लौटाए पति-पत्नी को अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया. सूरज ने कहा कि यह घटना बेहद शर्मनाक है और वे चाहते हैं कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में किसी और के साथ ऐसा न हो.

## न्यूज अपडेट

### महिला का 10 किलो के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

**रानीगंज।** नवद्वीप निवासी जमुना मंडल को रानीगंज स्थित सुभदर्शिनी सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में सफल ऑपरेशन के बाद नया जीवन मिला है. महिला के पेट में दो फुटबॉल के आकार का लगभग 10 किलो वजनी अंडाशयी ट्यूमर था, जिसे प्रसिद्ध गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. सर्वानी मंडल ने सफलतापूर्वक हटाया. इस कठिन ऑपरेशन में प्रसिद्ध सर्जन डॉ. सैकत बायन ने सहयोग किया. डॉ. सर्वानी ने बताया कि ट्यूमर का आकार ज़िफॉइड प्रक्रिया से लेकर सिम्फिसिस प्यूबिस तक फैला हुआ था. मरीज पहले भी लैपरोटॉमी सर्जरी से गुजर चुकी थी, लेकिन संभवतः उस समय ट्यूमर पूरी तरह नहीं हटाया गया था, जिससे यह मामला ट्यूमर की पुनरावृत्ति का था. ऑपरेशन की जटिलता इस कारण और बढ़ गई क्योंकि ट्यूमर बड़ी आंत से चिपका हुआ था. मरीज का हीमोग्लोबिन स्तर भी बहुत कम था, जिसके कारण ऑपरेशन से पहले उसे कुल 5 यूनिट रक्त चढ़ाया गया. ऑपरेशन के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है.

### बराकर गायत्री मंदिर में नौ कुंडी यज्ञ का आयोजन

**बराकर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बराकर के गायत्री नगर स्थित गायत्री मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर नौ कुंडी गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और यज्ञ में आहुति अर्पित की. प्रातःकाल से ही मंदिर में पूजा-पाठ और मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. मंदिर के प्रधान पुजारी सतीश शर्मा के नेतृत्व में यज्ञ, नामकरण संस्कार सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया. ट्रस्टी स्व. प्रभाती लाल अग्रवाल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के विजय कृष्ण खेमानी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, महेश अग्रवाल, नरेश गोयल, उमंग पोद्दार एवं दीपक दुधनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.

### पीएम की जनसभा को लेकर दीवार लेखन शुरू

**कुल्टी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 18 जुलाई को दुर्गापुर के नेहरू स्टेडियम में प्रस्तावित भव्य जनसभा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. इसी कड़ी में कुल्टी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता जिशान कुरैशी की अगुवाई में दीवार लेखन अभियान की शुरुआत की गई. कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है. प्रधानमंत्री की इस जनसभा के बाद पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी को नई दिशा मिलेगी और भाजपा का डंका बजेगा. देश में विकास की धारा बह रही है. सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर चलकर केंद्र सरकार ने हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है. उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में विकास की वास्तविक उम्मीद केवल भाजपा सरकार से ही है. जनसभा की सफलता के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जनसंपर्क और प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं.

### कोऑपरेटिव बैंक चुनाव, सभी निर्विरोध निर्वाचित

**रानीगंज।** रानीगंज कोऑपरेटिव बैंक के चुनाव में लोकतांत्रिक सौहार्द का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला, जहां निर्धारित 27 सीटों पर सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए. आगामी 25 जुलाई को प्रस्तावित चुनाव अब केवल औपचारिकता भर रह गया है. बैंक सूत्रों के अनुसार, नामांकन प्रक्रिया 8 और 9 जुलाई को आयोजित की गई थी. निर्धारित 27 सीटों के लिए कुल 27 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिससे सभी उम्मीदवारों को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया. इस उपलब्धि पर बैंक से जुड़े सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और सहयोग की भावना के लिए आभार जताया. इस संबंध में बैंक के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि रानीगंज कोऑपरेटिव बैंक सदैव राजनीति से दूर रहकर आम जनता की सेवा करता आया है. शांतिपूर्ण वातावरण और आपसी सहयोग की भावना के चलते चुनाव प्रक्रिया भी सौहार्दपूर्ण रही. नामांकन के पहले दिन बैंक परिसर में रानीगंज बोरो अध्यक्ष मुजम्मिल शहजादा और टाउन अध्यक्ष रूपेश यादव भी उपस्थित रहे. दोनों नेताओं ने बैंक की निष्पक्षता और पारदर्शिता की सराहना की. मुजम्मिल शहजादा ने कहा कि यह चुनाव आपसी सहमति और समझदारी का प्रतीक है. कोऑपरेटिव बैंक रानीगंज की आम जनता का बैंक है और हम नवगठित समिति को शुभकामनाएं देते हैं.

# कुल्टी से कांवड़ियों का पहला जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना



**शुभम संदेश। कुल्टी**

गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कुल्टी से कांवड़ियों का पहला जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना हुआ. कुल्टी के विभिन्न क्षेत्रों से जुटे महिला एवं पुरुष श्रद्धालु पहले स्थानीय मंदिरों में पूजा-अर्चना कर गेरुआ वस्त्र धारण किए और बोल बम के जयघोष के साथ कुल्टी स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया. कांवड़ियों दल के श्रीकांत प्रसाद ने बताया कि पिछले तीन दशकों से कुल्टी से पूर्णिमा के दिन कांवड़ यात्रा की यह परंपरा जारी है. जत्थे में संदीप अग्रवाल, विनोद चौधरी, सुभाष प्रसाद, महावीर गुप्ता, महेश साहनी, अमित दत्त, कृष्ण कुमार शर्मा, राधा कृष्ण, प्रभात कुमार शर्मा, अर्जुन साव, आयुष प्रसाद, सूरज कुमार केशरी, सरिता केशरी, रास बिहारी चौधरी, अस्मिता गुप्ता, राहुल कुमार, लालटू रूइदास, उज्ज्वल गोराई, राजू बर्मा, बसंत चौधरी, रामबिलास साव, विकास, विशाल, शिव शंकर, पार्वती, चैताली, संध्या, प्रभात, विक्की, टानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हैं. दल सुल्तानगंज में उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरकर देवघर स्थित बाबा बैजनाथ मंदिर में जल अर्पण करेगा. यात्रा के दौरान सेवा शिविरों में चिकित्सा और खाद्य सामग्री वितरण की भी व्यवस्था की गई है.

### मंदिर कमिटी ने लगाया पुजारी पर आरोप

**बराकर।** बराकर के मद्रासी पाड़ा स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर में मंगलवार देर रात हुई घटना को लेकर गुरुवार को मंदिर कमिटी शिव शक्ति समिति ने प्रेस वार्ता आयोजित की. समिति ने मंदिर परिसर में अनाधिकृत रूप से रह रहे बिंदेश्वरी गिरी को घटना का जिम्मेदार ठहराया. समिति ने स्पष्ट किया कि पुजारी गिरी द्वारा चार कमिटी सदस्यों पर लगाए गए आरोप निराधार हैं. समिति अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष जमुना गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेश चंद्र तिवारी, पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक सिंह सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि मंदिर निर्माण से पूर्व गिरी बाहर रहता था. समिति द्वारा समाज के सहयोग से मंदिर बनवाया गया और सहमति से गिरी को ठहरने की अनुमति दी गई. रेल ब्रिज निर्माण के दौरान मंदिर स्थानांतरण की प्रक्रिया में गिरी ने कमिटी की जानकारी के बिना मास पिटिशन कर रेल मंडल से पत्राचार किया. आरोप है कि वह मंदिर को नशेड़ियों के अड्डे में बदलना चाहता है, जिसे समिति स्वीकार नहीं करेगी.

# पुलिस ने किया धरने पर बैठी महिला प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

- बिना महिला पुलिस के की गई कार्रवाई, 6 गिरफ्तार

**शुभम संदेश। कुल्टी**



कुल्टी थाना अंतर्गत नियामतपुर पुलिस फाड़ी क्षेत्र के चिनाकुड़ी इलाके में बुधवार को एक बार फिर उस समय तनाव का माहौल बन गया जब धरना दे रहीं महिला प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने बिना महिला पुलिस बल के लाठीचार्ज कर दिया. यह धरना प्रदर्शन स्थानीय समस्त ग्राम कमिटी के बैनर तले पिछले सात दिनों से चल रहा था. प्रदर्शनकारी इन्वेटिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 90 प्रतिशत स्थानीय लोगों को नौकरी पर रखने की मांग कर रहे थे. यह कंपनी ईसीएल से टेंडर लेकर इलाके में कोयला खनन का काम शुरू करने वाली है. बताया जा रहा है कि बुधवार को नियामतपुर फाड़ी प्रभारी अखिल मुखर्जी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और धरना समाप्त करने का आदेश दिया. लेकिन जब महिलाएं हटने को तैयार नहीं हुईं, तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया. मौके पर महिला पुलिस मौजूद नहीं थी, जिससे और भी आक्रोश फैला.

इधर धरना में बैठे 6 लोगों को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग थाने पहुंचकर घेराव करने लगे और गिरफ्तार लोगों को रिहा करने की मांग की. भाजपा नेता केशव पोद्दार ने महिला प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज व गिरफ्तारी की निंदा करते हुए थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की. उन्होंने कहा कि आंदोलन करना अपराध नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकार है. घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है.



# मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने में मददगार है अरोमाथेरेपी

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिजिकल हेल्थ खराब होने के साथ ही मेंटल हेल्थ पर भी काफी असर पड़ रहा है। हर दूसरा बंदा काम के बोझ के तले इतना दब गया है कि उसे अपने लिए टाइम ही नहीं है। तनाव के कारण एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी दिक्कत होने लगी है। लोगों की नींद प्रभावित हो रही है, फोकस करने में परेशानी आती है। अगर आप भी इस तरह की परेशानी होती है तो आप मेंटल हेल्थ को बूस्ट करने के लिए अरोमाथेरेपी का सहारा ले सकते है।

## क्या होती है अरोमाथेरेपी

अरोमाथेरेपी जैसा की इसके नाम से मालूम चल रहा है अरोमा मतलब खुशबू और थेरेपी मतलब इलाज,खुशबू की मदद से इलाज करने को ही हम अरोमाथेरेपी कहते हैं । यह मानसिक तनाव का इलाज करने का सबसे कारगर तरीका है। एसेंशियल ऑयल्स इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है,यह तेल पौधों,जड़ी बूटियों फूलों,पंखुड़ियों जैसी चीजों से निकाले जाते हैं।

## मेंटल हेल्थ को कैसे बूस्ट करता है अरोमाथेरेपी

एक्सपर्ट के मुताबिक लैवेंडर कैमोमाइल जैसे एसेंशियल ऑयल्स में शांत करने वाले गुण होते हैं जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद करते हैं,इससे बेहतर नींद को बढ़ावा मिलता है और जब आप सुकून भरी नींद सोते हैं तो इससे मस्तिष्क के सेल्स रिपेयर होते हैं । एसेंशियल ऑयल्स की खुशबू लेने से कोर्टिसोल का स्तर कम हो सकता है,जो तनाव के लिए जिम्मेदार हार्मोन होता है,जब आपका कोर्टिसोल हार्मोनकम होता है तो आपको सुकून भरी नींद आती है इससे मेंटल हेल्थ बूस्ट होता है। एसेंशियल ऑयल्स मूड पर पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं,अवसाद की भावनाओं को कम कर देवदार की लकड़ी और चंदन जैसी सुगंध गहरी, अधिक आरामदायक नींद चक्र को बढ़ावा देकर नींद की गुणवत्ता को बढ़ा सकती है। क्लैरी सेज जैसे एसेंशियल ऑयल नींद को नियंत्रित करने वाले हार्मोन को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं जिससे नींद का पैटर्न सही हो जाता है। अच्छी खुशबू वाला कमरा एक शांत और आरामदायक वातावरण बनाता है जिससे आराम करना और नींद आना आसान हो जाता है।



# स्किन और नाखूनों से दिखाई देती है किडनी की बीमारी

**स्किन और नाखूनों से ये दिखाई देता है कि हमारी किडनी में किस तरह की बीमारी होने जा रही है। आपको ये ध्यान रखना चाहिए कि किडनी के लक्षण काफी गंभीर हो सकते हैं।**

हमारा शरीर आने वाले हर खतरे का संकेत पहले से ही देने लगता है। शरीर में अगर कोई बड़ी समस्या होने वाली है तो उससे पहले छोटी-छोटी चीजों से हमें कुछ न कुछ संकेत मिलते रहते हैं। शरीर का कोई भी बड़ा ऑर्गन खराब हो रहा हो तो कई बार हमें स्किन और बालों के जरिए भी उसके संकेत मिलने लगते हैं। ऐसा ही किडनी की बीमारी के साथ भी होता है। किडनी की बीमारी होने से पहले स्किन पर कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। यहां सिर्फ बालों का झड़ना या फिर हेयर लाइन शुरू होते ही पतेकी स्किन नहीं बल्कि नाखूनों, पैरों, हाथों आदि पर भी असर दिखता है और आपको ये ध्यान रखना चाहिए कि अगर ऐसे कोई लक्षण दिख रहे हैं तो आपको एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए। पर आखिर कौन से संकेत हैं जो साफ दिखाई देते हैं।

## किडनी की बीमारी के समय शरीर में होती है ये समस्या

स्किन, बाल और नाखून हमारी सेहत को लेकर बहुत ही जरूरी संकेत देते हैं। कोई भी छुपी हुई बीमारी जैसे माल्न्यूट्रीशन, माइक्रोन्यूट्रिएंट्स का ओवरडोज, दवाओं का असर या बीमारी आदि के संकेत इन दोनों से मिल जाते हैं। जिन लोगों को किडनी की बीमारी या किडनी फेलियर का रिस्क होता है उन्हें जिंक, कैल्शियम, आयरन, विटामिन क्रजैसे मिनरल्स दिए जाते हैं। जिन मरीजों को डायलेसिस की जरूरत होती है उन्हें इन मिनरल्स की कमी के लिए रीनल विटामिन्स दिए जाते हैं जिनमें विटामिन क्रकॉम्प्लेक्स के हाई लेवल होते है। कैल्शियम और आयरन को ब्लड लेवल में मॉनिटर किया जाता है और अगर ये लेवल कम होते हैं तो सप्लिमेंट्स उसी हिसाब से दिए जाते हैं।

## किडनी की बीमारी के कारण स्किन पर दिखते हैं ये असर

किडनी की बीमारी के कारण शरीर में टॉक्सिन्स काफी बढ़ जाते है और इसके कारण स्किन में नाइट्रोजन भी बढ़ जाता है। स्किन बहुत ड्राई, खुजली वाली हो जाती है। इसी के साथ, स्किन में क्रैक्स, स्केल्स आदि बनने लगते हैं। स्किन काफी पतली हो जाती है और बहुत आसानी से स्ट्रेच मार्क्स भी आ जाते हैं जो कच्चे होते हैं और खुजली वाले भी होते हैं। इनमें आसानी से ब्लीडिंग होने लगती है। स्किन ज्यादा सफेद दिखने लगती है और इसका रंग भी ग्रे, ब्लू, पर्पल या येलो शेड का हो जाता है। सिस्ट्स और स्पॉट्स भी दिख सकते हैं।

## हाथ और पैरों में आ जाती है बहुत ज्यादा सूजन



हाथों और पैरों में सूजन, चेहरे में सूजन, एड़ियों में सूजन आना बहुत ही आम लक्षण है जिसे लेकर आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। शरीर से टॉक्सिन्स ठीक तरह से बाहर न निकल पाने के कारण ये होता है और आपको इस बात का ध्यान भी रखना चाहिए कि ऐसा लक्षण गंभीर समस्या की तरफ इशारा करता है इसलिए डॉक्टर से सलाह लें।

## किडनी की बीमारी के कारण नाखूनों पर दिखते हैं ये असर

नाखूनों पर भी किडनी की बीमारी का असर साफ दिखाई देता है। सफेद बैंड्स या स्पॉट्स नाखूनों पर बनने लगते हैं और ये कमजोर, कच्चे और पतेकी हो जाते हैं। अक्सर ऐसे नाखूनों के बीच में लाइन बनने लगती है। हमारे नाखून कई और बीमारियों के संकेत भी देते हैं और ऐसे में हमें ये ध्यान रखना चाहिए कि हम ऐसे कोई भी लक्षण के दिखने पर डॉक्टर से बात करनी चाहिए।

## स्किन पर दाने और रैशेज



जैसा कि हम पहले बता चुके है कि किडनी की बीमारी के कारण शरीर में टॉक्सिन बहुत ज्यादा इकट्ठा हो जाता है और ये रैशेज, बंप्स, ब्लीडिंग वाली स्ट्रेचमार्क्स आदि का कारण बनता है ऐसे में आप शरीर में कई तरह के मिनरल्स आदि का टेस्ट करवा सकते हैं। ये सारे लक्षण किसी अन्य वजह से भी हो सकते हैं, लेकिन ऐसा भी हो सकता है कि ये सिर्फ और सिर्फ किडनी के कारण हों। आपको ये ध्यान रखना होगा कि अगर आपको कोई समस्या हो रही है तो एक्सपर्ट की सलाह लेना ही किसी गंभीर रोग से मुक्ति का अच्छा कारण हो सकता है। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न दिखाएं और डॉक्टर से सलाह लेते रहें।



# क्या आपको भी बार-बार बर्फ खाने का मन करता है हो सकता है इस बीमारी का संकेत

**क्या आपको भी हर वक्त कच्चा बर्फ चबाने का दिल करता है। अगर हां तो आपको फौरन डॉक्टर से मिलना चाहिए क्योंकि यह एक गंभीर डिसऑर्डर की तरफ इशारा करता है।**

गर्मियों के मौसम में हर किसी को कुछ ना कुछ ठंडा खाने का मन करता है। ठंडा पानी तो हर कोई पीता है, लेकिन आइसक्रीम मिल जाए तो सोने पर सुहागा हो जाता है। गर्मी से राहत पाने के लिए कुछ लोग तो घर में रखे आइस क्यूब भी खाते हैं। लेकिन अगर आप बार-बार कच्ची बर्फ चबाते है तो इसे इग्नोर ना करें। दरअसल आपकी यह आदत किसी बीमारी की तरफ इशारा करती है। आइए जानते है बार-बार बर्फ खाने का मन क्यों करता है।

क्या आपको भी बार-बार बर्फ खाने का मन करता है आपको भी बार-बार बर्फ खाने की क्रेविंग होती है तो शायद आप पिका डिसऑर्डर से पीड़ित हैं। वैसे तो यह बच्चों या गर्भवती महिलाओं में होता है,लेकिन अगर आप में आयरन की कमी हो तो भी आपको इसकी क्रेविंग हो सकती है। एक्सपर्ट बताते हैं कि एनीमिया से पीड़ित लोगों में रेड ब्लड सेल्स की कमी हो जाती है ऐसे में लोगों को बर्फ खाने की इच्छा बढ़ जाती है। वही जो लोग मानसिक तनाव से गुजर रहे होते है उन्हें भी बर्फ खाने की क्रेविंग होती है। अगर यह क्रेविंग लंबे समय तक बनी हुई है तो आपको तुरंत डॉक्टर से मिलकर इसका इलाज करवाना चाहिए।

## क्या हैं इसके नुकसान

- दांतों में दर्द, बर्फ आपके दांत की इनेमल की परत को डैमेज कर सकती है।
- एनीमिया की गंभीर समस्या,इसके कारण हार्ट हेल्थ को नुकसान पहुंचता है।
- पेट में इंफेक्शन और कब्ज की समस्या



# थायराइड कैसे करता है हार्ट हेल्थ को प्रभावित

आजकल थायराइड की बीमारी काफी आम हो चुकी है। थायराइड रोग वह स्थिति है जिसमें थायराइड ग्लैंड शरीर की जरूरत से कम या अधिक हार्मोन का निर्माण करने लगता है जिसके कारण कई सारी समस्याएं पैदा होती है। थायराइड के कारण जहां मोटापा हेयर फॉल , जोड़ों में दर्द जैसी समस्या होती है वहीं यह दिल की सेहत को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। इसको लेकर हमने एक्सपर्ट से बात की है। आइए जानते है थायराइड कैसे दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा देता है।

## कैसे करता है हार्ट हेल्थ को प्रभावित

एक्सपर्ट बताती है की दोनों ही थायराइड हार्ट हेल्थ को प्रभावित करता है। हाइपोथायरायडिज्म की बात करें तो इसमें थायराइड हार्मोन का लेवल शरीर में कम हो जाता है,इससे थायराइड ग्लैंड का फंक्शन कम होने लगता है,इससे मेटाबॉलिज्म खराब हो जाता है,इससे दिल को नुकसान हो सकता है जैसे इससे हार्ट रेट स्लो हो जाता है,इससे आपको ब्रेडीकार्डिया की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ सकता है,इसके कारण हृदय का फैलाव हो सकता है। इससे दिल का दौरा पड़ सकता है।थायराइड बढ़ने से हार्ट की धमनियां संकरी होने लगती है,इससे ब्लड का सर्कुलेशन ठीक ढंग से नही हो पाता है,लंबे समय तक यह स्थिति बनी रहने पर हार्ट अटैक आने का खतरा बना रहता है। हाइपरथायरायडिज्म में आपका थायराइड ग्लैंड ओवर एक्टिव हो जाता है इससे हाइपर मेटाबॉलिज्म होता है जिससे हार्ट रेट बढ़ सकता है,इससे ट्रैकी कार्डिया की स्थिति पैदा हो सकती है। इस स्थिति में भी हार्ट का फैलाव हो जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और इस तरह से हार्ट को नुकसान पहुंचता है।



# छींक क्यों नहीं रोकनी चाहिए

**छींक आना नॉर्मल है। लेकिन, अगर आपको बहुत अधिक छींक आती है, तो इसे नजरअंदाज करें। इसके अलावा, अगर आप छींक आते वक्त इसे रोकती हैं, तो इससे भी सेहत को नुकसान हो सकता है।**

हमारा शरीर सेहतमंद रहने के लिए कई नेचुरल प्रोसेस को फॉलो करता है। पेट साफ होना, गैस बाहर निकलना, डकार आना और छींक आना समेत कई ऐसी चीजें हैं, जिनका हमारी सेहत से गहरा कनेक्शन है। कई बार, नाक के अंदर डस्ट और पाउडर जैसे पार्टिकल्स चले जाते हैं। इन्हें बाहर निकालने के लिए, छींक आती है। वहीं, सर्दी-जुकाम होने पर भी छींक आती है। हालांकि, अगर आपको अक्सर बहुत अधिक छींक आती है, तो इसके पीछे कुछ हेल्थ कंडीशन्स हो सकती हैं। आमतौर पर छींक आना काफी नॉर्मल होता है। कई लोग, छींक आने पर इसे रोक लेते हैं। लेकिन, सेहत के लिहाज से ऐसा करना गलत है। एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप छींक रोकती हैं, तो इससे स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती हैं। इस बारे में डॉक्टर नीतिका कोहली जानकारी दे रही हैं। वह आयुर्वेद में एमडी हैं। उन्हें इस फील्ड मे लगभग 17 सालों का अनुभव है।

## छींक रोकने से सेहत को हो सकता है नुकसान

- दरअसल, हमारी नाक में एक म्यूकस नाम की झिल्ली होती है। इसके टिश्यु या सेल्स पर जब कोई डस्ट पार्टिकल आकर चिपकता है, तो इसे बाहर निकालने के लिए छींक आती है।
- आयुर्वेद में छींक को क्षतु कहा जाता है। इसे अधारणीय वेग कहा जाता है। इसकी गिनती उन वेगों में होती हैं, जिन्हें रोका नहीं जा सकता है और रोकना भी नहीं चाहिए।
- छींक के जरिए, बैक्टीरिया और वायरस नाक से बाहर निकल जाते हैं। इसलिए, यह फायदेमंद होती है।
- छींक रोकना सेहत के लिहाज से सही नहीं है। इससे गर्दन अकड़ सकती है और साइनस की दिक्कत भी हो सकती है।
- अगर आप छींक आने पर इसे रोकने की कोशिश करते हैं, तो इससे फेस की नर्व्स और मसल्स कमजोर हो सकती हैं।
- यह शरीर की सफाई का एक नेचुरल प्रोसेस है। इसलिए, इसे होल्ड नहीं करना चाहिए।
- एक्सपर्ट के मुताबिक, कई बार सोशल एटिकेट्स या अन्य कई वजहों से लोग छींक को रोक लेते हैं। लेकिन, छींक रोकने से फेफड़ों पर दबाव पड़ता है। इससे श्वसन तंत्र पर बुरा असर हो सकता है।
- छींक के जरिए, बाहर निकलने वाली हवा का प्रेशर काफी तेज होता है। इसे रोकने से, आंख, नाक और कान के ब्लड वेसल्स पर असर पड़ सकता है।
- छींक आने पर उसे रोकने की कोशिश न करें। एक्सपर्ट की सलाह पर जरूर ध्यान दें। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



# कुप्रथा की आड़ में आए दिन होती क्रूरता

अरविंद जयतिलक



**डायन के नाम पर बर्बरता आए दिन देश समाज को इसी तरह विचलित करती हैं**

**कम पढ़े-लिखे लोग अक्सर गंभीर बीमारियों ने निपटने के लिए ओझा-गुनी और तांत्रिकों की शरण लेते हैं. नतीजा ओझा -गुनी उनके अंधविश्वास का फायदा उठा कर उनका आर्थिक शोषण करते हैं और उन्हें अपराध के लिए भी उकसाते हैं.**

बिहार राज्य के पूर्णिया जिले के टेटमा गांव में जादू-टोना करने के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है कि जागरूकता और शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद भी हमारा समाज अभी भी अंधविश्वास जैसी बुराइयों से उबर नहीं पाया है. दुखद पहलू यह भी कि हत्यारों ने पहचान छिपाने के इरादे से उन शवों को झाड़ियों में जला दिया जो क्रूरता की चरम पराकाष्ठा है. उचित होगा कि बिहार सरकार हत्यारों को गिरफ्तार कर उनके किए की सजा दे. गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब जादू-टोना करने के आरोप में लोगों को मौत की नींद सुलाने की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनी है. आए दिन इस तरह की खबरें देश-समाज को विचलित करती रहती हैं.

याद होगा गत वर्ष पहले झारखंड राज्य के गुमला के एक गांव में डायन-बिसाही का आरोप लगाकर चार लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई. गत वर्ष पहले बंगाल के मालदा में महिला के डायन होने को लेकर अफवाह फैला और उसकी निर्दयता से दोनों आंखें निकालकर मौत के घाट उतार दिया गया. हत्या से पहले उस महिला के साथ सामूहिक बलात्कार भी किया गया. गत वर्ष पहले यूपी राज्य के सोनभद्र जिले में डायन होने के शक में एक महिला की जीभ काट दी गयी. गौर करें तो अंधविश्वास की ज्यादतर निर्मम घटनाएं उन्हीं राज्यों व क्षेत्रों में देखी जा रही हैं जहां विकास और शिक्षा की लौ पूरी तरह पहुंच नहीं सकी है. अमूमन इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग शैक्षिक रूप से तो पिछड़े हैं ही साथ ही यहां स्वास्थ्य सेवाएं भी नदारद हैं. नतीजा वे अपनी बीमारी और अस्वस्थता का मूल कारण समझने के बजाए इसे भूत-प्रेत और डायनों का प्रभाव के तौर पर मान रहे हैं. इसका दुष्परिणाम यह है कि डायन की आड़ में महिलाएं हत्यारों की शिकार बन रही हैं. शैक्षिक रूप से पिछड़े व आदिवासी बहुल राज्य झारखंड की ही बात करें तो यहां अंधविश्वास की जड़ें गहरी हैं और उसका सर्वाधिक खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है.

डायन कुप्रथा पर काम कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं की मानें तो गांव वाले ही महिलाओं को डायन के रूप में चिंहित करते हैं और फिर मौत की नींद सुला देते हैं. अपराधी इसलिए पकड़ में नहीं आते हैं कि इन घटनाओं में पूरा गांव शामिल होता है और अपराधी की पहचान नहीं हो पाती है. आधुनिकता और टेक्नालाजी से लैस होने के बावजूद भी हमारा समाज कितना पिछड़ा और अंधविश्वास से ग्रसित है इन घटनाओं से समझा जा सकता है. याद होगा गत वर्ष पहले देहरादून की एक गैर सरकारी संस्था ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि देश में तकरीबन हर साल दो सैकड़ा से अधिक महिलाओं की हत्या डायन के नाम पर होती है. ऐसे निर्दयतापूर्ण कृत्य सिर्फ पिछड़े राज्यों में ही नहीं बल्कि विकसित राज्यों में भी होती हैं.

उदाहरण के तौर पर आंध्र में हर साल 30 से अधिक महिलाओं की हत्या डायन के नाम पर होती है. केरल में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं. लिटिगेशन एंड एनटाइटिलमेंट केंद्र के अनुसार डायन बताकर महिलाओं की हत्या के मामले में हरियाणा और ओडिशा भी पीछे नहीं हैं. विगत डेढ़ दशकों में देश में डायन के नाम पर 2500 से अधिक महिलाओं की हत्या हो चुकी है. देखा जाए तो दिल दहलाने वाली ये घटनाएं मामूली नहीं हैं. जहां एक ओर देश में महिलाएं पंचायतों में अहम सहभागी बन रही हैं, नित नए बुलंदियों को चुम रही हैं और संसद में भी अपना लोहा मनवा रही हैं वहीं डायन के नाम पर उनकी निर्ममतापूर्वक हत्या हो रही है. समाज के ठेकेदार डायन के नाम पर उन्हें निर्वस्त्र घुमा और बलात्कार कर रहे हैं. इस तरह की कारस्तानी कानून और प्रशासन के लिए चिंता की बात होनी चाहिए.

अजीब बात यह है कि कड़े कानूनों के बावजूद भी ये घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही. कई बार पुलिस की मौजूदगी में ही महिलाओं को डायन बताकर उनके साथ बदसलूकी की जाती है. हालात तब और बदतर हो जाते हैं जब पिछड़े और आदिवासी क्षेत्रों में लगने वाली पंचायतें बैखौफ होकर अपने फैसले सुनाते हुए किसी भी महिला को डायन करार दे देती हैं और समाज का पढ़ा लिखा तबका उनका विरोध करने के बजाए उन्हें अपना मौन समर्थन देता नजर आता है.

इन घटनाओं के पीछे सामाजिक रूढ़िवादिता तो है ही साथ ही कानून के अनुपालन में कमी भी महत्वपूर्ण कारण है. यहां ध्यान देना होगा कि ऐसी महिलाओं को भी डायन करार देकर मौत के घाट उतारा जा रहा है जिनके परिजन नहीं है और उनके पास संपत्ति है. अगर कहा जाए कि डायन की आड़ में संपत्ति हड़पने का खेल चल रहा है तो यह गलत नहीं होगा. समाज में व्याप्त इन कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ जनजागरण चलाने की जरुरत है. साथ ही इन घटनाओं को अंजाम देने वालों को भी चिंहिंत कर दंडित किया जाना चाहिए.

समाज में ऐसे लोगों को रहने का हक नहीं जो अपना मतलब साधने के लिए अंधविश्वासों को खाद-पानी मुहैया करा रहे हैं. भारतीय जनमानस को समझना होगा कि अंधविश्वासों को खत्म करने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं है. इसे उखाड़ फेंकने के लिए सिविल समाज को भी आगे आना होगा. उन क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जहां ऐसी घटनांए बार-बार हो रही हैं. उन वजहों को भी तलाशना होगा जिनके कारण इन घटनाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है. कम पढ़े-लिखे लोग अकसर गंभीर बीमारियों से निपटने के लिए अस्पतालों में जाने के बजाए ओझा-गुनी और तांत्रिकों की शरण लेते हैं. नतीजा ओझा-गुनी उनके अंधविश्वास का फायदा उठाकर उनका आर्थिक शोषण तो करते ही हैं और उन्हें अपराध करने के लिए भी उकसाते हैं. बेहतर होगा कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं पिछड़े और सुविधाहीन क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करे. इससे अफवाहों और अप्रिय घटनाओं पर रोक लगेगी और समाज अंधविश्वास से मुक्त होगा.

## मंथन

# गुजरात पुल हादसाः छोटी लापरवाही की बड़ी कीमत

गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ने वाली महिसागर नदी पर बना पुल बुधवार सुबह अचानक ढह गया, जिससे दो ट्रक, दो पिकअप और एक रिक्शा नदी में समा गए. इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई और आठ लोगों को बचा लिया गया. घटना ने न केवल राज्य को, बल्कि पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शोक व्यक्त करते हुए मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल मुआवजे से इस त्रासदी का समाधान हो सकता है? यह पुल 45 साल पुराना बताया जा रहा. ऐसे में गंभीर जांच का विषय है कि क्या इसकी समय-समय पर तकनीकी जांच और मरम्मत की गई थी? क्या इसकी वहन क्षमता की समीक्षा की गई, और क्या कोई चेतावनी या संकेत पहले से मौजूद थे? देश में ऐसी घटनाएं बताती हैं कि ढांचागत संरचनाओं की निगरानी और रखरखाव को अक्सर गंभीरता से नहीं लिया जाता. जब तक कोई दुर्घटना न हो, जिम्मेदार विभाग सोया रहता है. महिसागर पुल हादसा इसी लापरवाही का परिणाम प्रतीत होता है. इस त्रासदी में स्थानीय ग्रामीणों, खासकर मुजपुर गांव के लोगों ने जिस बहादुरी से बचाव कार्य में भाग लिया, वह सराहनीय है. मगर यह भी दर्शाता है कि आपदा प्रबंधन तंत्र तत्काल मौके पर नहीं पहुंच पाया. इस हादसे को एक चेतावनी के रूप में लिया जाना चाहिए. सरकार को सभी पुराने पुलों और ढांचों की तत्काल समीक्षा करानी चाहिए. दोषियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए, जनहानि की भरपाई मुआवजे से नहीं, बल्कि जवाबदेही तय कर भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने से होगी.

## नजरिया

# कांग्रेस आत्ममंथन से संगठन सशक्तीकरण की ओर बढ़ रही

कांग्रेस नेतृत्व द्वारा 14 जुलाई को झारखंड के विधायकों, मंत्रियों और सांसदों को दिल्ली तलब किया जाना दर्शाता है कि पार्टी अब संगठनात्मक मजबूती और जनविश्वास की पुनर्स्थापना को प्राथमिकता दे रही है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की इस पहल को केवल औपचारिक समीक्षा नहीं, बल्कि आत्ममंथन और भविष्य की रणनीति तय करने की दृष्टि से देखा जाना चाहिए. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में न केवल चुनावी वादों की प्रगति, बल्कि सरकार में कांग्रेस की भूमिका, जनहित के मुद्दों पर सक्रियता और संगठन की जमीनी स्थिति पर खुलकर संवाद होगा. यह स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस हाईकमान अब झारखंड को केवल गठबंधन सहयोगी की भूमिका तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि वहां अपनी स्वतंत्र और प्रभावशाली उपस्थिति को फिर से स्थापित करना चाहता है. पिछले दिनों प्रभारी राजू द्वारा मंत्रियों के साथ की गई नौ बिंदुओं पर आधारित बैठक और वित्त मंत्री के आवास पर हुई मंत्रिस्तरीय चर्चा यह दर्शाती है कि पार्टी झारखंड में नीतिगत निर्णयों और विकास कार्यों पर बारीकी से नजर रख रही है. झारखंड कांग्रेस के लिए यह आत्मचिंतन और संगठन निर्माण का बड़ा अवसर है. यदि यह कवायद केवल कागजी समीक्षा बनकर नहीं रह जाती, तो न केवल संगठन में ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि आगामी चुनावों में कांग्रेस अपनी राजनीतिक जमीन भी मजबूत कर सकेगी.

## आज का इतिहास

- **1889:** सोवा बाजार क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पहला भारतीय दल बना.
- **1921:** मंगोलिया को चीन से आजादी मिली.
- **1930:** ब्रेडमैन ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में 309 रन बनाए.
- **1948:** येरूशलम पर पहला हवाई हमला.
- **1973:** पेरिस के निकट ब्राजील का बोइंग विमान दुर्घटनाग्रस्त, 122 की मौत.
- **1977:** मार्टिन लूथर किंग जूनियर को मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया.
- **1979:** अमेरिकी स्काई लैब धरती पर गिरी. यह हिंद महासागर में गिरी.
- **1995:** अमेरिका एवं वियतनाम के बीच कूटनीतिक रिश्ते बने.
- **1995:** बोस्निया में 7000 से लोगों का नरसंहार.
- **2002:** चांग शांग दक्षिण कोरिया की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं.
- **2006:** मुंबई की लोकल रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार बम धमाके.

## चिंतन

# व्यवहार के सामने डिग्रियों का कोई मोल नहीं होता

बहुत पुराने समय की बात है. रूस के प्रसिद्ध लेखक और दार्शनिक लियो टॉलस्टॉय को एक बार अपना बड़ा और फैला काम-काज देखने के लिए एक काम करने वाले आदमी की ज़रूरत आन पड़ी. इस बारे में उन्होंने अपने कुछ मित्रों से भी कह दिया कि यदि उनकी जानकारी में कोई ऐसा योग्य व्यक्ति हो तो उसे भेजें. वे उसे अपने यहां काम करने के लिए रख लेंगे.

कुछ दिनों बाद एक मित्र ने किसी व्यक्ति को उनके पास काम करने के लिए भेजा. वह काफी ज्यादा पढ़ा लिखा था और उसके पास कई प्रकार के सर्टिफिकेट और डिग्रियां भी थीं. वह व्यक्ति दार्शनिक लियो टॉलस्टॉय से मिला, लेकिन तमाम डिग्रियां होने के बावजूद टॉलस्टॉय ने उस व्यक्ति को अपने यहां नौकरी पर नहीं रखा, बल्कि एक अन्य व्यक्ति जिसके पास ऐसी कोई डिग्री और सर्टिफिकेट नहीं थे उसका चयन कर लिया.... क्या मैं इसकी वजह जान सकता हूं? बाद में उनके मित्र ने टालस्टॉय से एक दिन पूछ लिया.

टॉलस्टॉय ने बताया, मित्र, जिस व्यक्ति का मैंने चयन किया है उसके पास तो अमूल्य प्रमाणपत्र हैं, उसने मेरे कमरे में आने के पूर्व मेरी अनुमति मांगी. दरवाजे पर रखे गए डोरमैट पर जूते साफ करके मेरे रूम में प्रवेश किया. उसके कपड़े भले ही साधारण थे, लेकिन साफसुथरे थे. मैंने उससे जो प्रश्न किये उसके उसने बिना घुमाए-फिराए संक्षिप्त में उत्तर दिए, और अंत में मुलाकात पूरी होने पर वह मेरी इज़ाज़त लेकर नम्रतापूर्वक फिर वापस चला गया. उसने कोई खुशामद नहीं की, ना किसी की सिफारिश लाया, अधिक पढ़ा-लिखा ना होने के बावजूद उसे अपनी काबिलियत पर विश्वास था, इतने सारे प्रमाणपत्र बहुत कम लोगों के पास होते हैं. इस लिए मैंने बहुत सोच समझ कर उसका तुरंत चयन कर लिया.

और तुमने जिसे व्यक्ति को भेजा था उसके पास इनमे से कोई भी प्रमाणपत्र नहीं था, वह सीधा ही कमरे में चला आया, बिना आज्ञा कुर्सी पर बैठ गया, और अपनी काबिलियत की जगह तुमसे जान-पहचान के बारे में बताने लगा..... तुम्हीं बताओ, उसकी इन डिग्रियों की क्या कीमत है?

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #GuruPurnima
2. गुरु पूर्णिमा
3. #earthquake
4. #पूर्णगुरु_संतरामपालजीमहाराज
5. Saint Dr MSG Insan
6. रक्षा मंत्री
7. पूर्व राष्ट्रीय
8. Divine Guidance
9. Eternal Bond
10. #IA_Final_Result

# बहुरंग



## रणवीर सिंह ने खरीदी 4.5 करोड़ की नई इलेक्ट्रिक कार


बॉलीवुड सेलेब्स के लिए लग्ज़री कारें रखना आम बात है, लेकिन इलेक्ट्रिक कारों की लिस्ट में अभी भी कुछ ही नाम शामिल हैं. अब इस खास लिस्ट में रणवीर सिंह का नाम भी जुड़ गया है. रणवीर सिंह ने हाल ही में अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया, और इस मौके पर उन्होंने खुद को एक खास तोहफा दिय. रणवीर की नई इलेक्ट्रिक सवारी न सिर्फ स्टाइलिश है, बल्कि पर्यावरण के लिहाज़ से भी एक सराहनीय कदम माना जा रहा है. रणवीर सिंह ने हाल ही में अपने कार कलेक्शन में एक और शानदार नाम जोड़ लिया है, हम्मर ईवी 3X. यह एक इलेक्ट्रिक कार है, जिसकी कीमत लगभग 4.5 करोड़ रुपये है. खास बात यह है कि रणवीर इस इलेक्ट्रिक हम्मर को खरीदने वाले पहले बॉलीवुड सेलिब्रिटी बन गए हैं. रणवीर के पास पहले से ही रेंज रोवर, लेम्बोर्गिनी, मर्सिडीज़ और जगुआर जैसी लग्ज़री गाड़ियां मौजूद हैं. अब इस दमदार और पर्यावरण के अनुकूल इलेक्ट्रिक हम्मर ने उनके कलेक्शन को और भी खास बना दिया है. इस बीच रणवीर सिंह अपनी अगली फिल्म 'धुरंदर' को लेकर सुर्खियों में हैं. हाल ही में फिल्म का टीज़र रिलीज़ हुआ है, जिसने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है. यह एक्शन से भरपूर फिल्म है, जिसमें रणवीर एक ऐसे अनोखे अवतार में नजर आने वाले हैं जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा. उनके लुक और अंदाज़ ने टीज़र में ही सबका ध्यान खींच लिया है. फिल्म में रणवीर के साथ सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल और आर. माधवन जैसे दमदार कलाकार भी नज़र आएंगे, जो इसे और भी खास बना रहे हैं.

# बेबी बंप और हाई हील्स में दिखीं शूरा, पति अरबाज ने थामा हाथ



बॉलीवुड अभिनेता अरबाज़ खान एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं. 57 साल की उम्र में वह दोबारा पिता बनने वाले हैं. उनकी दूसरी पत्नी शूरा खान प्रेग्नेंट हैं. कुछ दिन पहले ही अरबाज़ ने यह खुशखबरी साझा की थी कि शूरा मां बनने वाली हैं और वह एक बार फिर पिता बनने के लिए तैयार हैं. इस घोषणा के बाद हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में अरबाज़ शूरा का बेहद प्यार और ध्यान से ख्याल रखते नजर आए, जिसे देखकर फैंस का दिल पिघल गया. यह कपल इन दिनों सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है और फैंस उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दे रहे हैं. अरबाज़ खान और उनकी पत्नी शूरा हाल ही में फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' की स्क्रीनिंग में शामिल हुए. इस मौके पर दोनों ने पैपराज़ी को खुशी-खुशी पोज दिए. स्क्रीनिंग के दौरान अरबाज़, अपनी प्रेग्नेंट पत्नी शूरा का पूरा ख्याल रखते नजर आए. वह शूरा का हाथ थामे उन्हें सहारा देते दिखे और इस दौरान शूरा का बेबी बंप भी साफ नजर आया. कपल की ये केयरिंग केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आ रही है. इस खूबसूरत पल का एक वीडियो इंस्टाग्राम पैपराजी पेज पर शेयर किया है, जिस पर फैन्स जमकर प्यार लुटा रहे हैं. अरबाज़ खान ने साल 1998 में मलाइका अरोड़ा से शादी की थी, लेकिन करीब दो दशक साथ रहने के बाद 2017 में दोनों ने तलाक ले लिया. इस पूर्व दंपति का एक बेटा है. अरहान, जो अब 22 साल का हो चुका है. इसके बाद अरबाज़ ने 2023 में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से दूसरी शादी रचाई. शूरा के लिए भी यह दूसरी शादी है. अब यह कपल अपने जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहा है, क्योंकि जल्द ही अरबाज़ और शूरा माता-पिता बनने वाले हैं.

# पूर्व गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी की बर्थडे पार्टी में दिखा सलमान खान का जोरदार जलवा



अभिनेता सलमान खान बीती रात मुंबई में अपनी पूर्व गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी की जन्मदिन पार्टी में नजर आए. इस मौके पर उनका अंदाज़ कुछ गंभीर और शांत दिखाई दिया. सोशल मीडिया पर सलमान का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे कड़े सुरक्षा घेरे के बीच पार्टी में एंट्री करते नजर आ रहे हैं. उनके चारों ओर बॉडीगार्ड्स की भारी तैनाती थी, जिससे उनकी मौजूदगी का रुतबा साफ झलक रहा था. पार्टी में सलमान ने कुछ फैन्स से भी मुलाकात की, जिनमें एक नन्हा बच्चा भी शामिल था. सलमान का बच्चों के प्रति स्नेह भरा अंदाज़ एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया. अपने छोटे फैन को देखकर सलमान खान बेहद खुश नजर आए. उन्होंने कुछ देर उस बच्चे से बातचीत की और मुस्कुराते हुए तस्वीरें भी खिंचवाई. हालांकि, जब वहां मौजूद बाकी प्रशंसक बड़ी संख्या में उन्हें घेरने लगे, तो सलमान बिना देर किए पार्टी वेन्यू के अंदर चले गए. अगर वर्क फ्रंट की बात करें, तो सलमान जल्द ही अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में नजर आएंगे. इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं, जिन्होंने इसकी कहानी भी लिखी है. 'बैटल ऑफ गलवान' 2020 में गलवान घाटी में हुए वास्तविक संघर्ष पर आधारित है, और सलमान फिल्म में भारतीय सेना के बहादुर कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभाते दिखाई देंगे.

# नई फिल्म के लिए बॉबी देओल ने घटाया 15 किलो वजन



अभिनेता बॉबी देओल इंडस्ट्री के सबसे दमदार और पसंदीदा कलाकारों में से एक हैं. हाल ही में उन्हें 'हाउसफुल 5' में एक खास मेहमान भूमिका में देखा गया था, जिसमें उनके छोटे लेकिन प्रभावशाली अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया. अब बॉबी देओल अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट चुके हैं और इसके लिए उन्होंने अपना लुक पूरी तरह बदल लिया है. उन्होंने अपने बाल और दाढ़ी-मूंछ बढ़ा ली है, जिससे उनका नया अवतार काफी रहस्यमयी और दमदार नजर आ रहा है. खास बात ये है कि इस फिल्म में बॉबी देओल एक ऐसे किरदार में दिखाई देंगे, जिसमें उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया. दर्शक उन्हें इस बिल्कुल नए अंदाज़ में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बॉबी देओल ने अपनी अगली फिल्म के लिए जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया है. उन्होंने न सिर्फ अपना पूरा लुक बदला है, बल्कि किरदार की मांग को देखते हुए करीब 15 किलो वजन भी कम किया है. सूत्रों के अनुसार, ₹इस फिल्म में बॉबी देओल एक ऐसे अवतार में नजर आएंगे, जैसा दर्शकों ने आज तक नहीं देखा. उन्होंने अपने किरदार की शारीरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जो मेहनत की है, वह वाकई काबिले-तारीफ है. फिल्म के सेट से उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें उनका बदला हुआ लुक देखकर फैंस खासा उत्साहित नजर आ रहे हैं. बॉबी का यह नया अंदाज़ दर्शकों को ज़रूर चौंकाने वाला है. बॉबी देओल इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर खासा चर्चा में हैं. यह पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है. फिल्म का निर्देशन कृष जगरलामुदी और एएम ज्योति कृष्णा ने मिलकर किया है, और इसमें साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण भी अहम भूमिका में नजर आएंगे. इसके अलावा बॉबी देओल के पास एक और बड़ी फिल्म 'अल्फा' भी है, जिसमें वह आलिया भट्ट और शरवरी वाघ के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे. यह एक्शन से भरपूर फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज़ होगी. दोनों ही प्रोजेक्ट्स को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है, और बॉबी का ट्रांसफॉर्मेशन देखकर उनकी फिल्मों के लिए उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. मान-सम्मान में वृद्धि होगी. जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंग. रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी. दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा. शुभांक-2-4-6

**वृष :** बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. शुभांक-3-4-5

**मिथुन :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-2-4-5

**कर्क :** खान-पान में सावधानी रखें. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. कोई धार्मिक यात्रा करेगें. शुभांक-2-5-7

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी. प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा. व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. शुभांक-2-4-6

**धनु :** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे. मनोरथ सिद्धि का योग है. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं. शुभांक-4-6-8

**मकर :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. शुभांक-6-7-9

**कुंभ :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे. आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. आध्यात्मिक रुचि बनेगी. शुभांक-3-5-7

**मीन :** अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी. व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. फिर कुछ चिंताएं बलवती हो सकती हैं. शुभांक-2-4-6

## ब्रीफ न्यूज

### एयरपोर्ट की पुरानी बिल्डिंग में लगी आग

**पटना ।** पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की पुरानी बिल्डिंग में गुरुवार को आग लग गई. आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के शाद आग पर काबू पाया. घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. आग सिर्फ एक सीमित हिस्से में फैली थी, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई. पटना एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल भवन को तोड़ा जा रहा है. इसी दौरान गैस कटर से कटाई का कार्य किया जा रहा था. आशंका जताई जा रही है कि गैस कटर से निकली चिंगारी के कारण वहां मौजूद ज्वलनशील सामग्री ने आग पकड़ ली. आग लगते ही निर्माण कार्य कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन समय रहते सभी को बाहर निकाल लिया गया. एयरपोर्ट प्रशासन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह आग नया टर्मिनल भवन निर्माण कार्य से जुड़ी पुरानी बिल्डिंग में लगी थी, न कि वर्तमान में चालू टर्मिनल या रनवे क्षेत्र में.

### तेजस्वी के काफिले में अचानक घुस गई कार

**पटना ।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है. यह घटना पटना के मरीन ड्राइव के पास उस समय हुई जब वह नवादा से पटना लौट रहे थे. इस मामले में आरोपी शख्स से पटना सिटी के सुल्तानगंज थाने की पुलिस पूछताछ कर रही है.
घटना के संबंध में बताया जाता है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार बंद के बाद शाम में नवादा गये थे. देर शाम लौटने के क्रम में पटना के मरीन ड्राइव के पास तेजस्वी यादव के काफिले में एक कार अचानक आ घुसी. कार सवार ने इससे पहले तेजस्वी यादव की गाड़ी को ओवरटेक किया और फिर उनके काफिले में वह कार घुस गई. ऐसा होते ही कुछ देर के लिए सुरक्षाकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया. आनन फानन में सुरक्षाकर्मियों ने कार सवार को पकड़ लिया. फिर वहां स्थानीय थाना सुल्तानगंज थाने को इसकी जानकारी दी गई. सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया.

# बिहार पुलिस का नया आदेश जारी, ड्यूटी के दौरान मेकअप और रील बनाना सख्त मना

**संवाददाता ।पटना**

बिहार पुलिस मुख्यालय ने महिला पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान मेकअप करने से परहेज़ करने का सख्त निर्देश जारी किया है. यह कदम बल के भीतर अनुशासन को सख्ती से लागू करने की मंशा से उठाया गया है. गुरुवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की. एडीजी (कानून व्यवस्था) पंकज दराड़ के कार्यालय से जारी इस आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो और फोटो वायरल हुए, जिनमें महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान भारी मेकअप और गहनों में रील बनाते हुए नजर आईं. इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई की बात कही गई है.






**सख्त कार्रवाई की चेतावनी :** मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि निर्देशों की अवहेलना करने वालों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी. सभी एसपी, एसएसपी, डीआईजी और आईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश की कॉपी भेज दी गई है और आदेश को सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए गए हैं. यदि किसी क्षेत्र में निर्देशों का पालन नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलबी भी की जा सकती है.

गौरतलब है कि बिहार पुलिस पहले भी ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड, मोबाइल फोन और वीडियो कॉलिंग को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर चुकी है, लेकिन यह पहली बार है जब महिला पुलिसकर्मियों के मेकअप और गहनों पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाया गया है. पुलिस विभाग ने हाल के दिनों में कई मामलों में पुलिसकर्मियों को वर्दी में सोशल मीडिया रील बनाते देखा, जिससे विभाग की साख और अनुशासन पर सवाल उठे. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹इस निर्देश का उद्देश्य विभाग के भीतर सख्त अनुशासन बनाए रखना है ताकि सभी कर्मी अपने कर्तव्यों पर पूरी तरह से केंद्रित रहें. अब देखना यह है कि पूरे बिहार में इस निर्देश को कितनी प्रभावी तरीके से लागू किया जा पाता है, खासकर ऐसे समय में जब पुलिस बल के आधुनिकीकरण के प्रयास भी साथ-साथ चल रहे हैं.

# बिहार सरकार के अधिकारी के तीन ठिकानों पर ईओयू का छापा

- टीमों में आर्थिक अपराध इकाई के वरिष्ठ अधिकारी व तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं.

**संवाददाता ।पटना**

आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने गुरुवार सुबह राजधानी पटना, सहरसा और सीतामढ़ी में छापा मारा है. यह कार्रवाई बिहार सरकार के एक अधिकारी के आवास और अन्य स्थानों पर की गई है. अधिकारियों के अनुसार, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बीएसइआईडीसी) के कार्यपालक अभियंता प्रमोद कुमार के ठिकानों पर दबिश दी गई है. ईओयू की एक टीम सीतामढ़ी, तीन टीमें सहरसा और दो टीमें पटना में कार्रवाई की हैं. टीमों में आर्थिक अपराध इकाई के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे. तीनों जगह सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं. ईओयू की प्रारंभिक जांच में पता चला प्रमोद कुमार के पास ज्ञात आय से




309.61 प्रतिशत अधिक संपत्ति है. इस आधार पर आर्थिक अपराध थाना में 9 जुलाई को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. मौके पर से जमीन-जायदाद के कागजात, बैंक खाते, निवेश से जुड़ी फाइलें और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं. अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल डेटा की फॉरेंसिक जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी. बिहार पुलिस मुख्यालय ने बयान में कहा कि यह छापेमारी राज्य सरकार की 'भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन' नीति के तहत की गई है.

# तेज रफ्तार हाईवा ने ली मजदूर की जान ग्रामीणों ने ट्रक को किया आग के हवाले



**संवाददाता ।नालंदा**

बिहार के शेखपुरा जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां गुरुवार को एक तेज रफ्तार गिट्टी लदे हाईवा ट्रक ने मजदूर को कुचल दिया. हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में आग लगा दी और शव को सड़क पर रखकर घंटों तक हंगामा किया.

यह हादसा शेखपुरा-ससबहना मुख्य मार्ग पर मनकौल गांव के पास हुआ. मृतक की पहचान अरियरी थाना क्षेत्र के मनकौल निवासी 50 वर्षीय राजकुमार महतो के रूप में हुई है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजकुमार महतो मजदूरी के लिए शेखपुरा जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई.

**ग्रामीणों का आक्रोश, ट्रक को लगाई आग :** हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. लोगों ने घटनास्थल पर ही ट्रक में आग लगा दी, जिससे वह जलकर खाक हो गया. इसके बाद ग्रामीणों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर शेखपुरा-ससबहना मार्ग को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

**तीन घंटे तक जाम, प्रशासन हरकत में आया :** लगभग तीन घंटे तक सड़क पूरी तरह से जाम रही. सूचना मिलने पर अरियरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ नहीं मानी. बाद में एसडीओ राहुल कुमार सिंह और एसपी डॉ. राकेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत कर जाम को खत्म करवाया. प्रशासन ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है.

**ग्रामीणों की प्रशासन से मांग :** ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन तेज रफ्तार ट्रकों की चपेट में लोग आ रहे हैं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है. उन्होंने आबादी वाले क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर और पुलिस की तैनाती की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके. एएसपी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि ट्रक को आग के हवाले करने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल सड़क पर यातायात सामान्य हो चुका है.

### अपराधियों ने दुकानदार को मारी गोली, ग्रामीणों ने गुस्से में सड़क जाम की

**संवाददाता ।सीवान**

सीवान में अपराधियों ने लूटपाट के दौरान एक किराना दूकानदार को गोली मार दी. इस घटना में दुकानदार घायल हो गया. आननफानन में उसे स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया. घटना बसंतपुर थाना क्षेत्र के बसंतपुर बाज़ार की है. दुकानदार चुटकुला प्रसाद को पहले सीवान सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया. अब घटना से आक्रोशित लोग सड़क पर उतर गये और आगजनी कर घटना का विरोध कर रहे हैं. घटना के संबंध में किराना दुकानदार चुटकुला प्रसाद ने बताया कि बीती देर रात वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे. उनके थैले में दिन भर की कमाई थी. जैसे ही वह बसंतपुर स्थित स्टेट बैंक के पास पहुँचे, तभी दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने उनका पीछा कर थैला लूटने की कोशिश की. जब दुकानदार ने लूट का विरोध किया और शोर सुनकर आसपास के लोग जमा होने लगे, तो अपराधियों ने उनके पैर में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए. इस घटना के विरोध में गुरुवार सुबह से ही बसंतपुर बाजार में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. आक्रोशित लोगों ने सीवान-पटना-छपरा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया.

# सीएम नीतीश ने की क्रिकेट स्टेडियम और हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियों की समीक्षा



**संवाददाता ।पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को नालंदा जिले के राजगीर में चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण किया. एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने पर्यटन और खेल अवसंरचना से जुड़ी कई परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पटना बख्तियारपुर फोरलेन के पास करौटा से राजगीर को जोड़ने वाले टूरिस्ट वे परियोजना का निरीक्षण किया. यह नई सड़क परियोजना क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित की जा रही है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए.

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण :** इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला राजगीर पहुंचा, जहां उन्होंने निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का जायजा लिया. यह स्टेडियम बिहार खेल अकादमी के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किया जा रहा है. फिलहाल आउटफील्ड का कार्य तेजी से चल रहा है, वहीं जनरल स्टैंड ईस्ट और वेस्ट तथा रिवर्स पवेलियन का सिविल वर्क लगभग अंतिम चरण में है. मुख्य पवेलियन का स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है और अब प्लास्टर, पुट्टी व वायरिंग जैसे फिनिशिंग कार्य जारी हैं.

**एशियन हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियों की समीक्षा :** मुख्यमंत्री ने आगामी हीरो एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियों का भी जायजा लिया. यह प्रतियोगिता 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर में आयोजित की जाएगी, जिसमें पाकिस्तान समेत कई अंतरराष्ट्रीय टीमें हिस्सा लेंगी. उल्लेखनीय है कि राजगीर पहले भी नवंबर 2023 में महिला एशियाई चैंपियनशिप ट्रॉफी की सफल मेज़बानी कर चुका है, जिसमें भारत ने चीन को हराकर खिताब जीता था.

**सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद :** मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए थे. हर प्रमुख स्थान पर पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुचारु रही. निरीक्षण के दौरान पटना और नालंदा जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे. उन्होंने मुख्यमंत्री को जिले में चल रही योजनाओं की स्थिति और प्रगति की जानकारी दी.

## कारोबार

### क्रायोजेनिक ओजीएस की लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली ।** हाई क्वालिटी फिल्टरेशन इक्वीपमेंट बनाने वाली कंपनी क्रायोजेनिक ओजीएस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 47 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 89.30 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 93.76 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया है और उनका मुनाफा 99.49 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गया है.
क्रायोजेनिक ओजीएस का 17.77 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 से 7 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था.

# आसियान के साथ व्यापार समझौते में तेजी : गोयल

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा जल्द पूरी होने की उम्मीद है. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा जारी है. वह वार्ता में तेजी लाने के लिए उत्सुक हैं. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने जारी बयान में बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ बैठक की है.

जफरुल अजीज के साथ वचुअर्ल बैठक के बाद उन्होंने कहा कि भारत-आसियान एफटीए की समीक्षा जल्द पूरी होने वाली है. मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा जारी है, वह बातचीत में तेजी लाने को उत्सुक हैं. उन्होंने बताया कि आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते



(एआईटीआईजीए) की चल रही समीक्षा और उससे जुड़ी चुनौतियों के समाधान पर चर्चा हुई.

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि निष्पक्ष व्यापार और संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए आसियान सदस्य देशों के साथ बातचीत में तेजी लाने की आशा है. हमने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर आगे की बातचीत पर भी चर्चा की. गौरतलब है कि मलेशिया, आर्थिक मामलों पर आसियान की ओर से भारत का स्थायी समन्वयक है.

# आईटी शेयरों में गिरावट से फिसला बाजार 345 अंक गिरकर बंद हुआ सेंसेक्स, निफ्टी 25355 पर बंद

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त में खुलने के बावजूद लाल निशान में बंद हुए. आईटी और पीएसयू बैंक शेयरों में गिरावट से बाजार पर दबाव पड़ा. वहीं, ट्रंप टैरिफ नीतियों और जून तिमाही के नतीजों से पहले निवेशक सतर्क रुख अपनाते हुए नजर आये. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) गुरुवारको अपने अप्रैल-जून तिमाही के नतीजों की घोषणा करेगी. टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजे जारी होने से पहले आईटी शेयरों पर दबाव बना रहा. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के अप्रैल-जून तिमाही के नतीजे कमजोर रहने की आशंका और संभावित अमेरिकी व्यापार समझौते पर अनिश्चितता के कारण आईटी शेयरों में गिरावट आई.
तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 122 अंक की बढ़त लेकर 83,658.20 पर ओपन हुआ. हालांकि, कुछ ही देर में यह लाल निशान में फिसल गया. कारोबार के दौरान यह 83,134 अंक तक फिसल गया था. अंत में यह 345.80 अंक या 0.41% की गिरावट लेकर 83,190.28 पर बंद हुआ.
इसी तरह, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी गुरुवार बढ़त के साथ हरे निशान में खुला. लेकिन ठोस ट्रिगर पॉइंट नहीं होने के चलते यह लाल निशान में फिसल गया. अंत में यह 120.85 अंक या 0.47 फीसदी की गिरावट के साथ 25,355 पर बंद हुआ. यह लगातार दूसरे ट्रेडिंग सेशन है, जब इंडेक्स गिरावट में बंद हुए हैं.



**ग्लोबल मार्केट्स से क्या संकेत :** ग्लोबल मोर्चे पर बात करें तो एशिया-प्रशांत बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला. निवेशक अमेरिका और ब्राजील के बीच बढ़ते व्यापारिक तनाव और अमेरिकी फेड के ब्याज दरों को लेकर दिए गए संकेतों पर नजर बनाए हुए हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्राजील से आयात पर टैरिफ 10% से बढ़ाकर 50% करने का ऐलान किया है, जो 1 अगस्त से लागू होगा. ट्रंप ने इस फैसले को ब्राजील की पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो के खिलाफ चल रही कार्रवाई से जोड़ते हुए इसे 'प्रतिशोधात्मक कदम' बताया है. ट्रंप ने ब्राजील के साथ व्यापार को 'बहुत ही अनुचित' करार दिया है.
इसी बीच, फेडरल रिजर्व की जून बैठक के मिनट्स से पता चला है कि इस साल ब्याज दरों में कटौती की संभावना बनी हुई है, लेकिन अधिकारियों की राय इस पर बंटी हुई है. कुछ अधिकारी जहां अगली बैठक में ही कटौती के पक्ष में हैं, वहीं कुछ को 2025 में किसी कटौती की जरूरत नजर नहीं आ रही. फेड ने यह भी कहा कि टैरिफ से महंगाई पर असर फिलहाल मामूली और अस्थायी रह सकता है. हालांकि व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अब भी बने हुए हैं, लेकिन पिछली बैठक की तुलना में अनिश्चितता थोड़ी कम हुई है. एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.39% और टोपिक्स 0.48% नीचे रहे. वहीं, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.91% और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.65% की तेजी में रहा. दूसरी ओर, अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर बंद हुए. नेस्डाग इंडेक्स 0.94% की बढ़त के साथ 20,611.34 पर बंद हुआ, जो रिकॉर्ड स्तर है. एस&पी 500 में 0.61% की तेजी आई और यह 6,263.26 पर बंद हुआ.

# ग्लोबल टेक टैलेंट में भारत का जलवा, टॉप-10 में बेंगलुरु का कब्जा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

एशिया प्रशांत क्षेत्र एक वैश्विक तकनीक प्रतिभा (ग्लोबल टेक टैलेंट) केंद्र के रूप में तेजी से प्रगति कर रहा है. इस क्षेत्र में भारत भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. टॉप-10 स्थानों में भारत का शहर भी शामिल है. इन स्थानों में चीन और जापान ने भी स्थान हासिल किया है. कॉलियर्स की एक नई रिपोर्ट, "ग्लोबल टेक मार्केट्सः टॉप टैलेंट लोकेशन्स 2025" में प्रतिभा अधिग्रहण, वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग, श्रम सूचकांक, प्रतिभा पाइपलाइन और क्षेत्र संरचना के आधार पर 200 से ज़्यादा वैश्विक बाजारों का विश्लेषण किया गया है. भारत और चीन वैश्विक टेक प्रतिभा परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं और भारत एशिया प्रशांत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी तकनीकी प्रतिभा के लिए शीर्ष गंतव्यों में से एक है.



भारत का कौन शहर ग्लोबल टेक टैलेंट में शामिल?

कॉलियर्स की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और चीन वैश्विक तकनीकी प्रतिभा परिदृश्य पर अपना दबदबा बनाए हुए हैं और भारत एशिया प्रशांत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी टेक प्रतिभा के लिए शीर्ष गंतव्यों में से एक है. भारत के बेंगलूरु ने 3.4 स्कोर के साथ टॉप-10 वैश्विक टेक प्रतिभा केंद्र में छठवां स्थान हासिल किया है. ऐशिया प्रशांत के इन टॉप-10 टेक प्रतिभा स्थानों में अमेरिका का सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र पहले, यूके का लंदन दूसरे, चीन का बीजिंग पांचवे और जापान का टोक्यो 10 वें स्थान पर हैं. कॉलियर्स में ऑफिस सर्विसेज के प्रबंध निदेशक अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि भारत टेक प्रतिभा का एक केंद्र है और वैश्विक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी है. भारत के अग्रणी टेक शहरों में एशिया प्रशांत क्षेत्र की कुल टेक प्रतिभा का 69 फीसदी हिस्सा है. बेंगलूरु और हैदराबाद इस क्षेत्र के सबसे बड़े प्रतिभा समूहों की मेजबानी करते हैं.

**भारत के शीर्ष ऑफिस स्पेस में टेक क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा :** कॉलियर्स की इस रिपोर्ट में कहा गया कि टेक क्षेत्र के व्यवसायी भारत के शीर्ष सात शहरों में ऑफिस स्पेस की मांग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने हुए हैं, जिससे पिछले वर्षों में पारंपरिक और फ्लेक्स स्पेस दोनों में ग्रेड ए स्पेस की मांग में तेजी आई है. 2025 की पहली छमाही के दौरान, टेक व्यवसायियों ने शीर्ष 7 शहरों में 1 करोड़ वर्ग फुट से अधिक ऑफिस स्पेस लीज पर लिए हैं. जिससे पारंपरिक स्थल की मांग में 40 फीसदी वृद्धि हुई. फ्लेक्स स्पेस में भी लगभग आधी मांग टेक फर्मों की ओर से आई. टेक क्षेत्र का प्रभुत्व भारत के गहन प्रतिभा पारिस्थितिकी तंत्र, स्थापित आईटी अवसंरचना और कम परिचालन व प्रतिभा लागत के कारण है, जो इसे वैश्विक टेक फर्मों के लिए एक आदर्श केंद्र बनाता है. बेंगलूरु और हैदराबाद भारत में पसंदीदा टेक गंतव्य बने हुए हैं. इसके बाद अन्य प्रमुख बाजार हैं. ये सभी कुशल प्रतिभाओं की उपलब्धता और एक परिपक्व टेक पारिस्थितिकी तंत्र वाली वैश्विक टेक कंपनियों को आकर्षित करते हैं. कॉलियर्स इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक और अनुसंधान प्रमुख विमल नादर ने कहा कि 2025 की पहली छमाही में टेक व्यवसायों ने कुल जीसीसी लीजिंग में 41 फीसदी यानी 52 लाख वर्ग फुट का योगदान दिया.

### व्यापार समझौते के लिए अब वाशिंगटन जाएगी वाणिज्य मंत्रालय की टीम

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत करने और उसे अंतिम रूप देने का प्रयास आखिरी दौर में है. वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम प्रस्तावित समझौते पर बातचीत के लिए शीघ्र ही वाशिंगटन जाएगी. वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के पहले चरण को इस साल सितंबर-अक्तूबर तक पूरा करने का लक्ष्य है. इस दौरान द्विपक्षीय व्यापार समझौते के अंतरिम और पहले चरण पर बातचीत होगी. हालांकि, इस यात्रा की तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं. भारत व अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार अग्रवाल ने कहा कि भारत ने अबतक 26 देशों के साथ 14 से अधिक एफटीए लागू किए हैं. ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित कई देशों पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को एक अगस्त तक निलंबित कर रखा है.

# एलआईसी में सरकार बेचेगी अब और 6.5 प्रतिशत हिस्सा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी (भारतीय जीवन बीमा निगम) में अपनी और हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है. सूत्रों के मुताबिक, इस प्रक्रिया की बारीकियों पर अब विनिवेश विभाग काम करेगा. फिलहाल एलआईसी में सरकार की 96.5% हिस्सेदारी है. मई 2022 में कंपनी का आईपीओ लाया गया था, जिसमें 3.5% हिस्सा बेचा गया था. उस समय शेयर का प्राइस बैंड 902 से 949 रुपये था, जिससे सरकार को करीब 21,000 करोड़ की आमदनी हुई थी.

**ओएफएस के ज़रिए होगी अगली बिक्री :** सूत्रों ने बताया कि सरकार ने ओएफएस के ज़रिए अगली हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी दे दी है. हालांकि ये चर्चाएं अभी शुरुआती चरण में हैं. ये तय करना कि कितनी हिस्सेदारी बेची जाए, किस रेट पर और कब. ये सब बाद में डिसाइड किया जाएगा. शेयर बाज़ार के नियमों के मुताबिक, किसी भी लिस्टेड सरकारी कंपनी में 10% हिस्सा जनता के पास होना जरूरी है. एलआईसी में अभी सिर्फ 3.5% हिस्सा ही पब्लिक के पास है. यानी सरकार को 6.5% और बेचने होंगे. जिसकी डेडलाइन है 16 मई 2027.

**एलआईसी का मार्केट वैल्यू और शेयर की चाल :** इस वक्त एलआईसी का बाज़ार पूंजीकरण करीब 5.85 लाख करोड़ है. बुधवार को एलआईसी का शेयर बीएसई पर 924.40 पर ट्रेड कर रहा था, जो पिछले दिन के मुकाबले 2.27% नीचे था.

## गंभीर-अगरकर के लिए धड़का युवराज का दिल

# यूं कहीं मन की बात- उन्हें सही से क्रेडिट नहीं मिलता...

एजेंसियां। लंदन

भारतीय टीम को एक चैरिटी कार्यक्रम में कुछ पूर्व खिलाड़ियों के साथ समय बिताने का मौका मिला. इस दौरान उन्हें एजबेस्टन में मिली शानदार जीत के लिए दिग्गज खिलाड़ियों ने सराहा. इस कार्यक्रम में सचिन तेंदुलकर, रवि शास्त्री, ब्रायन लारा, आशीष नेहरा, क्रिस गेल और केविन पीटरसन जैसे सितारों ने भारतीय टीम के सीरीज में जबरदस्त वापसी की खूब तारीफ की. युवराज सिंह, जो शुभमन गिल के शुरुआती गुरुओं में से एक रहे हैं, उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की भूमिका पर जोर दिया. युवराज सिंह ने अपने फाउंडेशन के माध्यम से कैंसर के इलाज के लिए धन जुटाने के लिए आयोजित इस गाला डिनर में कहा, जब टीम अच्छा करती है तो अगरकर और गौतम को पर्याप्त श्रेय नहीं मिलता. जब टीम हारती है तो उनकी आलोचना होती है. जब से अगरकर मुख्य चयनकर्ता बने हैं, भारत ने वनडे विश्व कप का फाइनल खेला है, टी20 विश्व कप जीता है, चैंपियंस ट्रॉफी जीती है और अब उन्होंने एजबेस्टन में इतिहास रचा है. वे दोनों बहुत अच्छा काम कर रहे हैं.



### युवी ने शुभमन गिल और ऋषभ पंत की भी की तारीफ

युवराज ने यह भी कहा कि गिल और ऋषभ पंत दोनों टीम के साथ बहुत अच्छा काम कर रहे हैं. उन्होंने गिल को बहुत कम उम्र से देखा है. उन्होंने कहा, मैंने गिल का विकास देखा है. वह हमेशा टीम में सबसे ज्यादा मेहनत करने वाले खिलाड़ी रहे हैं. उन्होंने टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी को बखूबी संभाला है और वह इस काम के लिए सबसे सही व्यक्ति हैं. मुझे कहना होगा कि जिस तरह से ऋषभ पंत दुर्घटना से वापस आए हैं और अब इस नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं वह शानदार रहे हैं.

## भारत के टॉप 5 बल्लेबाज जिन्होंने कप्तान रहते हुए टेस्ट में बनाए सबसे ज्यादा रन

एजेंसियां। लंदन

भारतीय टेस्ट क्रिकेट में ऐसे कई मौके आए हैं जब कप्तानों ने न सिर्फ टीम का नेतृत्व किया बल्कि बल्ले से भी शानदार उदाहरण पेश किया है. हम बात कर रहे हैं उन पांच भारतीय कप्तानों की, जिन्होंने किसी एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं.



**■ सुनील गावस्कर - 1978, वेस्टइंडीज के खिलाफ - 732 रन**

भारतीय क्रिकेट के लिटिल मास्टर कहे जाने वाले सुनील गावस्कर ने 1978 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 मैचों की सीरीज में 732 रन बना डाले थे. उनका औसत था 91.50 , जो आज भी एक बेंचमार्क मानी जाती है. उस सीरीज में गावस्कर ने तीन शतक भी लगाए थे और अकेले दम पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ बने रहे थे.

**■ विराट कोहली - 2016, इंग्लैंड के खिलाफ - 655 रन**

विराट कोहली ने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज में 655 रन बनाए थे. उन्होंने 109.16 के अविश्वसनीय औसत से रन बनाकर यह साबित कर दिया कि क्यों उन्हें मॉडर्न क्रिकेट का बादशाह कहा जाता है. उनकी कप्तानी के बाद से टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग का आरम्भ हुआ था.

**■ विराट कोहली - 2017, श्रीलंका के खिलाफ - 610 रन**

कोहली ने एक साल बाद फिर श्रीलंका के खिलाफ अपने बल्ले से कहर बरपाया था. 2017 की टेस्ट सीरीज में उन्होंने सिर्फ 3 मैचों में 610 रन बना डाले थे, वो भी 152.50 के औसत से. यह प्रदर्शन भारतीय कप्तानी इतिहास में सबसे प्रभावशाली बल्लेबाजी सीरीज में से एक मानी जाती है.

**■ विराट कोहली - 2018, इंग्लैंड के खिलाफ - 593 रन**

इस लिस्ट में तीसरे नंबर भी विराट कोहली का ही नाम है. साल 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ कठिन विदेशी हालातों में विराट ने शानदार बल्लेबाजी की और बतौर कप्तान टीम को एक मजबूत स्कोर प्रदान किया था. उन्होंने 5 टेस्ट मैचों में 593 रन बनाए थे. जिसमें उनका औसत 59.30 का रहा था. इस सीरीज के बाद कोहली की बल्लेबाजी और उनकी कप्तानी की जमकर तारीफ हुई थी.

**■ शुभमन गिल - 2025, इंग्लैंड के खिलाफ - 485 रन**

इस लिस्ट में ताजा नाम है भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल का, जिन्होंने हाल ही में 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया है. गिल ने इस सीरीज में शुरूआती तीन मैंचों में 485 रन बना लिए हैं और फिलहाल उनका औसत 146.25 का है. इस दौरान उन्होंने एक दोहरा शतक भी जड़ा और कप्तान के रूप में पहली बड़ी टेस्ट सीरीज को यादगार बना दिया है. उनके सीरीज के 3 मैच और बचे है.

## सीरीज में बतौर कप्तान सर्वाधिक रन से शतक तक

# शुभमन गिल के निशाने पर पांच रिकॉर्ड, लॉर्ड्स में मचेगा धमाल

एजेंसियां। लंदन

शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम के शुभ युग का आगाज हो चुका है. फिलहाल टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर है और पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है. लीड्स टेस्ट में मिली हार का बदला लेते हुए भारत ने एजबेस्टन में इंग्लैंड को मात दी और सीरीज में 1-1 की बराबरी की. दूसरे मुकाबले में जीत के साथ कप्तान शुभमन गिल ने तमाम रिकॉर्ड्स बनाए. वह पहले एशियाई कप्तान बन गए जिन्होंने एजबेस्टन में इंग्लैंड की बादशाहत खत्म की. अब उनकी नजर लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट पर है.

किसी सीरीज में सबसे ज्यादा रन
गिल के निशाने पर सर डॉन ब्रैडमैन का एक और रिकॉर्ड है. दरअसल, 1930 में खेली गई एशेज सीरीज में ब्रैडमैन ने सबसे ज्यादा 974 रन बनाए थे. उनके नाम किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है. पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के बाकी बचे तीन मुकाबलों में अगर गिल 390 रन और बना लेते हैं तो ब्रैडमैन के इस रिकॉर्ड को ध्वस्त कर देंगे. वहीं, गिल आगामी मुकाबलों में गावस्कर को पीछे छोड़ सकते हैं जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में खेले चार मैचों में 774 रन बनाए थे. गिल अब 189 रन दूर हैं. एशेज सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में ब्रैडमैन ने 394 रन बनाए थे, लेकिन गिल ने लीड्स और एजबेस्टन टेस्ट में 585 रन बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया है.

**बतौर कप्तान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन :** 25 वर्षीय बल्लेबाज के निशाने पर ब्रैडमैन का एक और रिकॉर्ड है. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज के नाम सबसे कम पारियों में बतौर कप्तान 1000 टेस्ट रन पूरे करने का रिकॉर्ड दर्ज है. उन्होंने 11 पारियों में 1000 टेस्ट रन पूरे किए थे. अब गिल उनके इस रिकॉर्ड को ध्वस्त करने से महज 415 रन दूर हैं. पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के बाकी बचे तीन मुकाबलों की छह पारियों में वह ब्रैडमैन के इस रिकॉर्ड को ध्वस्त कर सकते हैं. भारत के लिए बतौर कप्तान टेस्ट में सबसे तेज 1000 रन बनाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम दर्ज है. उन्होंने 14 पारियों में टेस्ट में 1000 रन पूरे किए थे. इस दौरान उन्होंने पांच शतक लगाए। गिल उनके इस रिकॉर्ड को नौ टेस्ट पारियों में तोड़ सकते हैं.

**इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में सबसे ज्यादा रन:**इंग्लैंड के खिलाफ किसी सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के नाम दर्ज है. उन्होंने 2024 में खेली गई घरेलू सीरीज में दो दोहरे शतकों की मदद से 712 रन बनाए थे. अब गिल उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 127 रन दूर हैं. इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम है, जिन्होंने 2002 में तीन शतकों की मदद से 602 रन बनाए थे. गिल उनसे बस 18 रन पीछे हैं. विराट कोहली कप्तान के तौर पर इस सूची में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भारत की अगुवाई करते हुए 655 रन बनाए थे. गिल उनसे 91 रन पीछे हैं.



### किसी सीरीज में सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड

गिल अब तक इस सीरीज में तीन शतक लगा चुके हैं, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है. वह आगामी मुकाबलों में इंग्लैंड के खिलाफ दो शतक और जड़ते ही वेस्टइंडीज के मगान क्लाइड वॉलकॉट के रिकॉर्ड को तोड़ देंगे. वॉलकॉट ने 1955 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में पांच शतक लगाए थे. बतौर कप्तान किसी सीरीज में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड ब्रैडमैन के नाम दर्ज है. उन्होंने 1947 में भारत के खिलाफ चार शतक जड़े थे.

### किसी सीरीज में बतौर कप्तान सर्वाधिक रन

इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में गिल ने तीन शतकीय पारियों जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है, की मदद से 585 रन बना लिए हैं. वह फिलहाल इस सीरीज में रनों के मामले में शीर्ष पर हैं और उनका औसत 146 .25 का है. दाएं हाथ के बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के 88 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं. दरअसल, ब्रैडमैन के नाम एक सीरीज में बतौर कप्तान सर्वाधिक 810 रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है. ऐसा उन्होंने 1936-37 में खेली गई एशेज सीरीज में किया था. अब गिल की नजर उनके इस रिकॉर्ड पर है. वह बतौर कप्तान एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने से सिर्फ 225 रन दूर हैं. गिल की तरह ब्रैडमैन ने भी बतौर कप्तान डेब्यू टेस्ट में रिकॉर्ड्स की झड़ी लगाई थी. उनका सर्वाधिक स्कोर 270 रन था. वहीं, अब तक गिल का सर्वोच्च स्कोर 269 रन है. किसी सीरीज में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 1978-79 में 732 रन बनाए थे. गावस्कर के इस रिकॉर्ड को तोड़ने से गिल सिर्फ 148 रन दूर हैं.

## इंग्लैंड के दिग्गज क्रिकेटर ने की शुभमन गिल की तारीफ, बोले

## वह फैब-4 की जगह लेने में सक्षम हैं

एजेंसियां। लंदन

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज मार्क रामप्रकाश ने भारत के नए कप्तान शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है. रामप्रकाश ने गिल के दमखम, कौशल और जज्बे की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा बल्लेबाज ने दिखा दिया है कि वह फैब फोर में जगह लेने के लिए तैयार हैं और सक्षम हैं. फैब-4 उन चार बल्लेबाजों की सूची को कहा जाता है, जो पिछले एक दशक में दुनिया के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं. रामप्रकाश ने कहा कि गिल अब इस जिम्मेदारी को संभालने में सक्षम हैं. फैब-4 की लिस्ट में फिलहाल विराट कोहली, केन विलियम्सन, जो रूट और स्टीव स्मिथ शामिल हैं. गिल ने बर्मिंघम टेस्ट की दोनों पारियों में 269 और 161 रन बनाए. इससे पहले उन्होंने लीड्स में सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में 147 रन भी बनाए थे. रामप्रकाश ने द गार्डियन में लिखा, हमें न केवल एक बल्लेबाज के रूप में बल्कि एक युवा टीम के नए कप्तान के रूप में उदाहरण स्थापित करने के लिए उनकी सहनशक्ति, उनके कौशल और उनके जज्बे की दाद देनी होगी. उन्होंने कहा, कप्तानी किसी खिलाड़ी की फॉर्म पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, लेकिन ऐसा लगता है कि इसने उन्हें एकाग्र किया है और पिछले तीन सप्ताह में उन्होंने अपनी तीन सर्वश्रेष्ठ पारियां खेली. हम उस दौर के अंतिम पड़ाव पर हैं, जिसमें तथाकथित फैब फोर – विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन का दबदबा रहा है और ऐसे खिलाड़ियों की तलाश जारी है, जो उनकी जगह ले सकें. रामप्रकाश ने कहा, 'गिल ने दिखा दिया कि वह उनकी जगह लेने में सक्षम हैं. वह खेल के तीनों प्रारूप में खेलते हैं और बड़ी अच्छी तरह से सामंजस्य बिठाते हैं. उनकी तकनीक शानदार है. यह 25 वर्षीय खिलाड़ी सुनील गावस्कर के बाद एक ही टेस्ट में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए. गिल इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान भी बने. भारत ने उनके शानदार प्रदर्शन से दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से जीत दर्ज कर पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की. भारत लीड्स में पहला टेस्ट मैच पांच विकेट से हार गया था. तीसरा टेस्ट गुरुवार से लॉर्ड्स में खेला जा रहा है.



## महिला क्रिकेट: भारत ने चौथे टी-20 में इंग्लैंड को छह विकेट से हराया, सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसियां। मैनचेस्टर

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टी-20 मैच छह विकेट से जीतकर पांच मैचों की सीरीज़ में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है. यह जीत मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर दर्ज की गई, और इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार घरेलू या विदेशी ज़मीन पर टी-20 द्विपक्षीय सीरीज़ अपने नाम की. 127 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की सलामी जोड़ी स्मृति मंधाना (32 गेंदों पर 31 रन) और शेफाली वर्मा (19 गेंदों पर 31 रन) ने तेज़ शुरुआत करते हुए सातवें ओवर तक 56 रन की साझेदारी की. हालांकि, शेफाली को ऑफ स्पिनर चार्ली डीन ने आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई. जल्द ही स्मृति भी पवेलियन लौट गईं और इंग्लैंड की वापसी की उम्मीदें जागीं. इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (25 गेंदों पर 26 रन) और जेमिमा रॉड्रिग्स (22 गेंदों पर नाबाद 24 रन) के बीच 48 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को लक्ष्य तक तीन ओवर शेष रहते पहुंचा दिया. इससे पहले, इंग्लैंड ने लगातार चौथी बार टॉस जीतकर बल्लेबाज़ी चुनी. लेकिन तीसरे मैच जैसी शुरुआत दोहराना इंग्लिश सलामी बल्लेबाज़ों के लिए मुश्किल साबित हुआ. सोफिया डंकली (19 गेंदों पर 22 रन) और डैनी वायट-हॉज (7 गेंदों पर 5 रन) को पावरप्ले में ही दीप्ति शर्मा और एन. श्री चरनी ने पवेलियन भेज दिया. इसके बाद एलिस कैप्सी (21 गेंदों पर 18 रन) और कप्तान टैमी ब्यूमोंट (19 गेंदों पर 20 रन) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय स्पिनरों ने शानदार नियंत्रण दिखाते हुए नियमित अंतराल पर विकेट निकालते रहे. सातवें से बीसवें ओवर के बीच भारतीय स्पिनरों ने नौ ओवर फेंके, जिसमें उन्होंने मात्र 56 रन देकर पांच विकेट चटकाए. राधा यादव ने चार ओवर में 15 रन देकर दो विकेट लिए और भारत की ओर से सबसे सफल गेंदबाज़ रहीं. आखिरी ओवर में सोफी एक्लेस्टोन और इस्सी वोंग ने कुछ बड़े शॉट लगाए, लेकिन इंग्लैंड का कुल स्कोर 126 रन ही पहुंच सका, जो बचाव के लिए पर्याप्त नहीं था. भारत अब 3-1 की अजेय बढ़त के साथ सीरीज़ जीत चुका है, और आखिरी मुकाबला औपचारिकता भर रह गया है.

## पीएसजी से मिली हार के बाद लुका मोड्रिक ने रियल मैड्रिड को कहा अलविदा

एजेंसियां। ईस्ट रदरफोर्ड

फीफा क्लब वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के हाथों 0-4 की करारी हार रियल मैड्रिड के दिग्गज मिडफील्डर लुका मोड्रिक के लिए विदाई का पल साबित हुई. यह मैच रियल मैड्रिड के लिए मोड्रिक का आखिरी मुकाबला था. 39 वर्षीय क्रोएशियाई स्टार मोड्रिक ने 2012 में रियल मैड्रिड का दामन थामा था और इसके बाद क्लब के साथ उन्होंने 28 प्रमुख खिताब अपने नाम किए. इनमें छह यूएफा चैंपियंस लीग, चार ला लीगा और दो कोपा डेल रे खिताब शामिल हैं. इस उपलब्धि के साथ मोड्रिक रियल मैड्रिड के इतिहास में सबसे अधिक ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. मोड्रिक न सिर्फ क्लब के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं, बल्कि रियल मैड्रिड के लिए सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर का रिकॉर्ड भी उनके नाम है. पीएसजी के खिलाफ अपने आखिरी मैच में मोड्रिक 63वें मिनट में जूड बेलिंघम की जगह मैदान पर उतरे. उनके इस फैसले से एक युग का अंत हुआ है, जिसमें उन्होंने रियल मैड्रिड को यूरोप और दुनिया की फुटबॉल में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया.



## विंबलडन 2025: नोवाक जोकोविच ने रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसियां। लंदन

अनुभवी सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने एक बार फिर अपना दबदबा दिखाते हुए इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-7(6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराकर विंबलडन 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली. यह जोकोविच का ऑल इंग्लैंड क्लब में रिकॉर्ड 14वां सेमीफाइनल है. 38 वर्षीय जोकोविच अब रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए आठवीं बार विंबलडन खिताब जीतने और ग्रैंड स्लैम की कुल संख्या 25 तक पहुंचने की ओर अग्रसर हैं. सेमीफाइनल में उनका सामना टॉप सीड जैनिक सिनर से होगा, जबकि खिताबी भिड़ंत में उनका सामना कार्लोस अल्कराज या टेलर फ्रिट्ज से हो सकता है.



मैच के बाद जोकोविच ने कहा, बहुत सारे आंकड़े हैं, जो मेरे दिमाग में घूम रहे हैं. विंबलडन हमेशा मेरे लिए सबसे खास टूर्नामेंट रहा है. यह मेरे करियर का एक बड़ा हिस्सा है और आज भी 38 की उम्र में यहां प्रतिस्पर्धा कर पाना मेरे लिए सम्मान की बात है. उन्होंने आगे कहा, आज कोबोली जैसे युवा खिलाड़ी के खिलाफ खेलना मुझे भी युवा महसूस कराता है. अब मैं सिनर के खिलाफ खेलूंगा और यह शानदार मुकाबला होगा. 22वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली ने पहले सेट में शानदार वापसी करते हुए 3-5 से पिछड़ने के बाद जोरदार शॉट लगाए और टाईब्रेक में पहला सेट 7-6(6) से अपने नाम किया. पूर्व रोमा फुटबॉल खिलाड़ी कोबोली ने बाद में टेनिस को अपना करियर चुना और आज उन्हीं के आदर्श जोकोविच के खिलाफ कोर्ट में डटे रहे.

जोकोविच ने कोबोली की तारीफ करते हुए कहा, कोबोली को इस शानदार टूर्नामेंट और आज के संघर्ष के लिए बधाई. उन्होंने बहुत ही ऊंचे स्तर का खेल दिखाया. सबसे ज्यादा मुझे उनकी सर्विस ने चौंकाया.


**दिल की बात** | विराट कोहली ने टेस्ट से संन्यास पर तोड़ी चुप्पी, बताई वजह

# युवराज से दोस्ती को लेकर भी दिया बयान

एजेंसियां। लंदन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है. लंदन में आठ जुलाई को युवराज सिंह द्वारा आयोजित चैरिटी कार्यक्रम में कोहली ने कहा कि उनकी उम्र ने इस फैसले में बड़ी भूमिका निभाई है. कोहली ने साथ ही युवराज सिंह के साथ अपनी दोस्ती को लेकर भी बयान दिया.

**युवराज-भज्जी और जैक ने सहज महसूस कराया :** कोहली ने युवराज सिंह के साथ अपनी दोस्ती पर भी बात की. उन्होंने याद किया कि जब वह भारतीय टीम में नए थे तो हरभजन सिंह और जहीर खान जैसे सीनियर खिलाड़ियों के साथ मिलकर युवराज ने कैसे उनकी काफी मदद की थी. उन्होंने कहा, हमने मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह बहुत अच्छा रिश्ता साझा किया. जब मैंने भारत के लिए खेलना शुरू किया तो युवी पा, भज्जू पा और जैक ने मुझे अपनी छत्रछाया मे लिया और ड्रेसिंग रूम में सहज महसूस कराया.



**कैंसर के बाद युवी की वापसी अविश्वसनीय :** कोहली ने युवराज को कैंसर से लड़ाई के बाद गर्व के साथ क्रिकेट में वापसी करते हुए देखा है. उन्होंने कहा, कैंसर के बाद उनकी वापसी अविश्वसनीय थी. मैं कप्तान था जब उन्होंने वापसी की और कटक में इंग्लैंड के खिलाफ एक अद्भुत पारी खेली. मुझे लगता है कि युवी ने 150 रन बनाए थे. मैंने उस दिन किसी से कहा था- ऐसा लग रहा है मैं फिर से अपने बचपन में क्रिकेट देख रहा हूं. मेरे मन में उनके लिए बहुत प्यार और सम्मान है. मैं किसी और के लिए इस तरह के आयोजन में नहीं आऊंगा.

**भारतीय टीम भी चैरिटी कार्यक्रम में पहुंची:** टेस्ट से संन्यास लेने के बाद से कोहली लंदन में चुपचाप रह रहे हैं.

### दाढ़ी का रंग..., कोहली का मजेदार जवाब

कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा, मैंने दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी को काला रंग दिया था. आप जानते हैं कि यह वो समय है जब आप हर चार दिन में अपनी दाढ़ी को रंग रहे हैं. कोहली ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ठीक पहले संन्यास की घोषणा की थी. इस खबर ने कई प्रशंसकों और विशेषज्ञों को चौंका दिया था. 36 वर्षीय कोहली अभी भी खेल के सबसे फिट क्रिकेटरों में से एक हैं. कई लोगों का मानना था कि उनके पास अभी भी कुछ और साल बाकी थे. पूर्व क्रिकेटरों का मानना था कि उनके पास 10,000 टेस्ट रन तक पहुंचने के लिए पर्याप्त समय भी था.

## ब्रीफ न्यूज

### उपायुक्त ने अभिलेखागार का किया विस्तृत निरीक्षण

**कोडरमा।** जिले के उपायुक्त ऋतुराज ने आज जिले के अभिलेखागार का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के संरक्षण, रख-रखाव और डिजिटलीकरण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की. उपायुक्त ने अभिलेखों की व्यवस्थापन प्रक्रिया को बारीकी से देखा और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की. उन्होंने अभिलेखों को सुव्यवस्थित ढंग से वर्गीकृत कर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी भी दस्तावेज़ या जानकारी को आसानी से प्राप्त किया जा सके. इसके साथ ही उन्होंने अभिलेखों के डिजिटलीकरण को तेजी से पूरा करने पर भी जोर दिया, जिससे कागजी अभिलेखों का संरक्षण बेहतर हो सके.

### बदुलिया घाट पर बालू माफियाओं का कब्जा

**जयनगर।** प्रखंड क्षेत्र के बदुलिया घाट पर इन दिनों बालू माफियाओं का पूरी तरह से कब्जा हो गया है. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की रोक के बावजूद यहां प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टरों से अवैध रूप से बालू की ढुलाई की जा रही है. दिन-रात गाड़ियों की लंबी कतारें घाट से गांव तक देखी जा सकती हैं. तेज रफ्तार ट्रैक्टरों की आवाजाही से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है. गांव की सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत देने के बावजूद प्रशासन मौन है और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध खनन से नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है.

### तिलैया डैम क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए डीसी की बैठक

**कोडरमा।** तिलैया डैम एवं उरांव क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में झारखंड पर्यटन विकास निगम, नाविक समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधि और विधायक प्रतिनिधि मौजूद रहे. बैठक में पर्यटन गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए समिति गठन, बोट शेड निर्माण हेतु स्थल चयन और कियोस्क स्थापित करने पर चर्चा हुई. युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से एडवेंचर स्पोर्ट्स, इको टूरिज़्म, रूरल होम स्टे जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. साथ ही, एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए स्थल चयन और रूरल टूरिज़्म के तहत पर्यटकों के लिए ठहरने और स्थानीय व्यंजनों के विकास पर भी विचार किया गया.

### जयनगर में निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**जयनगर।** गुरुवार को प्रखंड सभागार में विशेष संक्षिप्त गृहण पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के सफल संचालन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ गौतम कुमार ने की. उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत संवेदनशील होता है और इसे पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ पूरा करना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है. कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर कौशल प्रसाद कुशवाहा ने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को फॉर्म 6, 7, 8 के उपयोग, आवश्यक दस्तावेजों तथा हाउस-टू-हाउस एन्यूमरेशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है, जिससे किसी का भी मतदान अधिकार वंचित न रहे. प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी खुर्शीद मियाँ ने बीएलओ और सुपरवाइजरों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इनके बीच समन्वय से ही त्रुटिहीन और मजबूत मतदाता सूची तैयार की जा सकेगी.

---

### एनजीटी ने ओकनी तालाब का कायाकल्प का कार्य पूर्ण करने का दिया आदेश

# तीन जुलाई 2026 तक तय कर दी समय सीमा

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



हजारीबाग के ऐतिहासिक ओकनी तालाब को लेकर वर्षों से चली आ रही कानूनी लड़ाई में अब एक बड़ी सफलता मिली है. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने हजारीबाग पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के पक्ष में फैसला सुनाते हुए तालाब के कायाकल्प का रुका हुआ कार्य 3 जुलाई 2026 तक पूरा करने का आदेश दिया है. यह आदेश 3 जुलाई 2025 को ट्रिब्यूनल के जस्टिस बी. अमित स्थालेकर (ज्यूडिशियल मेंबर) और एक्सपर्ट मेंबर अरुण कुमार वर्मा द्वारा सुनाया गया. पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष जयगोपाल राय द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और विभिन्न जांच रिपोर्टों के आधार पर यह निर्णय लिया गया. रिपोर्टों में साफ तौर पर तालाब की गंदगी, नाली का पानी गिरने और कचरा फेंके जाने की पुष्टि हुई थी.

ट्रिब्यूनल ने जिला उपायुक्त हजारीबाग को जिम्मेदारी दी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि तालाब को प्रदूषित करने और कचरा डालने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए. साथ ही, एक समग्र एक्शन प्लान बनाकर तालाब के संरक्षण की दिशा में कार्य प्रारंभ किया जाए. इस फैसले से करीब एक करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित कायाकल्प कार्यों को दोबारा गति मिलने की उम्मीद जगी है. मामले में झारखंड सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी, हजारीबाग नगर निगम, डीसी हजारीबाग और पर्यावरण मंत्रालय को पक्षकार बनाया गया था. शिकायत के बाद एनजीटी के निर्देश पर गठित उच्चस्तरीय कमिटी ने स्थल निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी. इसमें तालाब में नाली का पानी गिरने, गंदगी के जमाव और जानवरों के प्रवेश जैसी समस्याओं को चिन्हित किया गया. सदर सीओ द्वारा दी गई रिपोर्ट में भी जमीन पर दावेदारी करने वाले शाहनवाज जमील के दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया गया कि यह जमीन दशकों से सार्वजनिक उपयोग में रही है. रिपोर्टों के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि 14.62 एकड़ में फैले ओकनी तालाब की स्थिति को सुधारा जाए और वहां उचित व्यवस्था की जाए.

ट्रिब्यूनल ने कार्ययोजना में स्पष्ट किया है कि तालाब में नाली का पानी नहीं गिरे, कचरा और गंदगी की रोकथाम हो, चारों ओर डस्टबिन की व्यवस्था की जाए, तालाब की फेंसिंग हो, जानवरों का प्रवेश रोका जाए और पानी में मौजूद जलकुंभी व गंदगी को हटाया जाए. इस आदेश के आते ही हजारीबाग पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के सदस्यों में उत्साह की लहर दौड़ गई. बारिश के बीच ट्रस्ट के सदस्य ओकनी तालाब पहुंचे और जीत का जश्न मनाया. पूर्व वार्ड पार्षद विशु विश्वकर्मा ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रस्ट अध्यक्ष जयगोपाल राय और सचिव नीलेन्दु जयपुरियार को मिठाई खिलाकर बधाई दी.

---

# मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत कृषि यंत्र प्रदर्शनी का सफल आयोजन

### किसानों को दी गई कृषि यंत्रों की विस्तार से जानकारी

**शुभम संदेश। चतरा**



जिले के भूमि संरक्षण कार्यालय प्रांगण में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं कृषि यंत्रीकरण उप मिशन (एसएमएएम) योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग), झारखंड सरकार तथा उपायुक्त कीर्तिश्री जी के निर्देशन में किया गया. इस प्रदर्शनी का उद्देश्य किसानों एवं कृषि से जुड़े हितधारकों को आधुनिक यंत्रीकृत कृषि साधनों से अवगत कराना था ताकि कृषि उत्पादन में सुधार हो और श्रम पर निर्भरता कम की जा सके.

प्रदर्शनी में ट्रैक्टर, पावर टिलर, पंप सेट, सोलर पंप सेट सहित कई अत्याधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन किया गया. इन यंत्रों के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे वे इन उपकरणों का सही उपयोग कर अपनी खेती को अधिक लाभकारी बना सकें. कार्यक्रम में 250 से अधिक किसानों ने भाग लिया, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है और कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी मंच साबित हुआ.

कार्यक्रम के दौरान किसानों को अनुदान एवं लाभकारी योजनाओं के तहत आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी प्रदान की गई. कई किसानों ने प्रदर्शनी में देखे गए तकनीकी उपकरणों को अपनाने की इच्छा जताई. भूमि संरक्षण पदाधिकारी हिमांशु कुमार ने इस कार्यक्रम को कृषि क्षेत्र में नवाचार व यंत्रीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया. उन्होंने कहा कि उपायुक्त कीर्तिश्री जी के मार्गदर्शन में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर किसान, विशेषकर छोटे और मध्यम किसान, तक कृषि तकनीक की पहुंच हो और वे इसका सीधा लाभ उठा सकें. हिमांशु कुमार ने आगे बताया कि भविष्य में भी इस तरह के प्रदर्शन, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा सके. इसका उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और लाभकारी खेती की ओर प्रेरित करना है.

इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की दूरदर्शी सोच और किसान-केंद्रित दृष्टिकोण की भी प्रशंसा की गई. उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि ये योजनाएं जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू हों और वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सकें. मंत्री के मार्गदर्शन में विभाग की टीम नवाचार, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देते हुए किसानों के साथ सतत संपर्क बनाए हुए है, जिससे सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं और अधिक प्रभावी और लाभकारी बन सकें.

इस प्रदर्शनी ने न केवल किसानों को नवीनतम कृषि यंत्रों से परिचित कराया, बल्कि उन्हें अपने खेतों में इन यंत्रों को अपनाने के लिए प्रेरित भी किया. इस तरह के आयोजन से ग्रामीण कृषि क्षेत्र में तकनीकी बदलाव की प्रक्रिया को गति मिलेगी और कृषि उत्पादन में सुधार होगा. साथ ही, श्रम लागत में कमी के साथ किसानों की आय में वृद्धि भी संभव होगी. इस प्रकार, मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं स्माम योजना के तहत आयोजित यह एक दिवसीय प्रदर्शनी कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने तथा किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. सरकार की यह पहल किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रही है.

---

### डॉ. अशोक कुमार ने सिविल सर्जन के रूप में संभाला कार्यभार



**हजारीबाग।** स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण बदलाव के तहत डॉ. अशोक कुमार ने नए सिविल सर्जन के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है. इस मौके पर डॉ. राहुल कुमार सिंह ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने डॉ. अशोक कुमार का गर्मजोशी से अभिनंदन किया. डॉ. अशोक कुमार ने अपने पदभार संभालते हुए कहा कि वे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत तथा जनता के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल तक सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने को अपनी प्राथमिकता बताया. उनका उद्देश्य है कि हजारीबाग के लोगों को बेहतर और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जनता ने डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई है. उनका मानना है कि डॉ. कुमार के प्रयासों से हजारीबाग की स्वास्थ्य व्यवस्था नई ऊँचाइयों को छूएगी और यहां के लोग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे.

---

# 'संगठन सृजन 2025' के तहत कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर आज



**शुभम संदेश। हजारीबाग**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से 'संगठन सृजन 2025' अभियान के तहत एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह प्रशिक्षण शिविर 11 जुलाई (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11 बजे हजारीबाग के कार्मल स्कूल चौक स्थित पैराडाइज बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया जाएगा. इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिलों के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष शामिल होंगे. प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कांग्रेस संगठन की जमीनी मजबूती और कार्यकर्ताओं में सांगठनिक चेतना को बढ़ाना है. कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. उनके साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं प्रदेश के उप प्रभारी श्रीबेला प्रसाद और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी विशेष रूप से भाग लेंगे. इसके अतिरिक्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे. जानकारी जिला कांग्रेस कमिटी के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने दी है.

---

### एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला व बाल अस्पताल की सराहनीय पहल

# निःशुल्क मेगा स्त्री रोग जांच शिविर कल

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एचजेडबी आरोग्यम कुणाल महिला एवं बाल अस्पताल हजारीबाग द्वारा 12 जुलाई, शनिवार को एक भव्य निःशुल्क मेगा स्त्री रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अस्पताल परिसर, इमली कोठी, लिटिल एंगल्स स्कूल के समीप आयोजित होगा. शिविर का उद्देश्य हजारीबाग समेत आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को समय पर स्त्री रोगों की जांच, पहचान और विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करना है, जिससे वे गंभीर बीमारियों से बच सकें और उचित समय पर इलाज शुरू कर सकें. शिविर में निःशुल्क जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड ग्रुप, यूरिन रूटीन और अल्ट्रासाउंड स्क्रीनिंग जैसी जरूरी प्राथमिक जांचें शामिल हैं. गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जिसमें गर्भावस्था के दौरान सामान्य एवं असामान्य लक्षणों जैसे चक्कर आना, पीठ दर्द, पेट में खिंचाव, सिरदर्द आदि का विश्लेषण कर उन्हें उचित समाधान दिया जाएगा. इसके अतिरिक्त निःसंतान दंपतियों को भी विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा ताकि वे बांझपन के कारणों को समझकर इलाज की शुरुआत कर सकें. साथ ही मासिक धर्म की अनियमितता, फाइब्रॉयड, सिस्ट, एंडोमेट्रियोसिस, प्रजनन तंत्र के कैंसर, मूत्र असंयम, सफेद पानी की समस्या, खुजली, सूखापन और प्रसवोत्तर जटिलताओं जैसी जटिल स्त्री रोगों का भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण एवं परामर्श किया जाएगा.

शिविर में देश-विदेश से उच्च शिक्षित और अनुभवी महिला रोग विशेषज्ञों की टीम मौजूद रहेगी, जो संवेदनशीलता और आधुनिक तकनीक के साथ महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करेंगी. अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया कि, ₹हर महिला का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है. इस शिविर के माध्यम से हम महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहते हैं ताकि वे समय रहते सही परामर्श और उपचार प्राप्त कर सकें.₹ शिविर में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है. इच्छुक महिलाएं 9031074363 या 9031074364 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं.

---

## एक नजर

### झारखंड के विकास के लिए राजनीतिक एकजुटता जरूरी : राजकुमार राज

बोकारो। झारखंड के गठन के 25 साल बाद भी राज्य अपनी पूरी क्षमता हासिल नहीं कर पाया है. राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज का मानना है कि राजनीतिक अस्थिरता और दलों के बीच आपसी टकराव राज्य की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है. राजकुमार राज ने कहा कि झारखंड में समृद्धि के लिए सभी आवश्यक संसाधन मौजूद हैं, लेकिन राजनीतिक मतभेद विकास को रोक रहे हैं. उन्होंने सभी दलों से अपने निजी हितों को छोड़कर राज्यहित के मुद्दों पर एकजुट होने का आह्वान किया. उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को प्राथमिकता देने पर जोर दिया. राज ने कहा कि रालोजपा झारखंड के समग्र विकास और हर नागरिक के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है. विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए और आदिवासी व वंचित वर्गों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है.

### जमुआ से 58 जायरीन उमरा के लिए रवाना

**जमुआ (गिरिडीह)।** मक्का और मदीना शरीफ के दीदार के लिए जमुआ प्रखंड से 58 सदस्यीय जायरीनों का एक जत्था गुरुवार को रवाना हुआ. जत्थे का नेतृत्व समाजसेवी मौलाना सगीर अहमद रजवी कर रहे हैं, जो इन्हें जमुआ से दिल्ली एयरपोर्ट तक ले जाएंगे. जानकारी के अनुसार जमुआ प्रखंड के विभिन्न गांवों से कुल 58 लोग उमरा करने जा रहे हैं. कोडरमा स्टेशन और दिल्ली एयरपोर्ट तक दर्जनों लोग जायरीनों को छोड़ने साथ गए. आंखों में खाना-ए-काबा के दीदार की तमन्ना और लबों पर दुआ लिए सभी जायरीन रवाना हुए. मौलाना सगीर अहमद रजवी ने रवाना होने से पहले जायरीनों को उमरा के अरकान (नियमों) की जानकारी दी. उन्होंने सभी से मुल्क (देश) की तरक्की और अमन (शांति) के लिए दुआ करने की अपील की. जायरीनों से मिलने और उन्हें विदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुँचे. लोगों ने जायरीनों से अपने-अपने लिए दुआ की फरियाद की. जायरीनों में जमुआ प्रखंड के बरियारपुर से 7, सोनानाचन से 2, इसके अलावा केंदुआ, धुरगड़गी, प्रमाणिकडीह, डोरंडा, चाकमंजो सहित जिले के अन्य प्रखंडों के कुल 58 लोग शामिल हैं. मौलाना सगीर अहमद रजवी ने बताया कि जत्थे में शामिल सभी लोग अपने गाँव, मोहल्ले और देश के लिए दुआ करेंगे. जायरीनों में मुख्य रूप से 11 आलिम (धार्मिक विद्वान) और उलेमा (धर्माचार्य) शामिल हैं, जिनमें प्रमुख रूप से बरियारपुर के इमाम मौलाना सगीर अहमद रजवी, केंदुआ के इमाम मुफ्ती अब्दुल जब्बार, चाकमंजो के इमाम मोहम्मद अनवर मिस्बाही, और इमाम हाफिज आरिफ भी शामिल हैं. इस अवसर पर सुलेमान, सरपंच मुबारक हुसैन, लियाकत अंसारी, मास्टर शौकत उद्दीन अंसारी, मास्टर जाहिद सहित कई अन्य लोग मौजूद थे.

### प्रमुख ने केंद्रीय मंत्री को मांग पत्र सौंपा

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी प्रखंड प्रमुख उषा देवी ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और गिरिडीह जिला विकास समन्वय समिति की अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी को एक मांग पत्र सौंपा है. इस पत्र में उन्होंने डुमरी प्रखंड की कई ज्वलंत समस्याओं पर ध्यान दिलाते हुए उनके त्वरित समाधान की अपील की है. प्रमुख मांगों में इसरी बाजार भगत मध्य विद्यालय के जर्जर भवन का पुनर्निर्माण, रांगामाटी धरवा बेड़ा आदिवासी टोला में जाहेर थान का सौंदर्यीकरण, रोशनाटुंडा भितिया दह नदी में चेकडैम का निर्माण, डुमरी थाना पुराने जीटी रोड से रेलवे गेट तक सूखे पेड़ों को हटवाना, तीन साल से बंद पड़ी डुमरी जामतारा ग्रामीण पेयजल जलापूर्ति योजना को फिर से शुरू करवाना, डुमरी-फुसरो पथ पर खांकीकला से बजरंग बली मंदिर होते हुए होटल तक सड़क निर्माण और रेलवे गेट से आनंद मार्ग स्कूल तक पीसीसी सड़क तथा ओवरब्रिज के नीचे पुलिया निर्माण शामिल है.

### बड़कीधमराय पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का उद्घाटन

**चंदवारा।** गुरुवार को चंदवारा प्रखंड के बड़कीधमराय पंचायत भवन में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया. बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा और पंचायत मुखिया सरजू वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया. इस अवसर पर बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा ने कहा कि यह केंद्र छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके उज्जवल भविष्य में अहम भूमिका निभाएगा. पंचायत मुखिया सरजू वर्मा ने कहा कि इस ज्ञान केंद्र से विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे. ज्ञान केंद्र में बच्चों के लिए समाज ज्ञान, मैगजीन, उपन्यास और अन्य शैक्षिक पुस्तकों के साथ-साथ कंप्यूटर की भी व्यवस्था की गई है, जिससे बच्चे आधुनिक तकनीक का भी लाभ उठा सकेंगे. इस अवसर पर पंचायत सेवक महेश कुमार किस्कु, राहुल कुमार, सरिता देवी, बिनोद पासवान, शारदा देवी, मुकेश साव, मनीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे. यह पहल स्थानीय बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी.

### उमरा यात्रियों का मक्का मुअज्जमा के लिए स्वागत

**कोडरमा।** मक्का मुअज्जमा उमरा पर जाने वाले 13 आजमीनो का बुधवार को कोडरमा में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया और वे सुबह रांची हवाई अड्डा के लिए रवाना हुए. स्वागत समारोह में उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया. उमरा पर जाने वालों में मदीना नगर असनाबाद करमा के वसील अहमद, नाज़नीन परवीन, जीनत निशा और शबनम बानो शामिल हैं, जो एक ही परिवार से हैं. इस मौके पर दारुल कजा शरिया के काजी-ए-शरियत व मुस्लिम मैरिज रजिस्ट्रार झारखंड सरकार कोडरमा के मुफ्ती नसीम कासमी ने सामूहिक दुआ कराई. उन्होंने देश की तरक्की, खुशहाली और उमरा यात्रा की सफलता के लिए दुआ मांगी. मुफ्ती नसीम ने बताया कि उमरा अल्लाह की इबादत का एक अनूठा अवसर है, जो विश्वास को नवीनीकृत करने और पापों की माफी मांगने का साधन है.

## पेज एक का शेष

### देवघर में श्रावणी मेले का रंगारंग उद्घाटन...

उन्होंने बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना की कि झारखंड समृद्ध, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बना रहे. उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ से यही कामना है कि सभी के जीवन में शिव का प्रकाश फैले और कल्याण हो. ॐ नमः शिवाय. हर हर महादेव. सहायता केंद्रों में श्रद्धालुओं को मिलेगी मददः मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुविधा-संपन्न व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे मेला व्यवस्था में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सूचना सहायता केन्द्रों से संपर्क करें.

---

**सुरक्षा**

### रेलवे - डीएफसीसीआईएल का समझौता, मैन्युअल निरीक्षण में होगी कमी

# रेलवे में अब एआई से होगी सुरक्षा निगरानी

**शुभम संदेश। कोलकाता**



भारतीय रेलवे अब ट्रेन सुरक्षा को हाईटेक बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है. इसी कड़ी में रेलवे ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के साथ एक अहम समझौता किया है. इस समझौते के तहत रेलवे की पटरियों के किनारे अब मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली (एमवीआईएस) लगाई जाएगी, जो एआई और मशीन लर्निंग से लैस है. यह सिस्टम चलती ट्रेनों के नीचे के हिस्से यानी अंडर-गियर की हाई-रिजोल्यूशन तस्वीरें लेगा और अगर कोई पुर्ज़ा ढीला, टूटा या गायब हुआ तो तुरंत अलर्ट देगा. इससे समय रहते सुधार हो सकेगा और हादसों से बचा जा सकेगा. नई दिल्ली के रेल भवन में हुए इस समझौते पर रेलवे बोर्ड के निदेशक (परियोजना) सुमित कुमार और डीएफसीसीआईएल के जीजीएम (मैकेनिकल) जवाहर लाल ने दस्तखत किए. मौके पर रेलवे बोर्ड और डीएफसीसीआईएल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

डीएफसीसीआईएल कुल चार एमवीआईएस यूनिट्स की खरीद, इंस्टॉलेशन और ट्रायल की जिम्मेदारी निभाएगा.

यह पहली बार है जब भारतीय रेलवे इस तरह की स्मार्ट निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल कर रहा है. माना जा रहा है कि इससे मैन्युअल जांच का बोझ घटेगा, सुरक्षा बढ़ेगी और ट्रेन संचालन और अधिक भरोसेमंद होगा.

रेलवे के मुताबिक यह कदम भविष्य के स्मार्ट और सुरक्षित रेलवे नेटवर्क की ओर एक बड़ा कदम है.

समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से सुमित कुमार, निदेशक (परियोजना और विकास), रेलवे बोर्ड, और जवाहर लाल, जीजीएम (मैकेनिकल), डीएफसीसीआईएल ने नई दिल्ली के रेल भवन में हस्ताक्षर किए. इस दौरान बीएम अग्रवाल, सदस्य (ट्रैक्शन और रोलिंग स्टॉक), प्रवीण कुमार, प्रबंध निदेशक, डीएफसीसीआईएल और रेलवे बोर्ड तथा डीएफसीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

---

# बच्चा चोरी कर बेचने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**शुभम संदेश। हजारीबाग**



बड़ा बाजार थाना क्षेत्र से बच्चा चोरी कर उसे बेचने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए हैं. पुलिस की तत्परता से चोरी हुआ बच्चा सकुशल बरामद कर लिया गया है और उसे उसकी मां को सौंप दिया गया है. मामला 18 अप्रैल का है, जब वादिनी चादो पासी, पति मिथलेश पासी, वर्तमान निवासी झोपड़ी पट्टी, सरना मैदान, थाना बड़ा बाजार ओ०पी०, हजारीबाग ने थाना में आवेदन देकर अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र मालिक पासी के लापता होने की सूचना दी थी. आवेदन के आधार पर बड़ा बाजार ओ०पी० में कांड संख्या 116/25 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया. जांच के क्रम में 5 वर्षीय एक बच्चे ने बताया कि उसने मालिक पासी को एक व्यक्ति के साथ सागर होटल, लक्ष्मी सिनेमा हॉल के पास देखा था. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया. पूछताछ में उन्होंने अपने नाम छोटु विश्वकर्मा उर्फ टिंकु (पिता सुरेश विश्वकर्मा, निवासी दरिया बारका, थाना ईचाक) और रोहित कुमार (पिता स्व. रविन्द्र राम, निवासी लेपो रोड, थाना सदर) बताए. दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने सुदीप स्वर्णकार और उसकी पत्नी सीमा शर्मा के साथ मिलकर बच्चे का अपहरण किया था और उसे गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के बालीडीह गांव निवासी सरिता देवी (पति संतोष ठाकुर) को बेच दिया था. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्चे को बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया. इस अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, बड़ा बाजार ओपी प्रभारी पुअनि बिट्टू रजक, पुअनि राहुल कुमार, पुअनि रमेश हजाम, महिला आरक्षी बैजन्ती कुमारी और रिजर्व गार्ड की अहम भूमिका रही. पुलिस अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश में जुटी हुई है.

## मौसम हुआ सुहाना





नई दिल्ली के चांदनी चौक पर बारिश के बीच लोग आवागमन करते हुए.

**न्यूज अपडेट**

### कोलकाता में तीन दिवसीय पर्यटन मेले का हुआ शुभारंभ, पहुंचे लोग

**कोलकाता।** कोलकाता स्थित बांग्ला मेला प्रांगण में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मेले का शुभारंभ हुआ. उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला थे और इसमें देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों और पर्यटन से जुड़े प्रतिष्ठानों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली. इस वर्ष के पर्यटन मेले में 14 देशों और 25 भारतीय राज्यों के 500 से अधिक प्रतिनिधि अपने-अपने पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक विरासतों का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से भाग ले रहे हैं. यह मेला आगामी 12 जुलाई तक चलेगा, जिसमें विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनियां और पर्यटन आधारित संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे.

### गुजरातः गंभीरा ब्रिज हादसे में मरने वालों की संख्या 15 तक पहुंची

**वडोदरा ।** आणंद और वडोदरा शहर को जोड़ने वाले गंभीरा पुल हादसे में मरने वाले की संख्या बढ़कर 15 हो गई है. प्रशासन का कहना है कि अभी भी तीन लापता लोगों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. नदी में दो और वाहनों के फंसे होने की आशंका है. एक दिन पहले बुधवार सुबह यह हादसा हुआ था. कलेक्टर के मुताबिक हादसे की चपेट में आने वाले दो अन्य वाहन जो नदी में गिरने के करीब थे, उन्हें सुरक्षित खींच लिया गया है. वडोदरा (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने बताया कि पुल का 10 से 15 मीटर लंबा स्लैब सुबह भरभरा कर गिर गया. उधर, राज्य सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि राज्य सरकार ने इस नदी पर नया पुल बनाने की त्वरित मंजूरी दे दी है. इसके लिए 212 करोड़ रुपये आवंटित किए गए है.

### विधायक सुब्बा रेड्डी के घर समेत बेंगलुरु में 5 जगहों पर ईडी का छापा

**बेंगलुरु ।** विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह कांग्रेस विधायक बी. सुब्बा रेड्डी के घर समेत बेंगलुरु में कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की. चिकबल्लापुर जिले के बागेपल्ली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सुब्बा रेड्डी के आवास, उनके परिजनों की संपत्तियों और उनके व्यावसायिक साझेदारों के परिसरों में तलाशी ली गई है. मलेशिया, हांगकांग और जर्मनी में मौजूद बैंक खातों और विदेशी संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों को लेकर छानबीन की जा रही है. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, विदेशी लेन-देन और निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज मिलने की संभावना के चलते ईडी की टीम ने यह कार्रवाई की है.

### अमरनाथ यात्राः 7,307 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू ।** अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 7,307 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ. अधिकारियों के अनुसार तीर्थयात्री आज सुबह 284 वाहनों में जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुए. इस जत्थे में 5534 पुरुष, 1586 महिलाएं, 25 बच्चे, 138 साधु और 24 साध्वियां शामिल थीं. इनमें से 3081 तीर्थयात्री तड़के 3:15 बजे बालटाल आधार शिविर और 4226 तीर्थयात्री तड़के 3:58 बजे पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जहां से वे पवित्र गुफा की अपनी आगे की यात्रा के लिए रवाना होंगे.

### हरियाणा के पांच जिलों में भूकंप के झटके, लोगों में मची अफरा-तफरी

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के पांच जिलों में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए. प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बुधवार रात से लगातार बारिश हो रही है. बारिश के दौरान भूकंप के झटकों से लोगों में अफरा-तफरी मच गई. गुरुग्राम, रोहतक, सोनीपत, झज्जर, हिसार सहित कई हिस्सों में गुरुवार सुबह करीब नौ बजकर पांच मिनट पर भूकंप के झटके महसूस हुए. इसका केंद्र झज्जर रहा. भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 मापी गई. यहां करीब 10 कि.मी. नीचे धरती में हलचल महसूस की गई है. किसी ने जमीन के नीचे ट्रेन की तरह आवाज सुनाई देने का दावा किया तो किसी ने डरावनी आवाज सुनने की बात कही. सोनीपत निवासी अजयदीप के अनुसार इस तरह के झटके पहले कभी महसूस नहीं किए गए.

### शेख हसीना और तीन अन्य के खिलाफ औपचारिक मुकदमा शुरू

**ढाका ।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और तीन आरोपितों के खिलाफ आज अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 में औपचारिक मुकदमा शुरू हो गया. चारों पर पिछले साल जुलाई में हुए जन-विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराधों में शामिल होने का गंभीर आरोप है. इस केस में गिरफ्तार पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने न्यायाधिकरण से सरकारी गवाह बनने की इच्छा व्यक्त की है. ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत चारों आरोपितों के खिलाफ औपचारिक आरोप तय करने का आदेश दिया.

## यूक्रेन को लेकर अमेरिकी नीति में असमंजस के हालात

# पेंटागन ने पहले हथियारों की सप्लाई रोकी, फिर शुरू कर दी

- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बीते सप्ताह यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोकने का निर्देश दिया था

**एजेंसी । वाशिंगटन**

यूक्रेन नीति को लेकर ट्रंप प्रशासन में असमंजस और समन्वय की कमी नजर आ रही है. दरअसल बीते दिनों खबर आई थी कि अमेरिका ने यूक्रेन को कई हथियारों की आपूर्ति रोक दी है. अब खबर आई है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई फिर से शुरू कर दी है. जो हथियार भेजे जा रहे हैं, उनमें 155 एमएम के गोला बारूद और गाइडेड रॉकेट शामिल हैं. हालांकि ये जानकारी नहीं दी गई है कि हथियारों की आपूर्ति कब शुरू हुई.

**व्हाइट हाउस ने हथियारों की सप्लाई पर रोक पर जताई हैरानी :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बीते हफ्ते यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोकने का निर्देश दिया था. दरअसल पेंटागन द्वारा हथियारों के स्टॉक की समीक्षा के लिए आपर्ति रोकी गई थी. हालांकि इस फैसले पर व्हाइट हाउस ने हैरानी जताई है. व्हाइट हाउस के अधिकारी ने बताया कि यूक्रेन को भेजे जाने वाले हथियारों पर कभी भी रोक नहीं लगाई गई थी. हालांकि सुरक्षा रणनीति के तहत अमेरिकी सेना के हथियारों के स्टॉक की समीक्षा की गई थी. बीते हफ्ते पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि यूक्रेन को किन हथियारों की आपूर्ति रोकी गई, उसकी वे जानकारी नहीं दे सकते और अमेरिकी राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री ही इस बारे में फैसला लेंगे. इससे साफ है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के मुद्दे पर समन्वय की कमी है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी.



**ट्रंप ने पेंटागन के अधिकारियों से जताई निराशा :** पूर्व में जब हथियारों की सप्लाई रोकने की खबर सामने आई थी तो बताया गया कि पैट्रियट मिसाइलों, जीएमएलआरएस रॉकेट, हेलफायर मिसाइल, होवित्जर राउंड आदि की आपूर्ति रोकी गई. अब ये साफ नहीं है कि पैट्रियट मिसाइलों की आपूर्ति फिर शुरू की गई है या नहीं. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि अमेरिका, यूक्रेन को रक्षात्मक हथियार पहुंचाना जारी रखेगा. हाल ही में पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि हथियारों की आपूर्ति रोकने का आदेश किसने दिया.

ट्रंप ने हथियारों की आपूर्ति पर रोक के लिए पेंटागन के अधिकारियों से निराशा जाहिर की. वही पेंटागन ने इस बात से इनकार किया है कि रक्षा मंत्री हेगसेथ ने राष्ट्रपति से सलाह लिए बिना कोई कार्रवाई की. अमेरिका का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज़ कर दिए हैं. ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की बात कही थी, लेकिन युद्धविराम समझौते पर सहमति नहीं बनने के बाद अब लग रहा है कि ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति पुतिन से खुश नहीं हैं और अमेरिका द्वारा हथियारों की आपूर्ति भी उसी ओर इशारा कर रही है.

### नासा के अंतरिम प्रशासक नियुक्त किए गए सीन डफी, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया एलान

सीन डफी को नासा का अंतरिम प्रशासक नियुक्त किए जाने की जानकारी देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा कि, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मैं हमारे परिवहन सचिव, सीन डफी को नासा का अंतरिम प्रशासक नियुक्त कर रहा हूं. सीन हमारे देश के परिवहन मामलों को संभालने में जबरदस्त काम कर रहे हैं, जिसमें अत्याधुनिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम बनाना भी शामिल है. वह इस अत्यधिक महत्वपूर्ण अंतरिक्ष एजेंसी के लिए एक शानदार नेता होंगे, भले ही केवल थोड़े समय के लिए ही क्यों न हों ? बधाई हो, और धन्यवाद, सीन! विस्कॉन्सिन से पूर्व सांसद और ट्रंप के लंबे समय से सहयोगी रहे डफी ने जेनेट पेट्रो का स्थान लिया है, जो जनवरी से कार्यवाहक नासा प्रशासक के रूप में कार्यरत थीं. ट्रंप ने मई में इस पद के लिए जेरेड आइजैकमैन को दिसंबर 2024 नामित किया था, हालांकि बाद में उन्होंने उनका नाम वापस ले लिया.

### बाइडन के पूर्व डॉक्टर का जवाब देने से इनकार डॉ. केविन ने संविधान संशोधन का इस्तेमाल किया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के दौरान उनकी मानसिक और शारीरिक सेहत को लेकर जांच कर रही है. इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब व्हाइट हाउस के पूर्व डॉक्टर डॉ. केविन ओ कॉनर ने बुधवार को बाइडन की सेहत से संबधित जांच के मामले में गवाही देने से इनकार कर दिया. उन्होंने अमेरिकी संविधान के पांचवें संशोधन के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सवालों के जवाब नहीं दिए. बता दें कि रिपब्लिकन सांसद की तरफ से जो बाइडन की मानसिक और शारीरिक सेहत की जांच कर रहे हैं. साथ ही ये दावा भी कर रहे हैं कि बाइडन के कार्यकाल के दौरान कुछ नीतियां व्हाइट हाउस के ऑटोपेन (दस्तखत की मशीन) के जरिए पास हुईं, जो तब वैध नहीं मानी जाएंगी, अगर यह साबित हो गया कि बाइडन उस समय मानसिक रूप से अक्षम थे. हालांकि बाइडन ने इन आरोपों को बेतुका और झूठा बताया है.

**डॉ. कॉनर ने क्यों नहीं दिया गवाही :** मामले में अब एक सवाल लगातार खड़े हो रहे है कि डॉ. ओ'कॉनर ने बाइडन की सेहत को लेकर चल रहे जांच में गवाही क्यों नहीं? इस बात की जानकारी डॉ. के वकील डेविड शर्टलर ने दिया. उन्होंने कहा कि डॉक्टर के पास कोई विकल्प नहीं था, क्योंकि उन्हें एक डॉक्टर के रूप में मरीज की गोपनीयता बनाए रखनी थी और साथ ही न्याय विभाग की ओर से चल रही जांच में कानूनी जोखिम से भी बचना था.

## दक्षिण कोरिया : मार्शल लॉ से जुड़े मामले में नया मोड़

# पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की गिरफ्तारी को कोर्ट की मंजूरी

**एजेंसी । सियोल**

दक्षिण कोरिया की सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने गुरुवार तड़के देश के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की दोबारा गिरफ्तारी को मंजूरी दे दी. यह गिरफ्तारी दिसंबर में उनके द्वारा थोड़े समय के लिए लगाए गए मार्शल लॉ से जुड़े गंभीर आरोपों को लेकर की गई है. अदालत ने विशेष अभियोजक की उस दलील को स्वीकार किया कि यून सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं. यून सुक-योल को राजधानी सियोल के पास स्थित एक डिटेंशन सेंटर में फिर से भेज दिया गया है. गौरतलब है कि मार्च में उन्हें पहले ही रिहा कर दिया गया था, जब अदालत ने जनवरी में उनकी गिरफ्तारी को रद्द कर ट्रायल के दौरान हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं मानी थी. पूर्व राष्ट्रपति यून के खिलाफ जांच की कमान विशेष अभियोजक चो यून-सुक की टीम संभाल रही है, जो उन पर राजद्रोह, सत्ता के दुरुपयोग, सरकारी कामकाज में बाधा और आधिकारिक दस्तावेजों की हेराफेरी जैसे गंभीर आरोपों में नए मुकदमे दर्ज करने की तैयारी में है. टीम ने यून से दो बार पूछताछ करने के बाद रविवार को गिरफ्तारी वारंट के लिए आवेदन दायर किया था.

## यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नया व्यापारिक हमला

# फिलीपींस समेत 6 अन्य देशों पर आयात शुल्क का किया ऐलान

**एजेंसी । वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलीपींस सहित छह और देशों पर भारी आयात शुल्क लगाने का ऐलान किया है. बुधवार को इन देशों के नेताओं को भेजे गए औपचारिक पत्रों में ट्रंप ने कहा कि 01 अगस्त से लागू होने वाले इन टैरिफ में लीबिया, इराक और अल्जीरिया से आने वाले आयात पर 30%, मोल्दोवा और ब्रुनेई पर 25%, और फिलीपींस पर 20% का शुल्क लगाया जाएगा. इस कदम के साथ इस सप्ताह टैरिफ की नई दरों से प्रभावित होने वाले देशों की संख्या 20 हो गई है. इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने कंबोडिया, थाईलैंड, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया सहित कई देशों पर भी शुल्क बढ़ाने की घोषणा की थी. ट्रंप ने एक कैबिनेट बैठक में स्पष्ट किया कि एक अगस्त की समयसीमा अंतिम है और वह इन टैरिफ को लेकर अब और बातचीत की गुंजाइश नहीं है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई देश बातचीत करना चाहता है, तो वे 01 अगस्त से पहले समझौता कर सकते हैं. साथ ही ट्रंप ने अपने पत्र में चेतावनी भी दी कि जितना वे (अन्य देश) अपने टैरिफ बढ़ाएंगे, उतना ही हम अपने शुल्क में जोड़ देंगे.

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अप्रैल माह में ट्रंप प्रशासन ने तथाकथित रिसिप्रोकल टैरिफ (प्रतिस्पर्धी शुल्क) की घोषणा की थी, जिसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया था. 07 जुलाई को हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश के अनुसार, अब इन्हें 01 अगस्त से लागू किया जाएगा.

## लॉस एंजिल्स में सुरंग ढही, अग्निशमन कर्मियों ने 31 श्रमिकों को बचा लिया

**एजेंसी । वाशिंगटन**

संयुक्त राज्य अमेरिका के खूबसूरत शहर लॉस एंजिल्स में बुधवार रात एक सुरंग ढह गई. इस दौरान सुरंग में कम से कम 31 श्रमिक काम कर रहे थे. इन सभी को बचा लिया गया है. लॉस एंजिल्स कैलिफोर्निया प्रांत का सबसे बड़ा एवं देश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है. लॉस एंजिल्स मनोरंजन उद्योग, हॉलीवुड, और सुंदर समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध है. यह शहर दुनिया भर में मशहूर हस्तियों, फिल्म, टेलीविजन, और जीवंत सांस्कृतिक दृश्यों के लिए भी जाना जाता है. सीबीएस न्यूज चैनल के अनुसार, लॉस एंजिल्स अग्निशमन विभाग ने बताया कि शहर के विलमिंगटन क्षेत्र में हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. निर्माणाधीन यह सुरंग अपशिष्ट जल प्रबंधन परियोजना का हिस्सा है.



विलमिंगटन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वालीं लॉस एंजिल्स काउंटी पर्यवेक्षक जेनिस हैन ने कहा कि सुरंग के अंदर मौजूद श्रमिकों को घटना के लगभग एक घंटे बाद बचा लिया गया. अग्निशमन विभाग के अनुसार, सुरंग में फंसे 31 निर्माण श्रमिकों में से किसी को भी कोई गंभीर चोट नहीं आई. इन श्रमिकों को लगभग 12 से 15 फुट ऊंचे मिट्टी के ढेर से सुरक्षित निकाला गया. मेयर करेन बास ने कहा कि उन्होंने इन श्रमिकों से बातचीत की है.

### ट्रंप पर गोलीबारी की घटना में छह सीक्रेट सर्विस एजेंट निलंबित

**वाशिंगटन ।** पिछले साल जुलाई में डोनाल्ड ट्रंप पर की गई गोलीबारी में अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने अपने छह एजेंटों को निलंबित कर दिया है. एक अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई पिछले साल 13 जुलाई को पेंसिलवेनिया के बटलर में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास से जुड़ी विफलताओं के सिलसिले में की गई है. एबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, 13 जुलाई, 2024 को हुई गोलीबारी की घटना की बरसी से चार दिन पहले ही इन कर्मियों के निलंबन की पुष्टि की गई है. इस गोलीबारी में ट्रंप का कान खून से लथपथ हो गया था. रैली के दौरान ट्रंप की सीक्रेट सर्विस के काउंटर स्नाइपर्स ने शूटर को मार गिराया था.

## भारतीय ज्ञान प्रणाली को समझने के लिए ग्रंथ और अनुभव दोनों जरूरी : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी । नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली को समझने और पुनर्स्थापित करने के लिए हमें ग्रंथों और अनुभवों दोनों को समान महत्व देना होगा. वे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में आयोजित 'भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर प्रथम वार्षिक शैक्षणिक सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे. उपराष्ट्रपति ने कहा कि ज्ञान केवल पुस्तकों में सीमित नहीं होता बल्कि वह परंपराओं, समुदायों और पीढ़ियों से संचित अनुभवों में भी समाहित होता है. उन्होंने बल दिया



कि शोध के क्षेत्र में संदर्भ और सजीवता से ही सच्चा ज्ञान उत्पन्न होता है, और इसके लिए ग्रंथों और व्यवहारिक अनुभव दोनों को बराबरी से शामिल करना जरूरी है. धनखड़ ने भारतीय ग्रंथों विशेष रूप से संस्कृत, तमिल, पाली, प्राकृत जैसी क्लासिकल भाषाओं में उपलब्ध साहित्य के डिजिटलीकरण की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया. उन्होंने कहा कि यह सामग्री शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए सार्वभौमिक रूप से सुलभ होनी चाहिए. साथ ही, युवाओं को दर्शन, गणना, नृविज्ञान और तुलनात्मक अध्ययन जैसे विषयों में सशक्त प्रशिक्षण देने की भी आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि भारत की वैश्विक शक्ति के रूप में पहचान तभी टिकाऊ होगी जब वह बौद्धिक और सांस्कृतिक गरिमा के साथ खड़ी हो. उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र की असली शक्ति उसकी सोच की मौलिकता और परंपराओं की गहराई में होती है.

**केंद्र सरकार**

## असम, मणिपुर सहित छह राज्यों को एक हजार करोड़ जारी करने को मंजूरी दी, अमित शाह बोले-

# मोदी सरकार हर परिस्थिति में राज्यों के साथ खड़ी है

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने देशभर में मानसून के दौरान भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड सहित छह राज्यों के लिए 1,066.80 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की मंजूरी दी है. केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार बाढ़ प्रभावित छह राज्यों में से असम को 375.60 करोड़ रुपये, मणिपुर को 29.20 करोड़ रुपये, मेघालय को 30.40 करोड़ रुपये, मिजोरम को 22.80 करोड़ रुपये, केरल को 153.20 करोड़ रुपये और उत्तराखंड को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से केंद्रीय अंश के



रूप में 455.60 करोड़ रुपये दिए गए. ये राज्य इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान अत्यधिक भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं.

इस वर्ष, केंद्र सरकार पहले ही एसडीआरएफ से 14 राज्यों को 6,166.00 करोड़ रुपये और एनडीआरएफ से 12 राज्यों को 1,988.91 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है. इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएमएफ) से 5 राज्यों को 726.20 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से 2 राज्यों को 17.55 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं. केंद्र सरकार ने बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित सभी राज्यों को आवश्यक एनडीआरएफ टीमों, सेना और वायु सेना की टीमों की तैनाती सहित सभी प्रकार की रसद सहायता भी प्रदान की है. मौजूदा मानसून के दौरान 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राहत और बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ की 104 टीमें तैनात की गई हैं. इसके साथ ही, सेना और वायु सेना को भी जरूरत के अनुसार सक्रिय किया गया है. इस निर्णय के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि मोदी सरकार हर परिस्थिति में राज्यों के साथ दृढ़ता से खड़ी है और पीड़ितों को राहत पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, केरल और उत्तराखंड राज्यों के लिए राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के अंतर्गत केंद्रीय हिस्से के रूप में 1066.80 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है. शाह ने कहा कि इस वर्ष 19 राज्यों को एसडीआरएफ व राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) निधि से 8000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है. वित्तीय सहायता के अलावा आवश्यक एनडीआरएफ, सेना और वायु सेना की तैनाती सहित सभी रसद सहायता प्रदान करना हमारी प्राथमिकता रही है.

### स्टेट लेवल टेनिस खिलाड़ी राधिका की गोली मारकर हत्या

**गुरुग्राम ।** गुरुग्राम के सेक्टर 57 में जहां स्टेट लेवल टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की उसके ही पिता ने गोली मारकर हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की. पुलिस के मुताबिक, वारदात गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे सेक्टर 57 के एक मकान में हुई, जहां राधिका अपने परिवार के साथ रहती थी. परिवार में उस समय आपसी विवाद हुआ, जिसके बाद पिता ने गुस्से में आकर राधिका पर एक के बाद एक तीन गोलियां चला दीं. गोलियां लगने के बाद राधिका को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे बचा नहीं सके. राधिका यादव स्टेट लेवल की जानी-मानी टेनिस खिलाड़ी थीं.

### कर्नाटकः महिलाओं की अश्लील तस्वीरें पोस्ट करने वाला युवक गुरदीप सिंह हुआ गिरफ्तार

**बेंगलुरु ।** इंस्टाग्राम पर बिना अनुमति महिलाओं के वीडियो और तस्वीरें पोस्ट करने के आरोप में 26 साल के गुरदीप सिंह को बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ एक महिला ने अपना वीडियो वायरल होने के बाद शिकायत की थी. आरोपी गुरदीप कॉमन रेग्युलर वीडियो बनाने के बहाने महिलाओं को टारगेट करता था और उनका वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट करता था. बेंगलुरु पुलिस के मुताबिक, आरोपी गुरदीप सिंह आरके पुरम इलाके में अपने भाई के साथ रहता है. होटल मैनेजमेंट में ग्रैजुएट गुरदीप इन दिनों बेरोजगार था. वह चर्च स्ट्रीट पर अव्यवस्था को फिल्माने के बहाने महिलाओं का वीडियो बनाता था.







मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)